जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11




खेल

**जादुई गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले सुनील नारायण ने जड़ा टी-20 करियर का पहला शतक**

Page 10



देश

**एलजी का केजरीवाल को खुला पत्र, कहा- सरकार की नाकामियों के कारण दिल्ली बेहाल**


शुक्ल पक्ष मघा संवत 2081


• औरंगाबाद • गुरूवार • 18 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 127 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74, 130 | ₹86,500 |





## आज का इतिहास

- **1885 :** आधुनिक भारत के दिग्गज हिंदी कवि और लेखकों में से एक भारतेंदु हरिश्चंद्र का निधन हुआ।
- **1947 :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन का विभाजन स्वीकार किया।

## न्यूज बाइट्स

### भगवान राम की शोभायात्रा में शामिल हुए मंत्री आर.के सिंह

**आरा (नि. सं.)।** आरा में रामनवमी को लेकर भगवान राम की भव्य आरती के बाद पूरे शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में शहर के हजारों राम भक्त शामिल थे। जिससे पूरा शहर राममय नजर आया। इस दौरान पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गूंजने लगा। इस शोभायात्रा में रामायण से भगवान राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हुए करीब 40 से अधिक झांकियां निकाली गई। राम-सीता वनवास से कई तरह के आकर्षित करने वाली झांकी जुलूस में शामिल हुई। वहीं आरा के गौपालीचौक के पास केंद्रीय मंत्री आर.के सिंह द्वारा भगवान राम की आरती की गई। इसके बाद शोभा यात्रा शहर के लिए निकली। इस दौरान आर.के सिंह ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। यह एक विशेष रामनवमी है। यह हिंदुओं की आस्था का पुनर्जागरण रामनवमी है।

### बिहार के 13 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

**पटना (नि. सं.)।** बिहार के सभी जिलों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बढ़ते तापमान के साथ गर्मी से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। राजधानी पटना समेत बिहार के 13 जिलों का तापमान मंगलवार को 40 डिग्री के ज्यादा दर्ज किया गया। वहीं, आज भी प्रदेश के सभी जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा। पिछले कुछ दिनों के मुताबिक अधिक गर्मी का एहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ शुष्क हवा ने पटना समेत राज्यभर में जोर पकड़ लिया है। इस वजह से राज्य के अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

### झारखंडः बी.एड. संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**रांची (झारखंड) (नि।सं।)।**, अगर आप झारखंड में आयोजित होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थी हैं तो आपके लिए बड़ी खबर है। दरअसल झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक जारी कर दिया है। संबंधित अभ्यर्थी पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। बीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 21 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 10:30 से 12:30 बजे संचालित होंगी। इस प्रवेश परीक्षा में लगभग 54000 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका और पलामू जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न केंद्रों पर होगी। प्रवेश परीक्षाफल के आधार पर अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग होगी। बता दें कि इसी परीक्षा के आधार पर बीएड, एमएड, बीपीएड व एमपीएड पाठयक्रमों में अभ्यर्थियों का नामांकन होगा।

# बिहार की चार सीटों पर थमा चुनाव प्रचार

## बिहार की चार सीटों पर 19 अप्रैल को होगा मतदान, मैदान में 38 प्रत्याशी

**निज संवाददाता | पटना**

बुधवार को थम गया पहले चरण का चुनाव प्रचार, बिहार की 4 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा, जिसमें जमुई, नवादा, औरंगाबाद और गया शामिल है। 4 सीटों पर 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। अब सभी प्रत्याशियों तथा राजनीतिक दलों की नजरें बूथों पर टिक जायेंगी। शुक्रवार 19 अप्रैल को बिहार की दो सुरक्षित लोकसभा क्षेत्रों गया, जमुई तथा दो सामान्य संसदीय क्षेत्रों नवादा तथा औरंगाबाद में मतदान होंगे। राजनीतिक दलों ने पहले चरण की चार सीटों पर अपनी कमर कस ली है। गठबंधन के तमाम दलों को जोड़कर एकजुटता की कोशिश हो रही है।

एनडीए में जहां पांच दल भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), हम व रालोमो हैं वहीं महागठबंधन में छह दल- राजद, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, माले तथा वीआईपी। दोनों गठबंधन आपस में बेहतर समन्वय बनाकर एक-दूसरे के वोट को ट्रांसफर कराने के प्रयासों में लगे हैं। इसको लेकर बनी रणनीति पर फूंक-फूंक कर अपने कदम बढ़ा रहे हैं। एनडीए की बूथस्तर पर समन्वय समिति बनी है। नेताओं, राज्य सरकार के मंत्रियों की सभाएं लगाई जा रही हैं। नेताओं द्वारा क्षेत्र में कैम्प किया जा रहा है। वहीं महागठबंधन के दलों ने भी निचले स्तर पर अपने प्रमुख नेताओं की सूची आपस में साझी की है, ताकि ग्रासरूट तक एक बेहतर तालमेल बन सके।

पहले चरण की चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशियों की साख प्रतिष्ठा पर लगी है। गया में पूर्व सीएम जीतनराम मांझी तथा पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत तो औरंगाबाद में वर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह तथा राजद के अभय कुशवाहा आमने-सामने हैं। नवादा में भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर, राजद उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा, निर्दलीय विनोद यादव तथा गुंजन कुमार समेत आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। जमुई में लोजपा आर के अरुण भारती तथा राजद की अर्चना कुमारी के साथ कुल 78 उम्मीदवार ताल ठोंक रहे हैं।

बिहार में महागठबंधन के दलों की राज्य स्तर पर समन्वय समिति (को-ऑडिनेशन कमेटी) बनी है। लगभग एक पखवारा पूर्व समिति की बैठक हुई थी, लेकिन फिर दूसरी बैठक नहीं हो सकी है। कांग्रेस सहित साथी दलों को कमेटी की बैठक का इंतजार है। महागठबंधन दलों के नेताओं का कहना है, राज्यस्तर पर समन्वय समिति की भले ही बैठक नहीं हो रही है, लेकिन जिलास्तर पर सहयोगी दलों के नेताओं के बीच बेहतर समन्वय है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में सभी साथी दलों के नेता चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में एनडीए नेताओं के साझा कार्यक्रम को लेकर ठोस रणनीति बनी हुई है। इसके तहत जदयू और भाजपा के नेता रोज बैठक कर इसका निर्धारण करते हैं। इसको लेकर दोनों ही दलों के नेताओं की जवाबदेही तय है, जो अन्य घटकदलों के साथ-साथ उम्मीदवारों से भी बात करते हैं। किस क्षेत्र में किन नेताओं की मांग आ रही है, यह भी देखा जा रहा है। इसके बाद तय होती है कि किन कार्यक्रमों एनडीए के कौन-कौन नेता शामिल होंगे। वहीं, जिलों में भी आपसी समन्वय बनाकर पार्टियां काम कर रही हैं।

उधर जदयू मुख्यालय में राज्यभर की चुनावी तैयारी की रिपोर्ट जिलों से ली जाती है। जदयू की चुनाव अभियान समिति हर घटना-कार्यक्रम पर नजर रखी हुई है।




### पहले चरण में कुल 38 उम्मीदवार

बिहार के चार सीटों पर कुल 38 उम्मीदवार चुनावी दंगल में ताल ठोक रहें है। इनकी प्रतिष्ठा दांव पर होगी। बिहार की दो सुरक्षित लोकसभा क्षेत्रों गया, जमुई जबकि दो सामान्य संसदीय क्षेत्र नवादा तथा औरंगाबाद में मतदान होंगे। सुरक्षित सीट गया से पूर्व सीएम जीतन राम मांझी एनडीए के कंडिडेट है तो उनके सामने इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत ताल ठोक रहें है। औरंगाबाद में वर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह चुनावी दंगल में है तो उनके सामने राजद के अभय कुशवाहा हैं। नवादा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर राजक उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा टकरा रहें है। जमुई में लोजपा से अरुण भारती के सामने राजद की अर्चना कुमारी ताल ठोंक रहीं हैं।

### क्या है प्रावधान

निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले चुनावी प्रचार रोकना होता है। लाउड स्पीकर,रैली,जनसभा,रोड शो आदि पर पाबंदी लग जाती है। किसी भी दल के उम्मीदवार यदि जन सभाएं,रैला,रोड शो आदि करते पाए जाएंगे तो उन पर आदर्श आचार संहिता उल्लंन का मुकदमा दर्ज किया जाएंगा। निर्वाचन पदाधिकारी एफआईआर दर्ज करेंगे।

### पीएम से लेकर सीएम तक की सभाएं

पहले चरण के मतदान के पहले पाएम नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,यूपी सीएम आदित्यनाथ योगी,बिहार सीएम नीतीश कुमार,लोजपा नेता चिराग ने इन सीटों पर पूरी ताकत से चुनावी प्रचार किए हैं। इधर,इंडिया गठबंधन ने भी एनर्जी के साथ चुनावी मैदान में अपने उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा है।

# पुरी के बीच पर प्रभु राम लला की रेत से बनी प्रतिमूर्ति लोगों का बना आकर्षण का केंद्र




**पुरी (ओडिसा) (ए.)।** अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त रेत शिल्प कलाकार सुदर्शन पटनायक ने राम नवमी के अवसर पर यहां पुरी समुद्र तट पर प्रभु श्री राम लला की रेत से प्रतिमूर्ति बनायी है जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी है। सात फीट ऊंची और 20 फीट लंबी इस प्रतिमूर्ति को बनाने में सुदर्शन ने करीब 12 टन रेत का उपयोग किया है। उनके रेत शिल्पकला संस्थान के छात्रों ने मूर्तिकला को पूरा करने के लिए उनका हाथ बंटाया। सुदर्शन ने कहा कि पहले उन्होंने अलग-अलग मौकों पर श्रीराम की रेत से कई मूर्तियां बनाई हैं, लेकिन इस बार यह बिल्कुल अलग है। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सुदर्शन ने 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेतशिल्प कला प्रतियोगिताओं और समारोहों में भाग लिया है और देश के लिए कई पुरस्कार जीते हैं।

## सीबीएसई : ग्यारहवीं में नामांकन शुरू

**पटना (नि.सं.)।** सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा समाप्त हो चुकी है। इसके साथ ही 11वीं में नामांकन की तैयारी स्कूलों ने शुरू कर दी है। कई स्कूलों ने नामांकन के लिए आवेदन देना भी शुरू कर दिया है। डीएवी जहां 18 अप्रैल तक 11वीं का नामांकन फार्म दे रहा है, वहीं संट माइकल, लोयेला हाईस्कूल भी 11वीं नामांकन के लिए आवेदन ले रहा है। स्कूलों की ओर से अभी प्री बोर्ड रिजल्ट और प्रवेश परीक्षा में मिले अंक के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा, रिजल्ट और नामांकन प्रक्रिया अप्रैल में समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही मई के पहले सप्ताह से कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। बता दें कि अब तक 11वीं में प्रोविजनल नामांकन का मौका सिर्फ अपने स्कूल में ही मिलता था, लेकिन पहली बार कई स्कूलों ने दूसरे स्कूल के छात्रों को भी आवेदन करने का मौका दिया है। इससे अन्य स्कूल के छात्रों को अपनी पसंद के स्कूल में नामांकन मिल पाएगा। खासकर बिहार बोर्ड के छात्रों के लिए यह सुनहरा मौका है।

### गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद के वोटरों से बोले सम्राट चौधरी

## विकसित भारत के लिए भाजपा को दें वोट : सम्राट चौधरी

**निज संवाददाता | पटन**



लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार का शोर बुधवार शाम को थम गया। अब सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता व्यक्तिगत संपर्क से अपने उम्मीदवारों को वोट देने की अपील कर रहे हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने लोगों से पीएम नरेंद्र मोदी के विकास और लोक कल्याणकारी कार्यों पर वोट डालने की अपील की है। पटना में पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष और नीतीश सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने आरजेडी को गुंडों की पार्टी बताते हुए लालू यादव को अपराधियों का प्रतीक करार दिया। पहले चरण में बिहार की चार लोकसभा सीटों नवादा, गया, जमुई और औरंगाबाद में चुनाव हो रह हैं। इसके तहत 19 अप्रैल शनिवार को वोटिंग होगी। इससे पहले मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान ख़त्म हो गया है। परसो 4 सीटों पर मतदान होना है। भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए सभी लोग वोट करें। आम मतदाता मोदीजी को वोट करें ताकि विकसित भारत का निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में 4 करोड़ गरीबों को घर दिया गया है। सरकार की नई योजना में 3 करोड़ और घर बनेंगे। हमारे राज्य बिहार में 55 लाख परिवारों को घर बनाने का अवसर दिया गया।। उन्होंने बताया कि नये घर तो बनेंगे ही, पुराने घरों की मरम्मती भी की जाएगी। कहा कि 1996 से पहले बने घरों की मरम्मत कराने की योजना पास हो गयी है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों तक गरीब और पिछड़े तबके के लोगों को न सिर्फ 5 किलो मुफ्त अनाज दिए जाएंगे बल्कि इन लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के इलाज की मुफ्त वाली सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में भी एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा। जल्द ही बिहार एक्सप्रेसवे की सुविधा से लैस होगा।

नौकरी क्रेडिट पॉलिटिक्स पर सम्राट चौधरी ने कहा कि कुछ लोग बढ़ चढ़कर बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें बताना चाहिए कि अपने विभाग में एक भी नौकरी क्यों नहीं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में नौकरी का सृजन एनडीए सरकार ने किया था। जब महागठबंधन की सरकार बनी तो उसे लागू कर जमीन पर उतारा गया। नौकरी का क्रेडिट लेने वालों को याद रखना चाहिए कि लालू-राबड़ी राज में 1 लाख को भी नौकरी नहीं दी गई। सम्राट चौधरी ने कहा कि 94 लाख परिवारों को दो-दो लाख की सहायता दी जाएगी।

# कार और ट्रेलर की टक्कर में 10 की मौत

**एजेंसी | वडोदरा (अहमदाबाद)**

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर बुधवार को नडियाद के पास एक भीषण हादसा हो गया। यहां एक कार ट्रेलर के पीछे जा घुसी, जिससे 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इनमें से आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। मृतकों की संख्या अभी भी बढ़ने की आशंका है। बता दें कि कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी, तभी एक्सप्रेस हाईवे पर नडियाद के पास पहुंचते समय एक ट्रेलर के पीछे से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि कार पलट गई। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर आपातकालीन 108 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हादसे के बाद अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर ट्रैफिक जाम हो गया है। हादसे की जानकारी मिलने पर राहगीर ने शवों को कार से निकालने में पुलिस की मदद की। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रैफिक को भी डायवर्ट कर दिया गया है।



## सड़क हादसे में बाइक सवार चार युवकों की मौत

**लातेहार (झारखंड) (नि.सं.)।** झारखंड के लातेहार में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जिसमें बाइक सवार चार युवकों की मौत हो गयी है। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना मंगलवार देर रात बालूमाथ थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायलों को इलाज के लिए बालूमाथ अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# अब हर बच्चे का होगा आधार कार्ड, स्कूल में एडमिशन के लिए हुआ अनिवार्य

**निज संवाददाता | पटना**



जिले के निजी व सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से 12वीं के बच्चों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। स्कूलों में नामांकित बच्चों का आधार कार्ड बनाने का काम शुरू है। जिला शिक्षा कार्यालय के रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक माह में जिले के 16 हजार 134 बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया। केवल बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए जिले में 46 केंद्र का चयनित किए गए हैं। इनमें से 27 केंद्रों पर आधार कार्ड बनाने एवं सुधार का काम जारी है जिले के प्रत्येक प्रखंड में दो आधार केंद्र निर्धारित करने का लक्ष्य है। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार बाकी बचे 19 आधार केंद्र पर अप्रैल के अंत तक आधार बनाने का काम शुरू हो जाएगा। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए भी आधार कार्ड को बैंक अकाउंट से लिंक करवाना अनिवार्य है। जिन बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं है उनका आधार कार्ड निशुल्क बनाया जा रहा है। जिनके पास आधार कार्ड है उसमें कुछ गलती रह गई तो उसमें सुधार के लिए 50 से 100 रुपये अभिभावकों को खर्च करना होगा। जिला शिक्षा कार्यालय ने कहा है कि आधार कार्ड बनाने के लिए आपरेटर द्वारा अभिभावकों से पैसे लेने की शिकायतें आ रही है। संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापकों से कहा गया है कि वे अपनी निगरानी में बच्चों का आधार बनवाएं और पैसे की मांग की जाती है तो इसके शिकायत करें।

## लालू यादव के करीबी बालू कारोबारी के घर ईडी की छापेमारी

**रोहतास (नि.सं.)।** रोहतास जिले में कोचस प्रखंड के श्रीपालपुर गांव में बालू कारोबार से जुड़ी कंपनी मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह के घर पर प्रवर्तन निदेशालय छापेमारी कर रही है। ईडी की यह रेड लगभग छह घंटे से जारी है। जितेंद्र के घर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, जितेंद्र कुमार सिंह राष्ट्रीय जनता जल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी हैं। छापेमारी के संबंध में ईडी का कोई अधिकारी कुछ बताने से परहेज कर रहे हैं।

# बिहार से यूपी और झारखंड जाकर अपनों से मिलना आसान, 15 रूटों पर दौड़ेंगी बसें

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार यूपी और झारखंड से परिवहिन व्यवस्था और बेहतर बनाएगी। इसके लिए चयनित मार्गों पर नयी बसें चलाने की योजना है। इन दोनों राज्यों के 15 मार्गों पर बसें दौड़ेंगी। बसों के परिचालन के लिए बिहार से यूपी के लिए 5 मार्गों पर जबकि झारखंड के 10 मार्गों का चयन किया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों यूपी और झारखंड के शहरों को जोड़ने के लिए और बसें चलाने की योजना को हरी झंडी दी है। इसके बाद पथ परिवहन निगम ने इसकी व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। निगम के अनुसार यूपी के लिए 15 बसें चलेंगी जबकि झारखंड के लिए 60 बसों के परिचालन की योजना है। हालांकि भविष्य में अन्य मार्गों पर भी जरूरत के अनुसार बसों के परिचालन की योजना है। पिछले दिनों सर्वे में यह बात सामने आयी है कि इन अंतर्राज्यीय मार्गों पर बसों की आवश्यकता बढ़ी है। उनकी मांग है। क्योंकि इन रूटों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। यही नहीं यात्रियों की संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी भी हुई है। लेकिन, इन मार्गों पर आवश्यकतानुसार बसें नहीं चल रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार ने दोनों राज्यों के लिए बसों के परिचालन का फैसला किया है। इन रूटों में दोनों राज्यों के कई और जिले, कस्बे और ग्रामीण इलाके भी सीधे जुड़ेंगे। राज्य के अंदर 120 मार्गों पर नयी बस चलाने की योजना है। इन मार्गों पर 376 बसों की आवश्यकता बतायी गयी है। ये सारे मार्ग राज्य के अंदर के हैं और कई जिलों को जोड़ते हैं। यही नहीं इसमें लगभग सारे प्रमुख शहरों को अन्य शहरों या जिला मुख्यालय से जोड़ने की योजना है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण छोटे शहर भी हैं, जहां बसों के परिचालन की जरूरत महसूस की गयी थी। पिछले दिनों राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में बसों के परिचालन को लेकर आम लोगों की जरूरतों का आकलन किया था।




### यूपी के लिए मार्ग

सीवान- गोरखपुर 02, रक्सौल-गोपालगंज-गोरखपुर 03, रक्सौल- मोतिहारी-गोरखपुर 03, छपरा-गोरखपुर 05, मोतिहारी-गोरखपुर 02

### झारखंड के लिए

पटना-रांची 06, पटना-टाटा 06, पटना-हजारीबाग 06, नवादा-हजारीबाग 06, पटना-डाल्टेनगंज 06, गया-हजारीबाग 06, गया-रांची 06, नवादा-रांची 06, नवादा-गिरीडीह 06, सीतामढ़ी-टाटा 06



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### नरहट में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग लाखों का नुकसान



**संसू, जागरण नरहट (नवादा)।** बुधवार को थाना क्षेत्र के नरहट पश्चिम टोला के खेत में लगी गेहूं की खड़ी फ़सल में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी आग की तरह फैल गई। गांव में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना स्थानीय नरहट थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह को दिया गया। थानाध्यक्ष ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। खुद थानाध्यक्ष दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुचे और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने में जुट गए। पुलिस एवं अग्निशमन विभाग के कर्मियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी की घटना में बताया जाता है कि किसान राम प्यारे सिंह के खेत में पौने दो बिगहा, संजय सिंह के खेत में ढाई बिगहा, लाली सिंह करीब एक बिगहा, विभूति सिंह करीब एक बिगहा, उपेंद्र सिंह करीब तीन बिगहा खेत में लगा गेहूं की फसल जल कर खाक हो गया। इस आगजनी की घटना में किसानों का लाखों का नुकसान हो गया। गेहूं की तैयार फसल को जल जाने से किसानों में मायूसी छा गई है। गेहूं के खेत में आग कैसे लगी इसका कारणों का पता नही चल सका है। खेत में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से किसानों का मुंह से निवाला छीन गया। कड़ी मेहनत और लाखों पूंजी के बाद फसल तैयार होता है जिसको आग ने घंटों में नष्ट कर दिया।

### थ्रेसर की चिंगारी से अमरपुर पंचायत के मुखिया सच्चिदानंद सिंह का 10 बीघा का गेहूं जलकर स्वाहा

**बरौनी/ बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड स्थित अमरपुर पंचायत के दियारा में दिन के लगभग 1:00 बजे के करीब थ्रेशिंग करने के दौरान थ्रेसर की चिंगारी से लगभग 10 बीघा गेहूं का बोझा के साथ-साथ लगभग 50 बोरा गेहूं और भूसा सहित जलकर राख हो गया। चश्मदीदों द्वारा बताया गया है कि, थ्रेशिंग करने के दौरान एका-एक थ्रेसर से चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग गेहूं का पूजा और दौनी किया हुआ गेहूं को अपने आगोश में ले लिया। आग की लपटें तुरंत इतनी तेज हो गई कि वहां के लोग धूप की गर्मी और आग की गर्मी से भागने लगे । आनंन फानन में वहां गेहूं का फसल काट रहे मजदूरों तथा किसानों ने बोरिंग के माध्यम से तथा बगल के खेत को जोत कर आग पर काबू पाया ,अन्यथा आग पर काबू होना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन था।

### रेलवे आरक्षी उपअधीक्षक(डी एस पी) गौरव पांडे के नेतृत्व में थाना परिसर में नीम का 10 पेड़ लगाया

**बरौनी/ बेगूसराय।** पूर्व मध्य रेलवे सोनपुर मंडल के बरौनी जंक्शन रेल राजकीय थाना परिसर में आरक्षी उपाधीक्षक( डीएसपी) गौरव पांडे के नेतृत्व में वृक्षारोपण के तहत 10 पेड़ नीम का लगाया। जिसमें रेल राजकीय थाना के सभी जवान शामिल हुए।

### संत चिदात्मनजी महराज के प्रतिनिधियों के द्वारा जय मंगला गढ़ में ध्वजारोहण

**मंझौल बेगूसराय।** रामनवमी के अवसर पर 52 शक्तिपीठों में एक जयमंगलागढ़ में संत चिदात्मनजी जी महाराज के प्रतिनिधि निरंजन सिंह एवं पप्पू त्यागी के द्वारा पूजा अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया गया। कुमारी कन्यायों के अतिरिक्त उपस्थित श्रद्धालुओं को भी प्रसाद खिलाया गया। श्रद्धालुओं के अनुसार रामनवमी के अवसर पर प्रतिवर्ष संत चिदात्मन जी महाराज जयमंगलागढ़ में ध्वजारोहण करते थे। अस्वस्थ रहने के कारण संत चिदात्मनजी महाराज इस वर्ष जय मंगला गढ़ नहीं पहुंच सके। मौके पर अयोध्या के संत सच्चिदानंद शरण, पूर्व मुखिया अरुण सिंह, बारहगामा समिति के पश्चिमी जोन के अध्यक्ष उमाकांत सिंह, सचिव अमरेश सिंह, अरविंद सिंह, रवि शंकर सिंह, पुरोहित बलभद्र झा महिला श्रद्धालु रिंपा कुमारी समेत अन्य पुरुष एवं महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आगलगी में एक एकड़ गन्ने की फसल जलकर राख

**छौड़ाही बेगूसराय।** सिहमा पंचायत के इब्राहिमपुर डोभ बहियार में बुधवार की दोपहर गन्ने की फसल में अचानक आग लग गयी। आगलगी में स्थानीय किसान प्रभाशंकर सिंह के 1 एकड़ में लगी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि बहियार में पड़े पराली को जलाने के उद्देश्य किसी किसान ने अपने खेत में आग लगाई थी। इसी क्रम में आग की चिंगारी ने गन्ना की फसल को अपने चपेट में ले लिया। इधर आग लगते ही स्थानीय किसानों ने डायल 112 की टीम को फोन किया। जहां पुअनि संजीत कुमार शर्मा मौके पर पहुँचकर अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना देते उससे पूर्व ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

### रामनवमी के साथ ही नौ दिवसीय चैती नवरात्र सम्पन्न

**भगवानपुर/बेगूसराय।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी के साथ ही बुधवार को नौ दिवसीय चैती नवरात्र सम्पन्न हो गया। वहीं प्रतिमा का विसर्जन अगले दिन किया जायेगा। रामनवमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के अतरुआ चौक पर सीताराम संकीर्तन अष्टयाम का आयोजन किया गया वहीं उक्त अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा हनुमान जी सहित सीताराम भगवान की पूजा आराधना के उपरांत मंदिर व घरों में पताका फहराये गये।पुरा प्रखंड क्षेत्र उक्त अवसर भक्तिमय वातावरण में समाया रहा।

### छेड़-छाड़ एवं मारपीट को ले वाल्मीकि नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज

**बेतिया।** वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा कैलाश पुर धांगड टोली,की निवासी रमावती देवी पति बीगू धांगड ने अपने ही गांव के आठ लोगो के विरुद्ध मारपीट एवं छेड़छाड़ करने एवं धारदार हथियार से जख्मी करने का आरोप लगाते हुए। प्राथमिकी दर्ज में कराई है। आवेदन मे बताया गया है कि 15 अप्रैल की रात्री करोब 8:15 बजे मेरे घर में राजदेव मल्लाह मेरा दरवाजा खुलवाकर घर में घुस गया। पूछने पर बोला कि दारू लाकर दो हमको पीना है। इसके साथ ही वह मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। मना करने पर मेरा कपड़ा फाड़ने लगा। इसका विरोध करने पर वह चाकू निकाल लिया। वह शराब ने नशे में चूर था। जब मैं चिलाने लगी तो मेरे अगल-बगल के लोग आ गए । राजदेव के घर से मनोज मल्लाह, सिन्धू देवी, मुन्नी देवी, विरजु मल्लाह, मणी कुमार, मोहित कुमार, सुनिल कुमार, चमरावती देवी सभी धनहा टोला एवं अन्य व्यक्ती सभी दोड़ते हुए हाथ में लाठी-डण्डा तेज धारदार हथियार लेकर हमला बोल दिया। जिसमे मेरा लड़का मुन्ना धांगड और विशाल धांगड को चारो तरफ से घेर कर धारदार हथियार से राजदेव मल्लाह मारने पीटने लगा।

### महिला बाइक से गिरकर घायल

**बेतिया।** वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के तीन नंबर पहाड़ उपरी शिविर निवासी सतीश चंद्र सिन्हा की 60 वर्षीय पत्नी माधुरी सिन्हा नरदेवी मंदिर के समीप बाइक के पीछे से बैठ कर घर जा रही थी। तभी असंतुलित होकर सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से जख्मी हो गई।उन्हे स्थानीय लोगों व स्वजन की मदद से एक निजी क्लीनिक लाया गया। जहां चिकित्सक की देखरेख में जख्मी महिला का इलाज जारी है। वहीं जख्मी महिला के सर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सक ने सीटी स्कैन की सलाह दी है।

# महान सम्राट अशोक की 2368वीं जयंती समारोह पर अशोक रत्न सम्मान

निज संवाददाता। **पटना अखिल भारतीय**



युवा कुशवाहा समाज (भारत) के तत्वावधान में सम्राट अशोक की 2368वीं जयंती समारोह सह शसम्राट अषोक रत्न अवार्ड गौतम बुद्ध विहार, दारोगा राय पथ, पटना-1 में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध परम्परा के अनुसार बौद्ध भिक्खु प्रज्ञादीप, माननीय सम्राट चौधरी, उप-मुख्यमंत्री, बिहार एवं माननीय उमेश सिंह कुश् वाहा, प्रदेष अध्यक्ष, जदयु, बिहार के द्वारा बुद्ध बंदना एवं उपासकों को त्रिशरण पंचशील प्रदान कर तथागत बुद्ध एवं सम्राट अशोक की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर की गयीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागमणि कुश् वाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) एवं मंच संचालन राष्ट्रीय सलाहकार डॉ० मुकेश कुमार ने किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जयंती मनाने का मूल उद्देश्य फिर से अखण्ड भारत का निर्माण एवं विश्व के आम नागरिकों के बीच आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना है। साथ ही कहा कि सम्राट अशोक की नीतियों को अपनाकर भारत देश विश्व गुरु बन सकता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक के रास्ते से भटकने के कारण ही भारत गुलाम एवं खण्ड-खण्ड हुआ। आज जागृति आ रही है। आज सम्पूर्ण भारत सम्राट अशोक के नारों से गूंज रहा है। जनभावना का आदर करते हुए केन्द्र सरकार को विहार की तर्ज पर चैत्र शुल्क पक्ष अष्ठमी को एक दिन का राष्ट्रीय अवकाश एवं राष्ट्रीय समारोह घोषित कर देना चाहिए। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक श्रीनाथ सिंह बौद्ध ने कहा कि विश्व युद्ध की विभीषिका की ओर बढ़ रहे देशो में शांति के लिए हमें फिर से सम्राट अशोक की नीतियों को अपनाना होगा। राष्ट्रीय सलाहकार डॉ० मुकेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार सम्राट अशोक के प्रतीक चिन्हों को भारत गौरव के रुप में विश्व पटल पर संदेश देने का काम करे। भारतीय मुद्रा (रुपया) पर पुनः अशोक स्तम्भ को प्रेषित करें। बिहार प्रदेश अध्यक्ष हरि ओम कुशवाहा ने कहा कि शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण के लिए अशोक शासन व्यवस्था जरुरी है। आगत अतिथियों का अभिनन्दन गौतम बुद्ध विहार के महासचिव डॉ० कमल प्रसाद बौद्ध एवं प्रदेश अध्यक्ष, बिहार हरिओम कुशवाहा ने पंचशील, अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर शसम्प्राट अशोक रत्न अवार्ड से सम्मानित डॉ० सुदीश कुमार, मनोज मेहता, आचार्य मुन्ना प्रसाद, पल्लवी पटेल, किरण कुशवाहा, अमलेन्दु मिश्रा, आरती देवी, सुजीत कुमार, संजय कुमार, अजीत कुमार वर्मा, सूर्यमणि सिंह, मनोज कुशवाहा एवं अरूंजय मेहता वारिसलीगंज को समाजसेवा के लिये सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामेश्वर महतो, सदस्य विहार विधान परिषद्, पूर्व मंत्री माननीय बसावन भगत, ब्रजकिशोर सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, राष्ट्रीय सचिव मनोज कुश्वाहा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा, पृथ्वी राज भारत, राजेश कुशवाहा, जगदीश मेहता, नीतीश कुशवाहा, सुजीत रंजन मौर्य, ललिता कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा, राधिका पटेल, अरूण पटेल, सूर्यमणी सिंह, अविनाश कुमार, मुन्ना महतो समेत हजारों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।

### खखना में अगलगी की घटना में छह घर जला, आग बुझाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक दर्जन घायल

**भगवानपुर बेगूसराय**

भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकिया पंचायत के खखना गांव के वार्ड संख्या 5 में बुधवार को खाना बनाने के दौरान अचानक आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों का घर व पड़ोस सहित कुल छह लोगों का घर जलकर राख हो गया । वहीं इस अगलगी की घटना में आग बुझाने के दौरान करीब एक दर्जन लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि खखना निवासी स्व बैजू तांती की पत्नी गीता देवी के घर में अचानक आग लग गई।इस दौरान एक ही परिवार के संजय तांती ,विजय तांती,राजा तांती सहित परिवार के सदस्यों का घर सहित पड़ोस के उमेश साह का घर जल कर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में अग्नि पीड़ितों का झोपड़ीनुमा घर सहित कपड़ा, अनाज, बर्तन, जेवरात सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।वहीं इस अगलगी की घटना में आग बुझाने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से स्थानीय ग्रामीण रामविलास तांती , श्रवण कुमार, चंदन कुमार, अमरेश कुमार, गुड्डू कुमार, संदीप कुमार ,नटवर कुमार, सीमा देवी, राम विनय सिंह ,लक्ष्मण कुमार, संजीत तांती जख्मी हो गए।

# घरों एवं मंदिरों में धुमधाम से मनाई गई रामनवमी की पूजा

निज संवाददाता। **रजौली**



नगर पंचायत व आसपास को इलाकों में धूमधाम और श्रद्धा से रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मुख्यालय के सभी हनुमान मंदिरों एवं ठाकुरबाड़ी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।ठाकुरबाड़ी में रामनवमी पर राम-सीता और लक्ष्मण की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया।विशेष रूप से रजौली के बजरंगबली चौक मंदिर,पुरानी बस स्टैंड स्थित बजरंगबली मंदिर एवं राजशिवाला मंदिर के समीप स्थापित पंचमुखी मंदिर में धूमधाम से पूजा-अर्चना कराई गई।रामनवमी पर्व को देखते हुए मंदिरों को फूल-मालाओं से सजाया गया।वहीं चैत्र नवरात्र के नवमीं को शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मां दुर्गा के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।रामनवमी का पर्व पर भक्त सुबह से ही पूजा पाठ में लगे रहे। पूजा करने के लिए मंदिरों में लंबी कतार देखी गई।हाथ में केसरिया झंडे,माथे पर लाल टीका व जयश्री राम के जयकारे गूंजते रहे।मंदिर के बाहर का नजारा भी कम उत्साहवर्धक नहीं था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडाल भी लगाए गए।ग्रामीण अपने आंगन में केशरिया पताका व झंडे को लकाकर धूमधाम से पूजा अनुष्ठान करते दिखाई दिये।पंचमुखी मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर पंडित,ठाकुरबाड़ी के पुजारी दिनेश पाण्डेय व पुरानी बस स्टैंड के पुजारी घनश्याम पाण्डेय के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ रामनवमी पूजा संपन्न कराया गया।वहीं घरों में पूजा आदि सम्पन्न होने के बाद भंडारा का आयोजन भी किया गया।

## राजवंशी समाज ने गोलबंद होकर लिया भाजपा को वोट देने का लिया निर्णय,बिचौलियों से सावधान रहें लोग

निज संवाददाता। **रजौली**



प्रखण्ड के अमावां पश्चिमी पंचायत के दरियापुर गांव में राजवंशी समाज के जिलाध्यक्ष चन्दन राजवंशी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई।बैठक में अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी,मेसकौर के जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र राजवंशी,सिरदला पूर्व प्रमुख हरिश्चंद्र राजवंशी,भाजपा पूर्व प्रत्याशी चंद्रिका राजवंशी,चंदर राजवंशी,सुरेंद्र राजवंशी,बादल कुमार,मिथलेश राजवंशी,लेंगुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय राजवंशी एवं सकलदेव राजवंशी मौजूद रहे।वहीं मेसकौर प्रखण्ड के जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र राजवंशी ने कहा कि भाजपा राजवंशी समाज के लिए हमेशा हितैशी रही है।भाजपा के द्वारा राजवंशी समाज के उत्थान के लिए बहुत अवसर दिए हैं।उन्होंने कहा कि रजौली विधानसभा से 8 बार राजवंशी समाज से विधायक प्रत्याशी भी बनाया गया है।साथ ही समाज के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी शुरु की गई है।जिसका लाभ हमारे समाज की माता-बहनें कर रही है।उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों पूर्व कुछ निजी स्वार्थ वाले बिचौलियों के द्वारा यह झूठी अफवाह फैलाई गई थी कि नवादा जिले के सभी राजवंशी राजद पार्टी को वोट करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने समाज के लोगों से अपील किया है कि सभी लोग गोलबंद होकर भाजपा को वोट करें और देश के विकास में अपना योगदान करें।वहीं बैठक में शामिल सभी लोगों ने एकजुटता का परिचय देने का प्रण लिया एवं नवादा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने का निर्णय लिया है।

### मां शीतल मंदिर प्रांगण में चैती दुर्गा चार दिवसीय मेला का शुभारंभ

निज संवाददाता। **बीहट बेगूसराय**

बीहटजलेवारपुर टोला में हर साल की तरह इस साल भी चैती दुर्गा पूजा का पट खुलते ही भक्तों की उमड़ी भीड़, मां शीतल मंदिर के प्रांगण में चैती दुर्गा चार दिवसीय मेला का शुभारंभ, दिनांक 17 अप्रैल बुधवार से 20 अप्रैल शनिवार तक भव्य मेला का आयोजन, मेला में अनेक प्रकार के झूले कलकत्ता का मीना बाजार, और रात्रि में देवी जागरण आयोजन किया गया है जहां आप तमाम श्रद्धालुओं का मनोरंजन करने बॉलीवुड की मशहूर गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठा और बंटी तिलकधारी झा ग्रुप को भी आमंत्रित किया गया है । शीतला माता मंदिर के महंत महेश दास महाराज ने कहा 25 सालों से शीतला माता मंदिर प्रांगण में चैती दुर्गा धूमधाम से मनाया जाता है, जहां करीब 10 गांव से श्रद्धालु माता के दर्शन करने आते हैं, यहां चार दिनों का मेला लगता है।

## रजौली एवं हिसुआ विधानसभा के बूथों पर तैनात कर्मियों को सामग्री देकर दिए आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता। **रजौली**




अनुमण्डल मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय रजौली में रजौली एवं हिसुआ विधानसभा के बूथों पर तैनात कर्मियों को कागजात के अलावे अन्य चुनाव सामग्री देकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।डिस्पैच सेंटर बने विभिन्न कोषांगों द्वारा सेक्टर पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी एवं पीठासीन समेत अन्य कर्मी आपस में समन्वय बनाते दिखे।सभी पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मोबाइल नम्बर आदि आदान-प्रदान किया।ताकि सामान्य से लेकर विषम परिस्थितियों में एक-दूसरे से सम्पर्क साधा जाए।चुनाव को लेकर बजरंगबली चौक पर कर्मियों एवं पुलिस बलों की आवागमन बढ़ी हुई है।वहीं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा डिस्पैच सेंटर का लगातार मोनेटरिंग किया जा रहा है।गुरुवार को ईवीएम मशीन आदि देकर पीठासीन पदाधिकारी समेत अन्य कर्मियों बूथों पर भेजा जाएगा।रजौली प्रखंड में लोकसभा चुनाव के लिये 338 बूथ हैं।जिसमें 161 बूथ संवेदनशील,102 बूथ नक्सल तथा 75 बूथ सामान्य हैं जो कुल मिला कर 338 बूथ होता है।प्रखंड में एक नगर पंचायत समेत कुल 14 पंचायत है।प्रखंड में कुल महिला पुरुष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 37 हजार 441 है।जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा प्रतिशत में अपने अपने मत का प्रयोग करें।सभी बूथों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।साथ ही बुजुर्ग एवं लाचार मतदाताओं को बूथ तक लाने एवं वापस ले जाने के लिए भी विभिन्न प्रकार के संसधानों की भी व्यवस्था की गई है।

## रेल थाना पुलिस ने गस्ती के दौरान एक व्यक्ति को-10, 5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया



निज संवाददाता। **बरौनी / बेगूसराय**

पूर्व मध्य रेलवे बरौनी रेल राजकीय थाना पुलिस ने गस्ती के दौरान एक व्यक्ति को को 10,5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजेंद्र महतो पुत्र स्वर्गीय बिशुनदेव महतो, ग्राम-फुलमलिक, थाना साहेबपुरकमाल, जिला- बेगूसराय के रूप में की गई है। पुलिस ने रेल थाना में मामला दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को रेलवे न्यायालय के माध्यम से मंडल कारा ( जेल) बेगूसराय भेज दिया।

### अग्नि कांड से बचाव के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



निज संवाददाता। **बखरी बेगूसराय**

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को जागरूक के लिए साइकिल रैली निकाली गई।और अग्नि कांड से बचाव के लिए संदेश लोगों को बीच दिया गया। बखरी अनुमंडल मुख्यालय बखरी से केवाईपी के बच्चों ने साइकिल रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया.बच्चों ने साईकिल से नारे लगाते हुए बैनर,पोस्टर और पंपलेट को लोगों के बीच वितरण किया.जिसका राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता लाने का मुख्य मुद्दा था. अग्निशमन अधिकारी श्रवण रविदास ने फायर स्टेशन से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.रैली अनुमंडल चौक,कामास्थान,फरकिया बस स्टैंड,महादेव स्थान चौक,पुरानी थाना रोड,यूको बैंक चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंच सभा में तब्दील हो गया.

# मजदूर-किसान और युवाओं के हमेशा यादगार रहेंगे कामरेड जेपी-शिवसागर शर्मा

निज संवाददाता। **बेगूसराय**




कामरेड जेपी के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने के संकल्प के साथ मना श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा। कामरेड जयप्रकाश सिंह के द्वादशकर्म पर रामदीरी नकटी चौधरी पट्टी में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा आयोजित हुई। अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक हरेराम सिंह और संचालन भाकपा माले नेता चन्द्रदेव वर्मा ने की।सभा में इंडिया गठबंधन के बेगूसराय लोकसभा से प्रत्यासी कामरेड अवधेश राय,भाकपा माले के राज्य नेता शिवसागर शर्मा,भाकपा माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद, नवलकिशोर,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य अनिल अंजान,कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन,सीपीएम के पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह और जिलासचिव रत्नेश झा,माले के पूर्व जिलासचिव प्रमोद कुमार,बैजू सिंह,कुंवर कन्हैया,अंजनी कुमार सिंह,जिला पार्षद अंजनी कुमार सिंह और झुना सिंह,कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय नेता शशिकांत राय,एटक जिला महासचिव प्रह्लाद सिंह,कांग्रेस के रामविलास सिंह और सुबोध कुमार सिंह,सीपीआई के रामराघवेंन्द्र देव,मटिहानी अंचल मंत्री रामाधार कुंवर और किसान नेता रामसुन्दर सिंह समेत महागठबंधन के नेताओं ने शामिल होकर कामरेड जयप्रकाश सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि अर्पित किए।

सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कामरेड जयप्रकाश सिंह हमेशा मजदूर-किसान और युवाओं के पक्ष में शोषण दमन और अत्याचार के खिलाफ मुखर आवाज बने रहे। संविधान-लोकतंत्र पर हमले और तानाशाह शासन सत्ता का बेबाक प्रतिकार करने वाले कामरेड जयप्रकाश सिंह का हम सब के बीच से चला जाना हम सबों को धक्का लगा है।

शव छिपाते चारों आरोपियों को पकड़कर ग्रामीणों ने जमकर पीटा

# साइकिल चोरी के विवाद में अपराधियों ने की छह साल के बच्चे की हत्या



- घायल जयराम शर्मा पहले भी जेल जा चुका है।
- लूट, डकैती, नाबालिग से रेप समेत पॉस्को एक्ट में उसे हुई है सजा

**निज संवाददाता**

अरवल। अरवल में साइकिल चोरी के विवाद में एक 6 साल की मासूम की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले उसके कान काटे और फिर पीट-पीटकर मार डाला। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने बच्चे के परिजनों से बदला लेने के उदेश्य से इस वारदात का अंजाम दिया है। 20 अप्रैल को बच्चे के घर में शादी थी। बताया जा रहा है कि बच्चा गांव अपने घर में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह घर से आधे किमी दूर किसी दूसरे के घर एक तिलक समारोह में चला गया। वहां भी वह बच्चों के साथ खेलने लगा। इसी दौरान आरोपियों ने उसे मिठाई खिलाने के बहाने उसे अपने साथ ले गए और उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद बच्चे के शव को आरोपी बांसबाड़ी में छिपाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने चारों आरोपियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में चारों को पुलिस के हवाले कर दिया। पिटाई से दो की स्थिति गंभीर है। मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के पिरही गांव का है। मृतक बच्चा पिरही गांव निवासी दीपू कुमार का बेटा सिंटू कुमार है। मृतक अपने मां-पिता का इकलौता पुत्र था। सिंटू कुमार के चचेरे दादा चंद्रमा यादव ने बताया कि आरोपी जयराम शर्मा गांव से फरार था। 10 दिन पहले ही गांव आया था। बच्चे के दादा ने बताया कि पूर्व में जयराम शर्मा ने दो बार साइकिल चोरी की थी। साइकिल उसी के घर में मिली थी। जिसके बाद सिंटू के परिजनों से उसका विवाद चल रहा था। इसी का बदला लेने के लिए उसने अपने सहयोगियों के साथ वारदात को अंजाम दिया। सब इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीणों की पिटाई से घायल नरेश शर्मा और जयराम शर्मा का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, धीरज कुमार और रवि कुमार को पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। दोनों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही हैं। विकास कुमार के मुताबिक, ग्रामीणों की पिटाई से घायल जयराम शर्मा पहले भी जेल जा चुका है। लूट, डकैती, नाबालिग से रेप समेत पॉस्को एक्ट में उसे सजा हुई है। उसके खिलाफ मानिकपुर और कुर्था थाने में कई मामले दर्ज हैं और वह जमानत पर बाहर था।

## नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से वृद्ध की मौत, नदी के अंदर से शव बरामद

**निज संवाददाता**

रामगढ़ (कैमूर)। कैमूर के रामगढ़ थाना क्षेत्र के मटियारी गांव में दुर्गावती नदी में स्नान करने के लिए गए 84 वर्षीय बुजुर्ग की नदी में डूब कर मौत हो गई। मृतक जब काफी देर तक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता सताने लगी। वह खोजने के लिए निकल पड़े, जब नदी के तट पर पहुंचे तो देखें कि उनका डंडा और पगड़ी नदी में तैर रहा है। जब गांव वालों ने नदी में घुसकर उनको खोजना शुरू किया था। नदी के अंदर से उनका शव बरामद हुआ। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा इस घटना की जानकारी अंचलाधिकारी रामगढ़ और थाना अध्यक्ष रामगढ़ को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है।



मृतक की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के मटियारी गांव के रामानंद सिंह के पुत्र दुखहरन कुशवाहा(84) के रूप में हुई है। मुखिया प्रतिनिधि बाबूलाल यादव ने बताया कि रामगढ़ थाना के मटियारी गांव के दुखहरण कुशवाहा प्रतिदिन दुर्गावती नदी में स्नान करने के लिए जाते थे। जहां वह स्नान करने के लिए गए थे। गहरे पानी में चले जाने के कारण नदी में डूबकर उनकी मौत हो गई है। जब हम लोगों को जानकारी हुआ तो हम लोगों ने इसकी सूचना अंचल अधिकारी रामगढ़ को दिया। उनके द्वारा कर्मचारी को भेजा गया था। जिसके बाद रामगढ़ पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंच कर शव का पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम कराने के लिए शव हम लोग भभुआ लाए हैं।

## तिलौथू और अकोढ़ीगोला में गहूं के खेतों में लगी आग, कई एकड़ में फसल जलकर राख

**निज संवाददाता**

सासाराम (रोहतास)। तिलौथू प्रखंड के चार गांवों में अगलगी की घटनाएं सामने आई हैं, जबकि अकोढ़ीगोला प्रखण्ड के एक गांव में अगलगी हुई है। खेतों में लगी आग से गेहूं की तैयार फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तिलौथू प्रखंड के हुरका, चटनी बिगहा, लोहारडीह दक्षिण, मलपुरा, रकियां सीवान में अगलगी की घटनाएं हुई है। सूचना पर तिलौथू, रोहतास और डेहरी से पहुंची अग्निशमन की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया है। हुरका गांव में कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। तिलौथू के अंचलाधिकारी हर्ष हरी ने बताया कि हुरका, रूपहथा और चटनी बिगहा में आग लगी की घटनाओं की सूचना है। सबसे अधिक क्षति हुरका में हुई है। वहां 10 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई है। बताया कि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। जबकि अंकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के मधुरामपुर गांव में गेहूं के खेत मे आग लगीं है। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। इधर जिले में बढ़ती अगलगी की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन भी एलर्ट मोड में है। डीपीआरओ डीवी सिंह ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए कई जगहों पर आग लगी जैसे शिकायतें प्राप्त हो रही है। जिसके लिए अंचल अधिकारी और फायर ब्रिगेड के समन्वय से समाधान कराया जा रहा है, लेकिन इसके लिए आम जनों को फायर ब्रिगेड के कर्मियों और अंचल अधिकारी से सीधा संपर्क करने के लिए उनका मोबाइल नंबर जारी किया जा रहा है।



## आग लगने के कारण 100 बीघा जमीन की फसल जलकर राख

**निज संवाददाता**

सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिले के सासाराम प्रखंड स्थित सोनगांवा गांव में आग लगने से 40 से 50 बीघा में लगा गेहूं का फसल चलकर राख हो गया। जबकि इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के भैसहा पंचायत के भैसहा गॉव के बधार में आग लगने से लगभग 50 बिगहा खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। आग लगने की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम एवं ग्रामीण की सहायता से घंटे मशक्कत के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया है। बताते चलें कि दोपहर लगभग 3 बजे ग्रामीणों को खड़ी फसल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। आग पर काबू पाने के लिए आनन फानन में ग्रामीणों ने बाल्टी में पानी व लाठी डंड़ा तथा बॉस लेकर खेत में पहुंचे। लेकिन पछुआ हवा बहने के कारण आग इतनी भीषण हो गई थी कि काबू पाना संभव नहीं था। ग्रामीणों द्वारा आग की सूचना फायर ब्रिगेड को देकर आग फैलने से रोकने का प्रयास किया जाने लगा। इसके बावजूद लगभग 50 बिगहा के खेत में आग फैल गई।

इधर सोनगांवा में घटना को लेकर पीड़ित किसान ने बताया कि बिजली की शार्ट सर्किट से फसल में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर तत्काल खेत पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा तब तक फसल जल कर राख हो चुका था। पीड़ित किसानों ने बताया कि जिले में आग लगी की घटना को देखते हुए बिजली विभाग को पहले की सूचित किया गया था, परंतु बिजली विभाग ने कोई एक्शन नहीं लिया जिस वजह से यह नुकसान हो गया। पीड़ित किसानों ने सरकार से इसके लिए मुआवजा का मांग किया है।

## बालू कारोबारी के घर छह घंटे छापेमारी के बाद पटना लौटी ईडी की टीम

**19 अप्रैल को हाजिर होने का दिया समन**

**निज संवाददाता**

कोचस (रोहतास)। रोहतास के कोचस थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव में बुधवार को ईडी की टीम ने छापेमारी की है। यहां के रहने वाले बालू व्यवसायी जितेंद्र सिंह के घर रेड हुई है। जितेंद्र यादव बालू व्यवसायी सुभाष यादव के करीबी बताए जा रहे। हालांकि छापेमारी के दौरान व्यवसायी नहीं मिले, जिसके बाद 19 अप्रैल को हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि टीम सुबह नौ से दस के बीच श्री पालपुर गांव पहुंची और छापेमारी शुरू की, लगभग छह घंटे की छापेमारी के बाद टीम लौट गई। टीम ने जितेंद्र सिंह के परिजनों से घंटों पूछताछ की। इसके बाद पटना लौट गई। छापेमारी में क्या बरामद हुआ, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन जितेंद्र सिंह को



ईडी के सामने 19 अप्रैल को 11 बजे पटना कार्यालय हाजिर होने का नोटिस मिला है। श्रीपालपुर गांव का जितेंद्र सिह बालू व्यवसायी सुभाष यादव का मुंशी का काम करता था। बाद में वह सुभाष यादव का करीबी हो गया और बालू व्यवसाय की कंपनी में भी साझेदार हो गया। बता दें कि ईडी ने मार्च 2024 के दूसरे सप्ताह में बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू कारोबारी सुभाष यादव के दानापुर और मनेर के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने यह कार्रवाई बालू के अवैध कारोबार और मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की है। उसमें सुभाष यादव के ठिकाने से नकदी और निवेश से जुड़े कागजात बरामद किए गए थे। अब इसी सुभाष यादव का करीबी जितेंद्र यादव बताया जाता है।

जिला प्रशासन द्वारा लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर बनाने

## रामनवमी पर्व को लेकर निकाली गई शोभायात्रा, लगे जय श्री राम के जयकारे

**निज संवाददाता**

जहानाबाद। जहानाबाद में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है इसको लेकर शहर के विभिन्न जगहों से 16 समितियां द्वारा शोभायात्रा निकाली गई है। सभी समिति के सदस्यों द्वारा अरवल मोड़ पर पहुंचकर एक साथ पूरे शहर का भ्रमण करेंगे और भ्रमण के बाद तक ठाकुरबारी में समापन किया जाएगा। रामनवमी को लेकर पूरे शहर में लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बूढ़े और जवान सभी लोग राम की जयकारे लगाते हुए शहर में घूम रहे हैं।

जिला प्रशासन द्वारा पुलिस को भी कड़ी व्यवस्था की गई है। विभिन्न चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट की प्रतिनिधि की गई



है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर बनाने का आग्रह किया है, लेकिन अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पूरे जिले में राम की जयकार लग रही है। पूरा जिला भक्ति में हो गया है। सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी हुई है सभी लोग भगवान की पूजा अर्चना कर पर्व को मना रहे हैं।

## सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**निज संवाददाता**

हाजीपुर (वैशाली)। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 05557/05558 सहरसा-नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल (बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 05557 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 18.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05558 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को नई दिल्ली से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 10.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे। 2. गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 एवं शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे।

## काराकाट के लिए पवन सिंह ने किया इलेक्शन सांग लांच

**निज संवाददाता**

सासाराम (रोहतास)। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह काराकाट से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद अब पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। इसी क्रम में पवन सिंह ने अपना इलेक्शन सांग लांच किया है, जिसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर किया है। इलेक्शन सांग लांच होते ही अब यह तेजी से वायरल हो रहा है। इलेक्शन सांग भोजपुरी में है, जिसे पवन सिंह ने खुद गाया है। वीडियो में पवन सिंह पूरी तरह चुनावी मोड में जनसंपर्क करते दिखाई दे रहे हैं। इलेक्शन सांग के बोल हैं - सुन बड़की माई, सुन आ बड़का भाई, चाची, काकी, दादी, बात रखीह याद,



आइल काराकाट तोहर पवनवा, मांगे ला धूमी—धूमी आशीर्वाद। सुन आ मम्मी—मौसी, संगी साथी, आइल बा वोट मांगे ताहर पवनवा, मांगे ला धूमी—धूमी आशीर्वाद।

पवन सिंह द्वारा काराकाट से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद उनके फैन क्षेत्र में उनके आने का इंतजार कर रहे हैं। पवन सिंह अभी तक काराकाट पहुंचे नहीं हैं। लेकिन उनकी टीम काराकाट लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दौरा कर रहे है और लोगों से फीडबैक ले रहे है। टीम में उनके भाई रीतिक सिंह और अन्य लोग भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन सिंह आगामी 23 अप्रैल को काराकाट पहुंच सकते हैं, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल पवन सिंह अपनी उम्मीदवारी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हो गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार को ही उन्होंने एक्स पर एक वीडियो डाल काराकाट आने की घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिर सजदे में है, दिल में सेवादानी है। काराकाट लोकसभा की मिट्टी मुझे मां जैसे प्यारी है। आपका आशीर्वाद, प्यार और दुलार मिले बस इतनी चाहत है। काराकाट कि देव तुल्य की जनता को नमन करता हू। आपका प्यार मिले, आपका बेटा आपका नेता बने, सेवा करने का अधिकार मिले। जय हिंद, जय बिहार, जय काराकाट की जनता, प्रणाम। पवन सिंह का वीडियो आते ही काराकाट क्षेत्र में तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इधर आज उन्होंने अपना इलेक्शन सांग भी लांच कर दिया। सोशल मीडिया पर पवन सिंह की दावेदारी की चर्चा काराकाट में हो गई है, अब लोग इंतजार में हैं, जब पवन सिंह खुद क्षेत्र में आएंगे तो क्या रिस्पांस मिलता है।

## नशे में धुत पति ने पत्नी को पीटा, सदर अस्पताल में भर्ती

**निज संवाददाता**

भभुआ (कैमूर)। नशे में धुत पति ने पत्नी की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। घायलावस्था में उसे सदर अस्पताल में लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उसका इलाज किया गया। जिले के भभुआ, मोहनियां व सोनहन थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मोहनियां थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी गुड्डू राम की 25 वर्षीया पत्नी रिंकू देवी, सोनहन थाना क्षेत्र के कुकुराढ़ निवासी महेन्द्र गुप्ता व भभुआ थाना क्षेत्र के नौवाझोटी निवासी रिंकी देवी शामिल हैं। इन्हें भी सदर अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया गया। घायल रिंकू देवी के परिजनों ने बताया कि गुड्डू रोज-रोज शराब पीकर घर आता है और पत्नी के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करता है।


निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण में मतदान का समय से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण के 04 (चार) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों 37–औरंगाबाद, 38–गया (अ०जा०), 39–नवादा एवं 40–जमुई (अ०जा०) का मतदान दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को निर्धारित है। इन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय निम्नवत् है :–

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | मतदान का समय | मतदान की तारीख |
|---|---|---|---|
| 37–औरंगाबाद | 222–कुटुम्बा (अ०जा०) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) |
| | 223–औरंगाबाद | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 224–रफीगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 225–गुरूआ | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 227–इमामगंज (अ०जा०) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 231–टिकारी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| 38–गया (अ०जा०) | 226–शेरघाटी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) |
| | 228–बाराचट्टी (अ०जा०) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 229–बोघ गया (अ०जा०) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 230–गया टाउन | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 232–बेलागंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 234–वजीरगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| 39–नवादा | 170–बरबीघा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) |
| | 235–रजौली (अ०जा०) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 236–हिसुआ | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 237–नवादा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 238–गोबिन्दपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 239–वारिसलीगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| 40–जमुई (अ०जा०) | 164–तारापुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | 19.04.2024 (शुक्रवार) |
| | 169–शेखपुरा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 240–सिकन्दरा (अ०जा०) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 241–जमुई | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 242–झाझा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |
| | 243–चकाई | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | |

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(आलोक रंजन घोष)
विशेष सचिव–सह–
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR- 000174 (Election) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 – चुनाव का पर्व, देश का गर्व


## भंडारे के साथ नौ दिवसीय हवन पूजन समाप्त

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। मां गायत्री शक्तिपीठ में पिछले नौ दिनों से चल रहे हवन पूजन का समापन भंडारे के साथ बुधवार को हो गया। कार्यक्रम का अयोजन गायत्री परिवार ट्रस्ट न्यू एरिया के द्वारा किया गया था। संस्था के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजकुमारी चौहान के नेतृत्व में पिछले नौ दिनों से सैकड़ो की संख्या में गायत्री परिजनों द्वारा नौ कुंडो पर हवन व पूजन किया जा रहा था। इस दौरान दर्जनों लोगों ने गुरु दीक्षा संस्कार, जनेऊ संस्कार, विद्यारंभ संस्कार कराया। साथ हीं प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को आत्म सुधार, व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण, मनुष्य में देवत्व का जागरण व धरती पर स्वर्ग लाने संबंधी जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया।

## विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने की फायरिंग, एक घायल



**निज संवाददाता**

सासाराम (रोहतास)। सासाराम के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद में फायरिंग का मामला सामने आया है। घटना मुरादाबाद की बताई जा रही है। बुधवार को सासाराम-चौसा रास्ते में दो पक्षों के बीच पहले विवाद हुआ। इसके बाद बात बढ़ गई तो मारपीट होने लगी। इस क्रम में एक पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना की पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मुरादाबाद में बाद में फायरिंग का मामला सामने आया है। हालांकि गोली से कोई घायल नहीं हुआ। तीन राउंड गोली चलने की बात कही जा रही है। मौके से एक खोखा बरामद किया गया है। मारपीट में एक घायल हुआ है। उसका इलाज छुन्नी बेग के सदर अस्पताल चल रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। वैसे किसी पक्ष की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है। जैसे ही आवेदन मिलेगा प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण में सवैतनिक अवकाश से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण के 04 (चार) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों 37–औरंगाबाद, 38–गया (अ०जा०), 39–नवादा एवं 40–जमुई (अ०जा०) का मतदान दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को निर्धारित है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) में निहित प्रावधानों के आलोक में किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोक सभा या किसी राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन उपर्युक्त निर्वाचन क्षेत्रों में दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जायेगा।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(आलोक रंजन घोष)
विशेष सचिव–सह–
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR- 000173 (Election) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 – चुनाव का पर्व, देश का गर्व

## संक्षिप्त समाचार

### सूबे का 11 वां गर्म शहर रहा गया, पारा 40 डिग्री के पार

**गया।** अप्रैल माह में पहली बार गया का पारा 40 डिग्री सेल्स. के पार पहुंचा है। मंगलवार को सूबे का 11 वें गर्म शहर में अपना गया शुमार है। दिन का पारा 40.4 डिग्री सेल्स. तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों की माने तो अगले दो से तीन दिनों में दिन के पारे में एक डिग्री के वृद्धि का पूर्वानुमान है। इस बार अधिकतम तापमान अभी सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्स. अधिक है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया है।

### मां दुर्गा के दर्शन व पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**फतेहपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ी देवी स्थान में स्थापित मां दुर्गा के दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। मंगलवार अष्टमी को भव्य व आकर्षक मां की प्रतिमाओं का दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में लोग जुटे रहे। शहरी इलाका मां के जयकारे से गूंजता रहा। फतेहपुर के बड़ी देवी स्थान में श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के सौजन्य से पिछले साल से चैती दुर्गा पूजा शुरू किया गया है। यहां पर बनाए गए भव्य पंडालों का नजारा देखने के लिए लोगों की आवाजाही शुरू होने से चहल-पहल बढ़ गई है।

### अखंड कीर्तन का किया गया आयोजन

**परवलपुर।** प्रखंड क्षेत्र के गजराज बिगहा गांव में मंगलवार को चौबीस घंटे का अखंड कीर्तन सह भागवत कथा का आयोजन किया गया। ग्रामीण फलाहार रहकर अखंड कीर्तन में शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद सिंह, राजीव कुमार सिंह, मौसम कुमार, टुटू कुमार, चिंटू कुमार आदि तन मन से लगे हैं।

### अंडर-ग्रेजुएट छात्रों का एडमिट कार्ड हुआ लाइव

**नालंदा।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से संबंध प्राप्त नालंदा के डिग्री कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक आवश्यक जानकारी है। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर एडमिट कार्ड लाइव कर दिया गया है। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अंडर ग्रेजुएट रेगुलर, वोकेशनल और जनरल कोर्स में पढ़ रहे पार्ट 2 और पार्ट 3 की शैक्षणिक सत्र 2022-25 और 2021-24 के स्टूडेंट्स का एडमिट कार्ड पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है। एडमिट कार्ड विश्वविद्यालय के पोर्टल से डाउनलोड करते समय अगर एग्जाम फॉर्म नॉट वेरीफाई शो करे तो स्टूडेंट्स अपने महाविद्यालय में जाकर अपना एग्जाम फॉर्म वेरिफाइड करवा लें। नहीं तो एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं होगा। एग्जामिनेशन फॉर्म वेरिफाइड करना महाविद्यालय का काम है। इसकी जिम्मेदारी पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी की नहीं होगी। एडमिट कार्ड में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर 19 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक अपना आवेदन विश्वविद्यालय के काउंटर नंबर एक पर जमा कर दें। 20 अप्रैल से शैक्षणिक सत्र 22-25 और 21-24 के पार्ट 2 और पार्ट 3 के छात्रों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले के महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। साथ ही परीक्षा केंद्र के अधीक्षक वहां के प्रधानाचार्य और प्रभारी प्रधानाचार्य होंगे।

### शिक्षिका बहन का शव देखते ही बेहोश होकर गिर पड़ी दारोगा

**नालंदा।** न्यू बाइपास पर रामलखन पथ के पास ऑटो हादसे में मृत नेहा कुमारी प्रियदर्शनी नालंदा के इस्लामपुर ब्लॉक के यूएमएस शिशु कल्याण केंद्र में बेसिक टीचर थीं। नेहा की ससुराल वैशाली के राजापाकड़ और मायका सहदेव बुजुर्ग में है। पति ऋषिकांत हरियाणा में शिक्षक हैं। उनका तीन साल का एक बेटा है, जो ननिहाल में रहता है। नेहा की छोटी बहन पूजा सब इंस्पेक्टर हैं और पटना पुलिस जिला बल में पदस्थापित हैं।



एसआई पूजा गोलघर इलाके में किराया के मकान में रहती हैं। नेहा बहन के यहां आई थीं। मंगलवार की सुबह यह कहकर निकलीं कि पहले शीतला माता मंदिर जाएंगी और वहां पूजा करने के बाद बस से नालंदा जाएंगी। करबिगहिया से ऑटो लेकर वह न्यू बाइपास पहुंची और वहां से आगे के लिए ऑटो लिया। वही ऑटो रामलखन पथ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद नेहा के परिजन पीएमसीएच पहुंचे। एसआई पूजा भी पोस्टमार्टम रूम के पास आईं। आते ही बेहोश होकर गिर गईं। साथ आए लोगों ने पानी छींटकर होश में लाया और बिठाया। पूजा कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं थीं। हादसे में कपड़ा व्यवसायी उपेंद्र कुमार बैठा की भी मौत हुई है। वह रोहतास के शिवसागर थाने के प्रेमपुर पताड़ी के रहने वाले थे। उनका कपड़ा बस से बैरिया बस टर्मिनल आया था, जिसे लेने वह आए थे। किसी काम से उनके मित्र अरविंद भी बेतिया से पटना आए थे। दोनों मित्रों में अहले सुबह बात हुई। उपेंद्र ने अरविंद से कहा-बस स्टैंड पहुंचिए, हम भी आ रहे हैं। अरविंद ने कहा-जब उपेंद्र काफी देर तक स्टैंड नहीं पहुंचे तब उनके मोबाइल पर कॉल किया। कई कॉल के बाद एक अस्पताल कर्मी ने उठाया और कहा-उनकी सड़क हादसे में मौत हो गई है। अरविंद बाइपास स्थित अस्पताल पहुंचे। परिजनों को सूचना दी। रोहतास से कई परिजन जानकारी मिलने के बाद पीएमसीएच पहुंचे। उपेंद्र की प|ी बेबी देवी भी पोस्टमार्टम हाउस के पास मिलीं। वह रोते-रोते बेसुध हो गईं। हादसे में मधुबनी के हरलाखी के बेता परसा गांव के रहने वाले इंद्रजीत और नेपाल के जनकपुर के रहने वाले उनके ससुर लक्ष्मण दास की भी मौत हो गई। इंद्रजीत दिल्ली में नौकरी करते थे और उनके ससुर भी दिल्ली में ही थे। दोनों ट्रेन से दिल्ली से पटना पहुंचे थे। पीएमसीएच पहुंचे इंद्रजीत के ग्रामीण राहुल और सुमित ने कहा कि भैया से बात हुई थी। वे बोले थे कि रामनवमी में गांव आएंगे। घर पर ध्वज लगाना है। ससुर एक दिन रहेंगे और जनकपुर चले जाएंगे। दोनों करबिगहिया पहुंचे और वहां से पैदल न्यू बाइपास पहुंचे। यहां से ऑटो लेकर बैरिया के लिए बढ़े और दोनों की हादसे में मौत हो गई। इंद्रजीत की पत्नी और दोनों बच्चे गांव में ही रहते हैं।

### सड़क हादसे में एक की मौत...दूसरा घायल, अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकराई

**गया।** जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के बगाही के निकट स्थित मंदिर के निकट तार के पेड़ में बाइक सवार युवक ने मोटर साइकिल सहित टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दो युवक में से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा जख्मी है। उसे फतेहपुर सरकारी अस्पताल से प्रारम्भिक चिकित्सा के बाद मगध मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। फिलहाल रेफर किए गए युवक की स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सामने से किसी वाहन की तेज रोशनी बाइक सवार युवकों के ऊपर पड़ी तो वे सन्तुलन खो बैठे और पेड़ में धक्का मार दिया जबकि जिस वाहन की तेज रोशनी पड़ी थी वह मौके से तेजी से निकल गया। समदा गांव के रहने वाले छोटू चौहान और पिंटू कुमार दोनों देर रात कहीं से घर को लौट रहे थे। रास्ते मे बगाही के निकट सामने से तेज गति में आ रहे एक वाहन ने खुद के आगे चल रहे वाहन को ओवर टेक किया तो उसकी तेज रोशनी बाइक सवार के ऊपर पड़ी तो बाइक सवार ने खुद को बचने के लिए कट मारा तो उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे बाइक सहित तार के पेड़ से टकरा गया । टक्कर की आवाज सुन कर गांव के लोग तार के पेड़ के पास पहुंचे तो देखा कि बाइक सहित दोनों युवक जख्मी गिरे पड़े हैं। आनन-फानन में गांव वालों ने दोनों को फतेहपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल के डॉक्टरों ने दोनों को मगध मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रास्ते में पिंटू कुमार की मौत हो गई। वहीं छोटू चौहान की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।



# 200 बीघा में तैयार गेहूं की फसल जलकर राख

## बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप, नाराज किसानों ने किया सड़क जाम, CO बोलीं- मुआवजा दिया जाएगा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में अगलगी की घटना से नाराज ग्रामीणों ने नूरसराय हिलसा मुख्य मार्ग के थरथरी प्रखंड अंतर्गत रायपुर कोयल विगहा गांव के पास बुधवार को सड़क जाम कर दिया। दर्जनों किसान एक साथ मुख्य मार्ग पर जुट आए और बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़क को जाम कर दिया। अगलगी की घटना रायपुर कोयल विगहा गांव के गौड़ापर खंधा,सोन वर्षा खंधा और पका कुंआ खंधा में हुई है। जिसमें करीब 200 बीघा में तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिससे के कारण आक्रोशित हो ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली की तार बीच खंधा से गुजरी हुई है। जो लुंज पुंज अवस्था में है। हवा के कारण शॉर्ट सर्किट हुई और अचानक चिंगारी तैयार पकी हुई फसल पर गिर गया। जिसके कारण देखते ही देखते 200 बीघा में लेगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कहा की इसके पहले भी गौड़ापर खंधा में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। हालांकि ग्रामीणों की सजकता के कारण अगलगी की घटना टल गई थी।



**5 दर्जन से अधिक किसानों को हुआ नुकसानः** पांच छोटी बड़ी दमकल की गाड़ियां और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। इसी बीच जैसे तैसे किसानों ने अपनी कटी फसल को बचाने का प्रयास किया। आग की लपटें हवा के साथ इतनी तेज गति से फैली की ग्रामीणों को अपनी फसल बचाने का ज्यादा समय नहीं मिल पाया। करीब 5 दर्जन से अधिक किसानों को अगलगी की घटना से नुकसान हुआ है।

**CO बोलीं- मुआवजा दिया जाएगाः** अगलगी और सड़क जाम की सूचना मिलने के उपरांत थरथरी सीओ एवं थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने बुझाने के प्रयास में जुट गए है। थरथरी सीओ चेतना कुमारी ने कहा कि फसल क्षति का आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। वहीं किसान बिजली विभाग के एसडीओ को बुलाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि बराबर बिजली के तार के कारण ऐसी घटनाएं हो रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। फिलहाल मामला शांत है। नालंदा में इन दिनों खेतों में अगलगी की घटना देखी जा रही है। आए दिन किसी न किसी प्रखंड के गांव से ऐसी खबरें निकलकर सामने आ रही है। किसानों के सामने ही उनकी तैयार फसल आग की भेंट चढ़ रही है।

## धार्मिक स्थल का असामाजिक तत्वों ने तोड़ा ताला

● **मौके पर पहुंची पुलिस ने एक को किया अरेस्ट, पुलिस बल की तैनाती**

निज संवाददाता। गया

गया के बेलागंज थाना के बेलागंज पड़ाव के समीप धार्मिक स्थल में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने बेलागंज थाना के थानाध्यक्ष के सरकारी नंबर पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। विधि व्यवस्था डीएसपी खुर्शीद आलम ने बताया कि बेलागंज थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचने के बाद घटना के संबंध में आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने में लगी। डीएसपी ने बताया कि जब हम लोग गए तो वहां देखा की धार्मिक स्थल का ताला टूटा हुआ है और उसके अंदर धार्मिक जगह को क्षतिग्रस्त भी किया गया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है। हालात पर नजर रखी जा रही है। पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।




## रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, भगवान राम, मां सीता, लक्ष्मण की झांकी से राममय हुआ माहौल

### पंजाब, लुधियाना और कोलकता से पहुंचे कलाकार दे रहे हैं प्रस्तुति

निज संवाददाता। गया

गया जिले में विश्व हिन्दू युवा शक्ति संघ के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में राम भक्त जय श्री राम के नारों के साथ जुटे हैं। भगवान श्रीराम राम लला के जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाती है। यात्रा विष्णुपद सूर्यकुंड से निकाली गई है। शोभा यात्रा में इस बार पंजाब, लुधियाना और कोलकता के कलाकार आए हुए हैं और अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए, आयोजक सदस्य छोटू बारिक ने कहा चुनाव को देखते हुए ज़िला प्रशासन के गाइडलाइन का अनुपालन किया जा रहा है। तमाम हिंदू परिवार के सभी सदस्यों से आग्रह है कि, हम सभी का कर्तव्य है कि भगवान राम के जन्मदिवस पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा में राम मय हो जाएं। शोभा यात्रा को भव्य रूप देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने हिन्दुओं को जातिगत न होकर एक होने की अपील की। हिंदू युवा संघ के महामंत्री छोटू बारीक ने कहा कि यह जुलूस नहीं, शोभायात्रा है। शोभा यात्रा विश्व हिंदू युवा शक्ति संघ के विनय गुप्ता की अध्यक्षता में निकाली जा रही है। सचिव गोल्डी ग़ायब, विश्व हिंदु युवा संघ के सदस्य रामू गुपूत, छोटू बारीक, शशि रंजन पांडेय, दीपक विट्ठल, नंदू, कुमार सानू, विवेक भारद्वाज, अभिषेक कटरियार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।



**विष्णुपद मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी यात्राः** रामनवमी के दिन प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा की शुरूआत विष्णुपद सूर्य मंदिर के समीप से की गई। शोभायात्रा चांद चौरा मोड़, नारायण चुआं, शाहमीर तकिया, रामसागर, नवागढी, कालीबाड़ी, बहुआर चौराहा, राजेंद्र आश्रम, कोयरी बारी, राय काशीनाथ मोड, दिग्घी तालाब, केदारनाथ मार्केट, जीबी रोड कोतवाली, संकट मोचन मंदिर आजाद पार्क समेत आदि जगहों का भ्रमण कर पुनः विष्णुपद मंदिर पहुंच कर समाप्त होगा। दोपहर 3 बजे शोभा यात्रा निकाली गई ,शोभा यात्रा में मुख्य आर्कषण का केन्द्र भगवान राम, मां सीता, लक्ष्मण की झांकी है, जो घोड़े के रथ पर सवार होकर जुलूस के साथ-साथ भ्रमण करेंगे। रास्ते में कई स्थानों पर स्टॉल लगाकर शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए शर्बत और पानी की व्यवस्था की गई है। शोभा यात्रा में बाजार के गणमान्य लोगों के अलावा काफी संख्या में हनुमान भक्त मौजूद रहेंगे।

## किराना दुकानदार पर रंगदारी के लिए की फायरिंग, लोडेड देसी पिस्टल के साथ दो बदमाश अरेस्ट, बच्चा घायल

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की कल्याण विगहा थाना की पुलिस ने कोलवां गांव में कार्रवाई करते हुए हथियार कारतूस के साथ दो अपराधियों को अरेस्ट किया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान कोलावां गांव निवासी श्याम सिंह और कारू कुमार उर्फ गौरव के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 16 कारतूस एवं एक मोबाइल फोन बरामद की है। छापेमारी टीम में सदर डीएसपी 2 नूरसराय इंस्पेक्टर मनोरंजन भारती, कल्याण विगहा थाना अध्यक्ष विकास कुमार, जमादार गोपेश कुमार, सुनील कुमार यादव समेत कल्याण विगहा एवं सदर डीएसपी के अंगरक्षक शामिल रहें। दरअसल ,कोलावां गांव में अपराध कर्मी गांव के ही किराना दुकानदार से मंगलवार की शाम रंगदारी मांगने पहुंचा था। इसी बीच किराना दुकानदार को निशाना बनाकर फायरिंग की गई जो गोली दुकान के पास खड़े बृंद मांझी के (10) वर्षीय पुत्र अजीत मांझी को जा लगी। जिसे इलाज के लिए कल्याण बीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के उपरांत पुलिस एक्शन में आई और अपराध कर्मियों को हथियार कारतूस के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। बच्चें के परिजन के बयान के आधार पर कल्याण बीघा थाना में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। डीएसपी सदर 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके की घेराबंदी कर दोनों अपराध कर्मी को लोडेड देसी कट्टा एवं पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।



## जंगल में 6 घंटे से उठ रही आग की लपटें, भलुआ व जयगीर पंचायत में अगलगी

निज संवाददाता। गया

गया के बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जयगीर पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले 71 माइल और कोबरा 205 कैंप के इर्द-गिर्द भलुआ पंचायत के जंगलों में आग लगी है। अबतक वन विभाग ने आग बुझाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जंगल जलते जा रहा है और आग फैलते जा रही है। आग पूरे जंगल को आगोश में ले रहा है। जिससे जंगल को काफी क्षति पहुंच रही है। जंगल के कई बेशकिमती लकड़ियां, पेड़-पौधे सहित कई जीव-जन्तु के भी झुलसने की सूचना प्राप्त हो रही है। हालांकि जंगल में आग कैसे लगी, इस बात का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है।

**जानकारी के बाद भी आग नहीं बुझाई जा रहीः** स्थानीय दीपक कुमार ने बताया पूरे जंगल में आग फैलती जा रही है। इसकी जानकारी भी वन विभाग को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई आग बुझाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पूरा जंगल जलते जा रहा है। बाराचट्टी रेंज ऑफिसर शशि भूषण चौहान को सूचना दे दी गई पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में DFO शशिकांत कुमार ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन को बुलाया गया है आज पर जल्द ही काबू पा लिया जाएगा।



## तालाब की खुदाई के बाद चर्चा में आया सारे गांव

### यहां मिली अति प्राचीन प्रतिमाएं, श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के जिला मुख्यालय बिहारशरीफ से करीब 30 किलोमीटर दूर है अस्थावां प्रखंड का सारे गांव। यह गांव इन दिनों काफी चर्चा में आ गया है। तकरीबन सौ साल पुराने इस गांव के एक तालाब की खुदाई के दौरान भगवान विष्णु और राधा जी की काले पत्थर की अतिप्राचीन प्रतिमाएं मिली। यह खबर जब आसपास के लोगों को मिली, वो दर्शन और पूजन के लिए यहां पहुंचने लगे। इस सूचना के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम साइट की विजिट की तैयारी में जुट गई है। बिहारशरीफ-बरबीघा एनएच 33 के किनारे बसे सारे गांव की आबादी करीब डेढ़ हजार है। यहां 8 एकड़ में फैला तालाब भी है। सिंचाई विभाग द्वारा तालाब का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। 11 और 12 अप्रैल को तालाब की खुदाई के दौरान भगवान विष्णु और राधा की काले पत्थर की अतिप्राचीन प्रतिमाएं मिली थीं।

**8 एकड़ के तालाब की उड़ाहीः** मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार बताते हैं कि सदियों बाद इस तालाब की उड़ाही कराई जा रही है। तालाब से मिलीं प्रतिमाएं कब की है, यह वे नहीं बता सकते हैं। लेकिन, देखने से काफी पौराणिक लगती है। लगातार मिल रहीं प्रतिमाओं के बाद भी पुरातत्व विभाग के कोई पदाधिकारी अब तक गांव नहीं आये हैं। ऐसे में तालाब से मिल रहीं प्रतिमाओं के रहस्य का पता लगाने में दिक्कत हो रही है।



**जियर के तालाब में भी मिली हैं कई प्रतिमाएंः** खास यह भी कि सारे गांव से महज 10 किलोमीटर दूर अस्थावां प्रखंड के जियर गांव के 84 बीघा तालाब का जल संसाधन विभाग द्वारा उड़ाही करायी जा रही है। एक सप्ताह पहले तालाब खुदाई के दौरान भगवान शंकर, भगवान विष्णु और भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं मिली थीं। इन प्रतिमाओं को ग्रामीणों ने गांव के मंदिर में स्थापित कर दिया। इस तालाब से पहले भी दर्जनों अतिप्राचीन प्रतिमाएं मिली थीं। यहां के ग्रामीणों ने भी ऐसी संभावना जतायी है कि जैसे-जैसे खुदाई का काम आगे बढ़ेगा और भी प्रतिमाएं मिल सकती हैं।

**क्यों मिल रहीं प्रतिमाएंः** जियर निवासी व हाईकोर्ट के अधिवक्ता विकास शर्मा, ग्रामीण रणविजय, बालेश्वर पांडेय व राजनीति सिंह आशंका जताते हैं कि प्रतिमाओं के मिलने का धार्मिक व पौराणिक कारण यह हो सकता है कि शास्त्रों में विष्णु के 24 अवतार माने गये हैं। जबकि, मत्स्य पुराण में 10 प्रमुख अवतारों का वर्णन है। वैष्णव संप्रदाय भगवान विष्णु को ईश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। जियर गांव में भी वैष्णव संप्रदाय के मानने वाले लोग रहते हैं। हो सकता है कि वर्षों पहले यहां मंदिरों की श्रृंखला रही होगी जो कालांतर में जमींदोज हो गई।



**मौर्यवंश के प्रमाण भी गांव मेंः** ग्रामीणों का कहना है कि जियर गांव में आज मौर्यवंश के प्रमाण मिलते हैं। क्योंकि, उस वक्त सम्राट अशोक द्वारा जगह-जगह बड़े-बड़े तालाब व कुओं का निर्माण कराया गया था। साथ ही बौद्ध धर्म का प्रचार प्रसार किया गया था। शिलालेख के रूप में आज भी इसका प्रमाण जियर गांव में है। वर्तमान में इसे आस्था से जोड़कर लोग पूजा अर्चना करते हैं।

**प्रतिमाएं 10 वीं सदी कीः डॉ. अनंताशुतोष द्विवेदीः** हेरीटेज सोसाईटी के महानिदेशक डॉ. अनंताशुतोष द्विवेदी ने प्रतिमा देखने के बाद बताया कि ये सभी प्रतिमाएं पालकालीन हैं। प्रतिमा को ग्रामीण देवी राधा मान रहे हैं, वह प्रतिमा लक्ष्मी देवी हैं। अन्य प्रतिमा में विष्णु का चतर्भुज स्वरूप भी देखा का सकता है। ये 10वीं सदी की है।

**सारे में पहली बार प्रतिमाएं मिलीः एडीजीः** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के एडीजी पटना सर्किल सुजीत नयन ने बताया कि साइट की विजिट हमारी टीम के द्वारा कर ली जाएगी। सारे में पहली बार प्रतिमाएं मिली हैं। जीयर पहले जा चुका हूं। काफी आर्कियोलॉजिकल साइट है जीयर। वहां बहुत सारी बुद्धिस्ट मूर्तियां भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कुलाधिपति की अवमानना समाज के लिए असह्य

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य सह कांग्रेस नेता प्रो बलिराज ठाकुर ने अपर मुख्य शिक्षा सचिव केके पाठक द्वारा राज्यपाल सह कुलाधिपति की लगातार की जा रही अवज्ञा और उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रो बलिराज ने कहा कि यह सभ्य समाज के लिए असह्य है। यह तानाशाही की पराकाष्ठा है। तमाम अवकाश प्राप्त विश्वविद्यालय शिक्षक पेंशन के अभाव में भुखमरी की कगार पर हैं। उनकी चिकित्सा और दवा बंद है। वित्तीय प्रतिबंध के कारण विश्वविद्यालयों के कार्य ठप्प हैं। किन्तु एक अफसर की हनक इन सब पर भारी पड़ रही है। कुलाधिपति ने वार्ता कर समाधान का रास्ता निकाला, जिसे इस अधिकारी ने अपने अहंकार से अवरूद्ध कर दिया।

### गुलजारी देवी के निधन पर कुलपति ने जताया शोक

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व हेड डॉ शिव परसन सिंह की मां गुलजारी देवी का निधन हृदय गति रुकने से हो गया। वह 97 वर्ष की थी। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुखः की घड़ी विश्वविद्यालय परिवार उनके साथ खड़ा है। डॉ शिव परसन ने बताया कि मां गुलजारी देवी का निधन रोहतास के गोपाल नारायण मेडिकल कॉलेज , जमुहार में इलाज के दौरान हुआ।

### भगवान चित्रगुप्त जी की प्रकोष्टोत्सव 23 को मनेगी

**बक्सर।** कायस्थ परिवार बक्सर के संयोजक अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी की प्रकोष्टोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। बता दें कि कायस्थ की कुल देवता भगवान चित्रगुप्त जी महाराज हैं जिनकी पूजा साल में दो बार होती है एक पूजा चैत पूर्णिमा को प्रकोष्टोत्सव के रूप में मनाई जाती है जिसमें हरेक समाज के लोग भी शामिल होते हैं और एक पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष के यम द्वितीया के दिन कलम दवात की होती है जो प्रत्येक कायस्थ परिवार के घर-घर में होता है उसके साथ ही साथ सार्वजनिक रूप से भी की जाती है। शास्त्र के अनुसार संसार की लेखाजोखा रखने की जब जरूरत पड़ी तो ब्रह्मा जी अपनी तपस्या से चित्रगुप्त महाराज जी को प्रकट किया और उनसे कायस्थ वंश की संरचना हुई और उसी समय से कायस्थ वंश उनको अपनी कुल देवता के रूप में पूजा करना शुरू की आज भी उनकी पूजा कायस्थ वंश धूमधाम से करते हैं।

### मां काली के वार्षिकोत्सव पर अखंड हरिकीर्तन कल

**बक्सर।** जय मां काली उमेदपुरवाली का वार्षिकोत्सव के अवसर पर शहर के शिवपुरी में गुरुवार को दिन के दस बजे से अखंड हरिकीर्तन का आयोजन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। वहीं 18 अप्रैल यानी शुक्रवार को पूर्णाहुति, माता का पूजा-पाठ एवं शाम 4 बजे विशाल भंडारा का आयोजन होगा। पूजनोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को शिवपुरी में समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप कुमार सिन्हा उर्फ गुरू लाल ने किया। मौके पर सुधीर सिन्हा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, नीलम देवी, सुजीत सिन्हा, उमाशंकर मिश्र, सुनीता देवी, सत्यराज, विश्वजीत, मोना, सतीश सिन्हा, आदित्य कुमार, जितेंद्र आदि मौजूद थे।

### रणधीर ओझा बोले- रामत्व का विकास समाज और राष्ट्र के लिए कल्याणकारी

**बक्सर।** शहर के नया बाजार स्थित सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में महंत राजाराम शरण दास जी महाराज के मंगलानुशासन आयोजित नव दिवसीय राम कथा के आठवें दिन मंगलवार को आचार्य रणधीर ओझा ने प्रताप भानु चरित्र का व्याख्या करते हुए बताया कि श्रीराम का संघर्ष रावण नाम के व्यक्ति से नहीं अपितु रावणत्व से होता है। उन्होंने कहा कि रावण को एक व्यक्ति के रूप में नहीं अपितु विचारधारा के रूप में देखना होगा। रावण प्रत्येक युग में नए-नए नाम रूप में अपना रावणत्व का परिचय देता है। यह प्रसंग हम सभी को यह सीख देती है की प्रत्येक व्यक्ति में कुछ ना कुछ दुर्गुण है जो व्यक्ति को रावण बना सकता है। जय विजय भगवान विष्णु के परिषद थे। अहंकार के कारण दोनों शापित हुए। उन्हें रावण बनना पड़ा। दूसरे कल्प में भगवान शंकर के दो गणो को नारद जी के श्राप के कारण राक्षस बनना पड़ा। राक्षस बनने का करण उनके हृदय में आसुरी वृत्ति मात्सर्य का जन्म हो जाता है। दूसरों को उत्पीड़ित करना दूसरों के दुख में सुख का अनुभव करना, उपहास करना यही रावणत्व है। जालंधर का चरित्र प्रतिशोध भावना से प्रेरित है। इसी भावना ने उसे रावणत्व की ओर अग्रसर कर दिया। प्रताप भानु लोभ के कारण रावणत्व को प्राप्त करता है। आचार्य श्री ने कहा कि तीन महान सद्गुण संपन्न व्यक्ति थे। जय विजय भगवान के द्वारपाल थे। रुद्र गुण शिव जी के पार्षद थे। प्रताप भानु धर्मात्मा सत्य केतु का पुत्र स्वयं धर्मात्मा राजा था। ये सभी किसी न किसी दुर्गुण विचार के कारण ही राक्षस बनते हैं। राम कथा इस प्रसंग के द्वारा हमें यह बताता है कि प्रताप भानु अपने आंतरिक शत्रुओं को प्रस्त नहीं कर पाया। एक के बाद एक दोष आता गया अंत में उसमें रावणत्व का जन्म हो जाता है। रावण प्रताप भानु के रूप में मूलत मनुष्य था और यही मनुष्य राक्षस हो गया। मनुष्य का राक्षस बन जाना त्रेता युग का ही सत्य नहीं है वरन आज भी जो राक्षस दिखते हैं वह मनुष्य से ही राक्षस बनते हैं। उन्होंने कहा कि इस कथा से हमें अपने दुर्गुणों को पहचान कर उसे ठीक करने का प्रयास करना चाहिए। धर्मपथ के पथिक होकर रामत्व को प्राप्त करना चाहिए। मनुष्य जब धर्मपथ से भ्रष्ट हो जाता है तब उसे रावण बनने से कोई रोक नहीं सकता। राम कथा से हमारे हृदय में छुपे हुए रावणत्व का नाश होता है। रामत्व का विकास होता है जो समाज और राष्ट्र के लिए अनुकरणीय एवं कल्याणकारी है।

### होमियो सेवा सम्मान से नवाजे गए डॉ. विशेष अशोक वर्धन

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर प्रखंड के देवकुली गांव निवासी डॉ विशेष अशोक वर्धन को होमियो सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। बता दे कि मां दुर्गा विशेष होम्यो केयर देवकुली के संचालक डॉ. विशेष अशोक वर्धन को होमियो पैथिक सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय हिंदी मासिक स्वास्थ्य पत्रिका "आरोग्य गुरु" के तत्वावधान में विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। चिकित्सा सेवा के शुरुआत के कुछ महीनों में ही डॉ विशेष को सम्मानित किया जाना कार्य के प्रति उनकी निष्ठा सेवा भाव और अनुकूल स्वास्थ परिणाम के साथ जनता जनार्दन की सेवा को दर्शाता है। डॉ. विशेष को इस सम्मान के लिए देवकुली ब्रह्मपुर और आस पास के लोगों का बधाई सन्देश लगातार प्राप्त हो रहा है।

### काऊप विद्यालय में सम्राट अशोक की जयंती मनी

**गड़हनी।** गड़हनी प्रखण्ड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय काउप में प्रधानाध्यापक नंदजी सिंह की अध्यक्षता में सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सभी उपस्थित शिक्षक ,अभिभावक व छात्र-छात्राओं ने सम्राट अशोक के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व व कृतज्ञ पर बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्ग 10 के पुनित कुमार , दूसरा स्थान वर्ग 6 के रिया कुमारी, व तीसरा स्थान वर्ग 6 के आराध्या कुमारी ने प्राप्त किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक नंदजी सिंह ने कहा कि आज की वर्तमान परिस्थिति में एकीकृत भारत के महान सम्राट की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके कर्तव्य परायणता से भारत में समता, बंधुत्व एवं ज्ञान के प्रतीक बौद्ध धर्म भारत ही नहीं दुनिया के सैकड़ों देशों में प्रतिस्थापित हो सका था, परंतु आज हमारे देश में मानव धर्म का प्रतीक बौद्ध धर्म न के बराबर रह गया है अर्थात् उसे यहीं के लोगों ने अपने निजी स्वार्थ पूर्ति हेतु नष्ट करने का काम किये जो देश की एकता के लिए प्रश्नचिह्न बन गया है। कलिंग युद्ध के बाद शस्त्र त्याग कर वे दुनिया के सामने यह संदेश दिये कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि प्रेम , भाईचारा और बंधुत्व के मार्ग को अपना कर दुनिया को जीता जा सकता है। आइये इनके जीवन चरित्र से सीख लेकर संकल्प लें कि समता, समानता भाईचारा और बंधुत्व के रास्ते का अनुसरण कर सम्राट अशोक के भारत को बनाने हेतु तन-मन- धन से प्रयास करें ताकि फिर से भारत विश्व गुरू बन सके।

# भगवान राम की शोभायात्रा में शामिल हुए मंत्री आर.के सिंह, बोले- हिंदुओं की आस्था का पुनर्जागरण

निज संवाददाता। आरा





भगवआरा में रामनवमी को लेकर भगवान राम की भव्य आरती के बाद पूरे शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में शहर के हजारों राम भक्त शामिल थे। जिससे पूरा शहर राममय नजर आया। इस दौरान पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गूंजने लगा। इस शोभायात्रा में रामायण से भगवान राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हुए करीब 40 से अधिक झांकियां निकाली गई। राम-सीता वनवास से कई तरह के आकर्षित करने वाली झांकी जुलूस में शामिल हुई।

**आरा शहर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा:** वहीं आरा के गौपालीचौक के पास केंद्रीय मंत्री आर.के सिंह द्वारा भगवान राम की आरती की गई। इसके बाद शोभा यात्रा शहर के लिए निकली। इस दौरान आर.के सिंह ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। यह एक विशेष रामनवमी है। यह हिंदुओं की आस्था का पुनर्जागरण रामनवमी है। वहीं, रामनवमी शोभा यात्रा रामगढ़िया से बड़ी चौक, गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, बड़ी मठिया, महादेवा, धर्मन चौक, चित्र टोली रोड, रमना रोड, महावीर टोला, करमन टोला, नवादा, स्टेशन, एसपी कोठी, ब्लॉक, कतीरा, पकड़ी, जज कोठी होते रमना तक जाएगी।

**रामगढ़ के बैंड पार्टी बने आकर्षक का केंद्र:** श्रीराम भक्त डीजे के धुन पर थिरकते नजर आए। इस दौरान बच्चे-बूढ़े और जवान अपने हाथों में भगवा झंडा और तलवार लेकर जुलूस में शामिल हुए। शहरवासी अपने-अपने घरों से निकलकर झांकी देखने के लिए सड़क पर आए। इस दौरान हजारों की संख्या में भीड़ देखी गई। इस यात्रा में महिलाओं की भी भागीदारी देखी गई। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाएं भी कड़ी धूप में शहर की सड़कों पर शोभा यात्रा में शामिल हुई। वहीं शोभा यात्रा के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा चप्पे-चप्पे पर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी समेत पुलिस बल तैनात किए गए थे।

## CSP लूट मामले में प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। आरा



❐ पिस्टल के बल पर नकाबपोश अपराधियों ने वारदात को दिया था अंजाम

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से दो लाख 85 हजार रुपए लूटे जाने के मामले में संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसे लेकर संचालक अमित कुमार सिंह ने अज्ञात 3 अपराधियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है। हालांकि 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। लेकिन पुलिस तकनीकी सूत्र और सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों तक पहुंचाने के प्रयास में लगी है।

**पिस्टल के बल पर हुई थी दो लाख 85 हजार की लूट:** साथ ही डीआईयू को भी लगाया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार भगवा गांव निवासी अमित कुमार सिंह बगवां बाजार स्थित हरिशंकर सिंह के मार्केट में 2021 से यूनियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। सोमवार की दोपहर दो ग्राहक सेवा केंद्र में एक कर्मचारी रौनक एवं गांव के ग्रामीण शिव शंकर पांडे मौजूद थे। इस दौरान एक पल्सर बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधी ग्राहक सेवा केंद्र के अंदर प्रवेश कर गए थे। इसके बाद पिस्टल के बल पर कर्मचारी एवं ग्रामीण को कब्जे में ले लिया था।

**सीएसपी संचालक में कराई प्राथमिकी दर्ज:** इसके बाद केंद्र से ढाई लाख रुपए नगद लूट लिए थे और बैग में रखकर बड़ौरा नहर के रास्ते फरार हो गए थे। पूरी लूट की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि तीन अपराधी काले रंग का नकाब पहनकर ग्राहक सेवा केंद्र में घुसे । इसके बाद कर्मचारी से पैसा निकालने के बात कहकर कमर से पिस्तौल निकाल कर लॉकर में रखें दो लाख 85 हजार रुपए बैग में भरकर फरार हो गए । जाते-जाते कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दे डाली। गड़हनी थाना पुलिस अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है।

## पिता-पुत्र पर फायरिंग मामले में FIR, गोली लगने से बेटे की हुई थी मौत





निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव में पिता-पुत्र को गोली मारे जाने और पुत्र की मौत होने के मामले में प्राथमिक कर दी गई है। मृतक के घायल पिता कमलेश राय के बयान पर हुई प्राथमिक में पाटीदार प्रियांशु कुमार समेत 13 को नामजद और चार अज्ञात को आरोपित किया गया है। जमीन हड़पने की नीयत से हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है।

**डॉक्टर विकास ने ऑपरेशन कर निकाली गोली:** प्राथमिक में पट्टी प्रियांशी कुमार को मुख्य आरोपित बनाया गया है। इसके अलावा परमात्मा राय,दीपू कुमार,नंदू कुमार,सुमंत राय,विष्णु कुमार, छोटक राय एवं सोनू समेत चार महिलाओं को भी आरोपित किया गया है। इस कांड में लाइनर की भूमिका निभाने का भी आरोप है। पुलिस प्राथमिक के आधार पर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

**मृतक के पिता के सीने से निकली है गोली:** हालांकि, अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। इधर,मृतक आदित्य कुमार के पिता कमलेश राय ने बताया कि शनिवार की रात हुए घर के बाहर दरवाजे पर अपने पुत्र आदित्य कुमार के साथ बैठे हुए थे। तभी उनका पाटीदार एवं पड़ोसी के अन्य लोग हथियार से लैस होकर उनके दरवाजे पर आ धमके और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनके पुत्र आदित्य कुमार को मृत घोषित कर दिया ।

**मृतक की बड़ी बहन का रो रोकर बुरा हाल:** मृतक आदित्य कुमार के पिता कमलेश राय ने संपत्ति हड़पने की नीयत से पाट्टीदार प्रियांशु सहित उन लोगों पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इधर,डॉक्टर विकास ने बताया कि गोली लगने से जख्मी कमलेश राय का ऑपरेशन कर शरीर में फंसी गोली को निकाल लिया गया है । उन्होंने बताया कि पिता के सीने के पास भी दो गोली लगी थी खून काफी भाग गया था। बड़ा ऑपरेशन कर बुलेट निकल गया है, वह अब खतरे से बाहर हैं।

## खेत मे भैंस घुस जाने के विरोध में चाचा-भतीजे समेत पांच की पिटाई

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के शाहपुर थाना के शिवपुर गांव में मंगलवार को खेत में भैंस घुस जाने का विरोध करने पर दूसरे गांव से आकर दबंगों ने चाचा-भतीजे समेत पांच लोगों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट की घटना में सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया। उसके बाद आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी स्व चैत यादव के 50 वर्षीय पुत्र बिहारी यादव, बृज बिहारी यादव के 40 वर्ष से पुत्र संजय यादव, 35 वर्षीय पुत्र पंचानंद यादव, रास बिहारी यादव के 55 वर्षीय पुत्र हरेंद्र यादव और वसुंधरा यादव का 19 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार शामिल हैं। इधर,जख्मी मुन्ना कुमार ने बताया कि शिवपुर गांव के बाजार में उनका और बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कांटे गांव के रहने वाले लोगों का जमीन एक साथ है। उनके जमीन पर गेहूं लगा हुआ था। तभी कांटे गांव के रहने वाले लोगों के करीब 10 से 12 भैसें उनके खेत में घुस गई और फसल को बर्बाद करना शुरू कर दिया। भैंस को फसल बर्बाद करता देख बिहारी यादव और संजय यादव ने भैंस को अपने खेत से मारकर भगा दिया। तभी भैंस मालिकों ने भैंस को भगाने का विरोध करने पर जमकर गाली गलौज की। लेकिन उसे समय ग्रामीणों के मदद से मामले को शांत कर दिया गया । जब हम लोग अपने घर चले हैं तभी उक्त भैंस मालिक अपने अन्य परिवार वालों के साथ शिवपुर गांव में घुसकर हम लोगों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी और उसके बाद सभी गांव छोड़कर अपने गांव चले गए।

## अगलगी की दो घटना में 250 बीघे की फसल खाक, फायर ब्रिगेड की 4 टीम ने पाया काबू

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के इटाढ़ी और,राजपुर के कई गांव के खेत में अगलगी की घटना में 250 बीघे गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। इटाढी प्रखंड के ताजपुर गांव में हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से हुई अगलगी की घटना में करीब चार गांव बकसड़ा, कनपुरा, बिझौरा के 22 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल राख हो गई। घटना की सूचना किसानों ने अग्निशमन विभाग में दी। जिसके बाद अग्निशमन की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंच करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस आग लगी की चपेट में आने से हार्वेस्टर को भी नुकसान हुआ है।

**हार्वेस्टर की चिंगारी से लगी आग:** राजपुर प्रखंड के रसेन व भरखरा गांव के बधार में मंगलवार को हार्वेस्टर की चिंगारी से लगी आग से 45 हेक्टेयर खेत में लगा गेहूँ का फसल जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के खेतों में गेहूँ कटनी का काम तीव्र गति से शुरू हो गया है। रसेन बधार में भी हार्वेस्टर से कटनी हो रहा था। तभी अचानक इससे निकली चिंगारी ने एक खेत में आग पकड़ लिया। तेज हवा होने से यह तेजी के साथ आगे की ओर बढ़ने लगा। सैकड़ों की तादाद में पहुंचे ग्रामीणों ने आसपास के समरसेबल को चालू कर आग बुझाना शुरू कर दिया। गांव के किसान वीरेंद्र प्रताप सिंह,नथुनी राय,संजय राय,शशिकांत कुशवाहा,पवन राय, तेजू साह ,टनमन राय,सरपंच नोनिया,टुनटुन राय के अलावा अन्य किसानों का फसल जलकर राख हो गया। वहीं राजपुर प्रखंड के बारूपुर पंचायत के भरखरा गांव के बधार में भी अचानक कहीं से निकली चिंगारी से खेत में आग पकड़ लिया। जिसमें गांव के किसान विश्वामित्र उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय,अनिल,सुरेश उपाध्याय,दरोगा सहित अन्य किसानों का फसल जल गया। फायर ब्रिगेड की टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। बारूपुर मुखिया प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश उपाध्याय ने मुआवजा राशि की मांग की है।

**जांच के बाद दिया जाएगा मुआवजा:** सीओ डॉ शोभा कुमारी ने बताया कि दो जगहों पर आग से फसलों को काफी नुकसान होने की सूचना प्राप्त हुई है। सम्बंधित राजस्व कर्मी को भेजकर फसल बर्बादी का आकलन किया जा रहा है।किसानों द्वारा सनहा दर्ज करते ही उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल
खुली निविदा आमंत्रण सूचना
ऑन लाईन (ई–निविदा)
(दानापुर मंडल/गतिशक्ति विभाग)
**निविदा सूचना संख्याः गतिशक्ति/ई–टेन्डर/02/ओपेन/दानापुर/2024–25**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल सिचाई सी०पी०डबलु०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन (ई–निविदा) आमंत्रित करते है। **क्र० सं०: 1, क्रमांकः 1, कार्य का नाम, लोकेशन के साथ :** पटना–गया सेक्शन में पटना–परसा बाजार के बीच किमी 05/08–10, परसा बाजार–पुनपुन के बीच किमी 08/21–23 और परसा बाजार–पुनपुन के बीच किमी 09/21–23 पर अतिचार स्थान पर सिमित उचाई का प्रावधान और पटना–गया सेक्शन में नदवा–तरेंगना के बीच किमी 25/05–07 पर टरेसपास वाले स्थान पर रैंप के साथ आर सी सी एफोबी का प्रावधान पटना गया सेक्शन के बीच किमी 18/27–29 पर टरेसपास वाले स्थान पर हल्के वाहनों के लिए रैंप के साथ एफोबी का प्रावधान एवं पटना गया सेक्शन में पुनपुन–नदवा के बीच किमी 23/31–33 पर टरेसपास वाले स्थान पर रैंप के साथ एफोबी का प्रावधान।, **2. अनुमानित निविदा राशि :** रू. 25,97,97,564.99/–, **3. बयाना की राशि :** रू. 14,49,000/–, **4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 08.05.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी।, **5. वेब साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना :** 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट **CRIS website: http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखे। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा बल्कि वेब–साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।, 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा।, 3. संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।
**वरीय मंडल अभियंता (गतिशक्ति)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
पीआर/00099/डीएनआरजीएस/ईएनजीजी/टी/24–25/72

पूर्व रेलवे
**ई–निविदा सूचना सं. ओ–एसी–टी–08 से 11–24–25 (खुली), दिनांक 15.04.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं.ओ–एसी–टी–08–24–25, कार्य का नाम:** एसटीएन–जेएजे शाखा में जेआरडब्ल्यू–एमडीपी के बीच किमी. 287.594 में एलसी गेट नं. 17 स्पे./ई और एमडीपी–जीआरडी शाखा में एमडीपी–जेजीडी के बीच 1 सी/ई के स्थान में एलएचएस के निर्माण हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 8,68,43,243.87, **बयाना राशि :** रु. 5,84,200/– **क्रम सं. 2, केस सं. : ओ–एसी–टी–09–24–25, कार्य का नाम:** एसटीएन–जेएजे शाखा में बोदमा–जामताड़ा के बीच किमी. 248.526 में एलसी गेट नं. 8 स्पे./ई के स्थान में एलएचएस के निर्माण हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 7,95,59,014.52, **बयाना राशि :** रु. 5,47,800/–, **क्रम सं. 3, केस सं. : ओ–एसी–टी–10–24–25, कार्य का नाम:** एसटीएन–जेएजे शाखा में सिमुलतला स्टेशन लिमिट में एलसी गेट नं. 36 स्पे./टी के स्थान में एलएचएस के निर्माण हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,51,86,382.59, **बयाना राशि :** रु. 4,75,900/– **क्रम सं. 4, केस सं. : ओ–एसी–टी–11–24–25, कार्य का नाम:** देवघर–चंदन शाखा में एलसी गेट नं. 1 सी/ई और डीजीएचआर–बीएकेए शाखा में करझौसा–कटोरिया में 2सी/ई के स्थान में एलएचएस के निर्माण हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 8,31,21,437.61, **बयाना राशि :** रु. 5,65,600/– **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह, क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु। **बंद होने की तिथि और समय:** 13.05.2024 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
ASN-17/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### हवलदार से छिनतई करने वाला अपराधी गिरफ्तार



**पटना (नि.सं.)**। पटना के खगौल थाना के दानापुर रेलवे स्टेशन के पास घर से लौट रहे हवलदार से बदमाशों बैग छीन फरार हो गया था। उसके बैग में सर्विस पिस्टल, जिंदा कारतूस के साथ अन्य जरूरी कागजात थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाश को अरेस्ट कर लिया है और सारा सामान बरामद कर लिया है। इस बात की जानकारी दानापुर एएसपी दीक्षा ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल मंगलवार के दिन हवलदार से बाइक सवार बदमाश बैग छीन फरार हो गए थे। उसके बैग में सर्विस पिस्टल, कारतूस के साथ अन्य कीमती चीज थीं। इस संबंध में हवलदार रूप सिंह मीणा ने खगौल थाना में लिखित आवेदन दिया था। तकनीकी अनुसंधान की मदद से खगौल थाना और अनुमंडल की टेक्निकल टीम के द्वारा इसका सफल उद्भेदन किया गया है। मामले में दानापुर थाना क्षेत्र से दो बदमाश में से एक को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर सर्विस पिस्टल, जिंदा कारतूस को बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान शाहपुर थाना के हेतनपुर निवासी राजन तिवारी के रूप में हुई है। जो वर्तमान में दानापुर थाना क्षेत्र में किराए में मकान में रहता है। गिरफ्त में आया अपराधी अपने भाई के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया करता है। इस घटना को भी अपने भाई के साथ अंजाम दिया था। पहले भी इस तरह के मामले में वह जेल जा चुका है। गौरतलब है कि पटना में हवलदार के पद पर रूप सिंह मीणा नौबतपुर में प्राइवेट गार्ड के रूप में प्रतिनियुक्ति है। कुछ दिन पूर्व वे राजस्थान अपने घर गए थे। वापस लौट के क्रम में मंगलवार को ट्रेन से उतरने के बाद रूप सिंह मीणा एक युवक के साथ मोटरसाइकिल से बैठकर पटना सिटी जा रहे थे। इसी दौरान में दो अपराधी उनके पास पहुंचे और उनका बैग छीन फरार हो गए। बैग में उनका सर्विस रिवॉल्वर, 35 पीस कारतूस के साथ ही कुछ जरूरी कागजात थे।

### दो पक्ष जमकर चले लाठी-डंड़े, तीन घायल



**पूर्णिया (नि.सं.)**। पूर्णिया के मरंगा के नौजर वार्ड 14 में मक्के की खेत में मवेशी प्रवेश कर जाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष से मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में मवेशी स्वामी समेत 3 लोगों को चोटें आई हैं। वहीं, इस मारपीट से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दोनों पक्ष के लोग आपस में झगड़ते दिख रहे हैं। वहीं घायलों का इलाज पूर्णिया के जीएमसीएच में चल रहा है। मारपीट को लेकर पीड़ित मवेशी स्वामी के घरवालों की ओर से स्थानीय मरंगा थाना में आवेदन किया गया है। वहीं, घायलों की पहचान मरंगा के नौजर गांव वार्ड 14 निवासी मो वासिम और उसके बेटे इस्माइल के रूप में की गई है। जबकि दूसरे पक्ष से भी एक अन्य को मामूली चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि घर के बछड़ा घर के बाहर खुट्टे से बंधा हुआ था। बाद में किसी तरह खुट्टा तोड़कर बच्चा पास के ही मकई के खेत में चला गया और मकई के कुछ पौधों को खा गया। इससे भड़के खेत के स्वामी ने उनके बछड़े को पकड़कर अपने कब्जे में रख लिया। इसी को लेकर उन्होंने विरोध किया और बछड़े को उनके कब्जे में छुड़ाकर ले जाने लगे। इससे तमतमाए मो इसारूल ने अपने दोस्तों और घर वालों को बुला लिया। लाठी डंडे और लात घूसों से उन्होंने मिलकर पीटना शुरू कर दिया। जिसके बाद उनके घर के लोग भी बीच बचाव में आए। इसी के बाद विवाद और बढ़ गया। जिसमें दोनों तरफ से लाठी डंडे, लात - घुसे चलना शुरू हो गया। इस मारपीट में वे और उनके बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद ग्रामीणों के हस्तक्षेप से किसी तरह मामला शांत हुआ। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया लाया गया। जहां दोनों का इलाज जारी है। वहीं मारपीट की घटना को लेकर घायल के परिजनों की ओर से मरंगा थाना में लिखित आवेदन दी गई है। वहीं समूचे घटनाक्रम से जुड़ा मारपीट का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लाठी डंडे लिए दो पक्ष एक दूसरे पर हमले पर आमदा हैं।

### महानवमी पर खोईंछा भरने के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़



**समस्तीपुर (नि.सं.)**। चैत नवरात्र के मौके पर बुधवार को महानवमी पर पूजा पंडालों में खोईंछा भरने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही पूजा पंडालों में महिलाएं माता का खोईंछा भरने के लिए पहुंच रही है। पूजा पंडालों में 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ मंत्र गुंज रहा है। शहर के माधुरी चौक, ताजपुररोड, दुधपुरा में भव्य चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। इस मंदिरों में सुबह से ही खोईंछा भरने के ले लिए महिलाएं पहुंचने लगी थी। दिन चढ़ने के साथ ही महिलाओं की भीड़ बढती चली गई। दोपहर तक लंबी लाइन लग गई। उधर, पूजा कमेटी के द्वारा भीड़ से बचने के लिए वोलेंटियर लगे हुए थे। उधर, महाअष्टमी के मौके पर भी बड़ी संख्या में महिलाएं खोईंछा भरने के लिए पहुंची थी। इधर शहर से करीब 3 किलोमीटर दूर दूधपुरा गांव में चैत्र नवरात्र के मौके पर भव मेला का आयोजन किया गया है। बड़ा झूला के साथ मीना बाजार भी लगाया गया है। लोगों की भीड़ जुट रही है। उधर पूजा पंडालों को नवरात्रि पर्व के लिए विशेष तौर से सजाया गया है। माता के जयकारों के नारों के साथ श्रद्धालु सुबह से ही पंडालों में देवी मां के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। माता के दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। पूजा पंडालों में जुट रही भीड़ को देखते हुए नगर व मुफस्सिल पुलिस द्वारा जगह-जगह पुलिस वालों की भी तैनाती की गई है। पूजा पंडाल में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### 40 पीस कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार



**मधेपुरा (नि.सं.)**। मधेपुरा के घैलाढ़ ओपी क्षेत्र में लक्ष्मीनिया गांव के पास पुलिस ने 40 पीस कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। हालांकि कार्रवाई के बाइक चला रहा दूसरा युवक फरार हो गया। ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने बताया कि रामनवमी को लेकर पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान लक्ष्मीनिया चौक पर पुलिस की गाड़ी पहुंची तो एक बिना नंबर की बाइक पर दो युवक बीच में कार्टन लेकर आ रहे थे। जब उन्होंने पुलिस की गाड़ी को देखी तो तेजी से भागने लगे। शक के आधार पर जब उनका पीछा किया गया तो पीछे बैठा युवक एक युवक कार्टन लेकर गाड़ी से कूद गया। इसके बाद उसे दौड़ा कर पकड़ लिया गया। जबकि दूसरा युवक बाइक लेकर भाग निकला। जब कार्टन की जांच की गई तो 40 पीस कफ सिरप बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक सुपौल के लौकहा थाना क्षेत्र का निवासी बेचन सूतिहार का बेटा चंद किशोर कुमार है। वह कफ सिरप की डिलीवरी देने जा रहा था। उसके खिलाफ थाना में मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

#### एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने भी लगाया जयकारा

# रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा हजारों कुंवारी कन्याओं ने लिया भाग



निज संवाददाता

**समस्तीपुर**। रामनवमी के मौके पर शहर के मथुरापुर जूटमिल रोड स्थिति दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में एक हजार से अधिक कुवांरी कन्याओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर से समाजसेवी वारिसनगर के पूर्व उप प्रमुख शिवशंकर महतो के नेतृत्व निकाली गई इस शोभा यात्रा में एडीएन प्रत्याशी शांभवी चौधरी भी शामिल हुईं और जयकारा लगाया। मंदिर परिसर से निकाली गई शोभा यात्रा में कुवांरी कन्या कलश लेकर मथुरापुर होते हुए बाजार समिति, समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य सड़क से रामनगर होते हुए मथुरापुर बूढी गंडक नदी के तट पर पहुंची। जहां कन्याओं ने कलश में जल भर कर जयकारा लगाती हुई फिर उसी रास्ते से वापस मंदिर परिसर पहुंची। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अष्टयाम महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश शोभा यात्रा के दौरान चिलचिलाती धूप के बावजूद बच्चियां खाली पांव करीब पांच किलोमीटर की यात्रा की। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से जगह-जगह पर पानी व शरबत की व्यवस्था की गई थी। इस शोभा यात्रा में समस्तीपुर से एनडीए की प्रत्याशी शांभवी चौधरी भी शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने जयकारा लगाते हुए लोगों को रामनवमी की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि उन्हें समस्तीपुर से लोगों का भरपूर प्यार व सहयोग मिल रहा है। वह शोभा यात्रा के दौरान कुवांरी कन्याओं के साथ-साथ कई किलोमीटर तक यात्रा की। उनके साथ एमएलसी डॉ. तरुण कुमार चौधरी के अलावा, शायन कुणाल, संजीत कुमार, संजय कुमार बब्लू आदि बड़ी संख्या में समाजसेवी के साथ ही राजनीतिक दल के कार्यकर्ता भी साथ-साथ थे। कुवांरी कन्या के साथ ही शोभा यात्रा के दौरान लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। साथ -साथ मथुरापुर पुलिस की गश्ती दल चल रही थी।

## रामनवमी को लेकर निकाला गया 308 फिट का तिरंगा जुलूस

निज संवाददाता



**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में रामनवमी को लेकर 308 फिट का तिरंगा जुलूस यात्रा निकाली गई। इस जुलूस में शिव और राम की झांकी भी निकाली गई। धोबिया टोला के हनुमान मंदिर से इस जुलूस की शुरुआत की गई। जो टावर चौक होते हुए शहर के विभिन्न चौक-चौराहे से होकर गुजरेगी। इसके अलावा भी शहर में विभिन्न स्थानों से रामनवमी की जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुलूस में शामिल हो रहे हैं। जुलूस के दौरान राम भक्त राम धुन पर नाचते-गाते झूम रहे हैं। जुलूस में कई तरह की झांकी निकाली गई। रामनवमी को लेकर कई सालों से जुलूस निकाला जाता है। इस जुलूस में 101 महाबीरी झंडा लेकर भक्त शामिल होते हैं। जिसे लोग देखने के लिए घंटों तक चौक-चौराहे पर इंतजार कर रहे हैं। विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए आवश्यकतानुसार ड्रोन कैमरा और वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई। इस मामले में डीएम सुब्रत कुमार सेन और एसएसपी राकेश कुमार द्वारा जारी ज्वाइंट ऑर्डर में कहा गया है कि जुलूस के दौरान सभी धार्मिक स्थलों के अलावा चौक-चौराहों पर भी मजिस्ट्रेट और पुलिस के जवान को तैनात किया जाएगा। इसको लेकर चौक-चौराहे पर बड़ी संख्य में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, ग्रामीण इलाके और शहरी क्षेत्र में 353 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

## यूपीएससी की परीक्षा में देश में 19वीं रैंक लाकर शिवम बना आईएएस

- पढ़ाई के लिए गूगल-यूट्यूब की ली मदद

निज संवाददाता



**समस्तीपुर**। सच ही कहा गया है हिम्मत और जज्बा हो तो सफलता कदम चुमती है। यह कर दिखाया है समस्तीपुर के कालापानी कहे जाने वाले बिथान के रहने वाले दवा दुकानदार के बेटे शिवम कुमार टिबड़ेवाल ने। शिवम ने यूपीएससी की परीक्षा में देश में 19वीं रैंक लाकर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। शिवम ने आईआईटी खड़कपुर से बीटेक किया है। कैंपस सलेक्शन होने के बाद तीन साल बजाज में नौकरी भी की। लेकिन कोरोना में घर वापस बिथान लौटा तो बजाज की नौकरी छोड़ने और यूपीएससी की तैयारी करने का फैसला लिया। मां पिता जी ने सपोर्ट किया। शिवम कुमार टिबड़ेवाल ने कहा कि कोरोना के समय घर में बंद होकर पढ़ाई करने का फायदा मिला। सोशल मीडिया से दूर रहा। सब्जेक्ट में परेशानी होने पर गूगल और यूट्यूब से मदद ली। यूपीएससी की पहली परीक्षा पास की, लेकिन रैंक 303 मिली। इनकम टैक्स विभाग मिला। इनकम टैक्स अधिकारी के रूप में अभी वह नागपुर में ट्रेनिंग ले रहे हैं। लेकिन इस नौकरी से वह खुश नहीं थे। उन्होंने दोबारा यूपीएससी की परीक्षा दी। सभी पेपर अच्छे गए थे। इंटरव्यू में ज्यादातर सवाल उनसे इनकम टैक्स से ही पूछे गए थे। उनसे पूछा गया समाज में भी इनकम टैक्स की काफी चोरी हो रही है उसे कैसे पकड़ेंगे। बड़े लोग हो तो कैसे कार्रवाई करेंगे। जिस पर उनका जवाब था इनकम टैक्स की चोरी करने वालों को समान्य व्यक्ति मानकर कानून के प्रावधान के अनुसार काम करेंगे। शिवम ने बताया कि उनकी प्राइमरी से हाई स्कूल की शिक्षा बिथान में हुई। बिथान हाई स्कूल से मैट्रिक करीब 76 फीसदी अंक के साथ की। आईएससी 12वीं संत जेवियर्स मुजफ्पुरपुर से किया। पहले ही प्रयास में आईआईटी की परीक्षा पास करते हुए आईआईटी खड़कपुर से बीटेक किया। कैंपस सिलेक्शन हो जाने पर तीन साल तक बजाज में नौकरी की। शिवम तीन बहन और भाई में अकेला है। तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। अभी यह कुंवारे हैं। 26 जनवरी 1996 को जन्मे शिवम बताते हैं कि अब इंटरनेट का जमाना है कि गांव में रह कर भी यूपीएससी किया जा सकता है। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों से कहा कि आप 8-10 घंटा खुद पढ़ें। जरूरत और परेशानी हो तो गूगल और यूट्यूब की मदद लें। बड़े- बड़े राइटर और संस्थान के नोट उपलब्ध हैं। आप घर पर भी रह कर यूपीएससी कर सकते हैं। आपको किसी बड़ी कोचिंग में जाने की कोई जरूरत नहीं हैं। बस इसके लिए प्रण लेना होगा कि मुझे यूपीएससी कंप्लीट करना है।

## दो ट्रक से 204 कार्टन विदेशी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)**। मोतिहारी पुलिस ने दो ट्रक के केबिन में बने तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है। दोनों ट्रक को केसरिया थाना की पुलिस ने थाना चौक गोलंबर से जब्त किया है। तीन तस्कर की गिरफ्तारी भी हुई। मद्य निषेध इकाई पटना को गुप्त सूचना मिली कि केसरिया के रास्ते दो ट्रक से शराब की खेप जाने वाली है। जिसके बाद एसपी कांतेश मिश्रा ने चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी का निर्देश दिया। जिसके बाद केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार ने थाना चौक पर वाहन जांच शुरू की। इसी बीच ट्रक के केबिन की जांच की तो तहखाना बना था। जिसमें विदेशी शराब छिपा कर रखी थी। एक और ट्रक की तलाशी ली गई तो ठीक उसी प्रकार वह भी केबिन में तहखाना बना कर विदेशी शराब रखी थी। दोनों ट्रक के तहखाने से 204 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुई। इस दौरान दोनों ट्रक के ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया। चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि लोक सभा चुनाव को लेकर लगातार पुलिसिया कार्रवाई हो रही है। यह आगे भी जारी रहेगी।

#### पत्नी और बच्चों को लाने ससुराल जा रहा था युवक

## ट्रक ने युवक को मारी जोरदार टक्कर, मौत

निज संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय में बीते रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना नावकोठी थाना क्षेत्र में मंझौल-बखरी सड़क के पहसारा चमरडीहा के समीप की है। मृतक सिंघौल थाना क्षेत्र के उलाव नवासी राजकुमार शर्मा का पुत्र सोनू कुमार शर्मा (28) है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के संबंध मृतक के पिता राजकुमार शर्मा ने बताया की सोनू की पत्नी अन्नु कुमारी अपने दोनों पुत्र पीयूष और आयुष के साथ बखरी स्थित मायके गई हुई थी। रात में सोनू अपने स्विफ्ट डिजायर कार से पत्नी और बच्चों को लाने के लिए बखरी जा रहा था। इसी दौरान नावकोठी थाना क्षेत्र के चमरडीहा के समीप बखरी की ओर से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से बचने के लिए सोनू ने गाड़ी नीचे उतरने का प्रयास लेकिन बच नहीं सका। मृतक के पिता ने बताया कि घर से निकलते समय सोनू को कहा था कि पहुंचते ही फोन करना। काफी देर हो जाने के बाद फोन नहीं आया तो हमने फोन किया। फोन रिसीव नहीं हुआ, फिर थोड़ी देर बाद फोन किया तो थाना की पुलिस ने फोन उठाया, इसके बाद घटना की जानकारी मिली। घटना की सूचना मिलते ही नावकोठी थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके स्विफ्ट कार से सोनू को बाहर निकाला, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और स्विफ्ट डिजायर को जब्त कर लिया गया है, जबकि ट्रक चालक भाग निकला।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो गंभीर

**लखीसराय (नि.सं.)**। लखीसराय सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मननपुर रामपुर गांव के पास ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। एक की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। शिवसेना गांव स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में पदस्थापित प्रोफेसर सुजीत कुमार अपने सहयोगी गप्पू के साथ श्रृंगी ऋषि से स्नान कर बाइक से वापस शिवसोना गांव स्थित कॉलेज लौट रहे थे। तभी मननपुर रामपुर के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल दोनों बाइक सवार को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें सुजीत कुमार बुरी तरह घायल हो गया। गप्पु को मामूली चोटें आईं हैं। सुजीत कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

#### चोरों ने अलमीरा, बक्सा तोड़कर निकाले पैसे-गहने

## दो घरों से 35 लाख की चोरी, पीड़ितों में कोहराम घटित घटना को लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त

- मामले की छानबीन शुरू कर दी पुलिस

निज संवाददाता



**सीतामढ़ी**। सीतामढ़ी के बाजपट्टी थाना क्षेत्र के वनगांव में चोरों ने एक ही रात में दो भाइयों के घरों को निशाना बनाया। दोनों घरों से लगभग 50 हजार समेत 35 लाख के सामानों की चोरी कर भाग निकले। घटना की सूचना के बाद बुधवार को घटनास्थल पर पहुंची बाजपट्टी थाना की पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इधर, लोगों का कहना है कि इससे पूर्व भी कई बार थाना क्षेत्र में चोरी की घटना घटी है, लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली है। घटित घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। मंगलवार की रात वनगांव निवासी हरिनाथ झा और कौशल झा के घर में चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद वनगांव थाना में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि घटना के वक्त लोग घर में सो रहे थे। परिजनों ने घटना में स्थानीय असामाजिक तत्व का हाथ होने की आशंका जताई है। गृहस्वामी का कहना है कि वह जब सुबह जागे तो घर के अंदर टूटा अलमीरा, बक्सा और बिखरा पड़ा हुआ था। बिखरे सामान देख दोनों के परिजनों की चीख पुकार निकल पड़ी। एक तरफ लोग हरी किशोर झा के घर चोरी की स्थिति देख ही रहे थे कि दूरी ओर मौके पर कौशल किशोर के परिजन चीखते हुए घर से निकलकर शोर मचाना शुरू कर दिया कि मेरे घर में भी चोरी हो गई है। लोगों ने देखा कि उसके घर में चोरों ने अलमीरा, बक्सा आदि तोड़कर कर भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। दोनों ही घर से करीब 35 लाख की नगद, सोने और चांदी समेत अन्य सामग्री चोरी कर ली गई है।

### बच्चों के बीच विवाद होने से दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के जादोपुर थाना क्षेत्र में बच्चों के बीच विवाद होने से दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में एक महिला और एक पुरूष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले पड़ोस के बच्चों के साथ हमारे बच्चो का विवाद हो गया था। इसके बाद उनके परिजनों लगातार गाली-गलौज करते थे। बुधवार को जब इसका विरोध किया तो उन लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। जब बीच बचाव करन घर के लोग आए तो उनको भी चाकू मारकर घायल कर दिया। परिजनों ने फिर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराय। वहीं मामले को लेकर जादोपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार पांडेय ने बताया कि घायलों की पहचान खाप मकसूदपुर गांव निवासी पारस प्रसाद का बेटा विश्वकर्मा प्रसाद और अमर प्रसाद की बेटी निशा कुमारी के रूप में की गई है। दोनों घायल आपस में चाचा-भतीजी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## एक ही परिवार के तीन घर में लगी आग, दो लाख का नुकसान

निज संवाददाता

**सुपौल**। सुपौल के मरौना प्रखंड की ललमिनिया पंचायत अंतर्गत रसुआर गांव वार्ड संख्या-3 में अचानक आग लगने से तीन घर समेत मवेशियों की जलकर मौत हो गई। हालांकि स्थानीय लोगों और फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई, लेकिन इस मामले में दो लाख रुपये की क्षति का अनुमान है। जिला प्रशासन आकलन कर पीड़ितों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है। जिले के मरौना प्रखंड के रसुआर गांव निवासी आशा देवी ने बताई कि उनके आवासीय घर में अचानक आग लग गयी। जिससे घर में रखे नगद 60 हजार समेत अनाज, वस्त्र, फर्नीचर, आभूषण सहित लाखों रुपए की संपत्ति आग में धू धू कर जलकर बर्बाद हो गई। इतना ही नहीं आवासीय घर के अलावा आग ने मवेशी घर को भी अपनी आगोश में ले लिया। इसके कारण मवेशी घर में बंधे एक गाय, बछड़ा सहित दो बकरी और उनके बच्चे भी जलकर मर गए। पीड़ित गृह स्वामी शिवशंकर मंडल की पत्नी आशा देवी ने बताया कि हम सभी घर में आराम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग लगने के बाद जब शोर हुआ। घटना की जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई, लेकिन जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची तब तक एक परिवार के तीन घर व एक मवेशी घर जलकर राख हो गया। इधर घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने फायर बिग्रेड की टीम को दिया। करीब 1 घंटे की करीब मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दूसरी ओर पंचायत के मुखिया अनिल आनंद, सरपंच गणेश पासवान समिति पुत्र विजय मंडल घटनास्थल पहुंचकर अग्निकांड से पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि जल्द मुहैया कराने का आश्वासन दिया। पंचायत के मुखिया अनिल आनंद ने बताया कि अग्निकांड से पीड़ित परिवार काफी गरीब है। सरकार की तरफ मिलने वाली सुविधाओं का लाभ जल्द दिया जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण बारह बीघा में फसल जलकर राख



निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा के कोरमा थाना क्षेत्र में आग लगने से 12 बीघा में मौजूद गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना कटारी गांव के छोटका खंधा की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की माने तो शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और तेज हवा चलने से 8 किसानों के खेतों में फैल गई। किसानों ने बोरिंग चालू कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि घटना की सूचना पर अग्निशमन की टीम भी स्थल पर पहुंच गई। कुछ देर बाद आग को बुझा लिया गया और कई किसानों की फसल को बचा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि खेत के ऊपर बिजली के तार मौजूद है। इनसे ही चिंगारी निकली थी। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई है। वहीं कोरमा थाना अध्यक्ष आयुष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। दमकल की टीम को भेजा गया था।

## पक्षियों के लिए 100 जगहों पर दाना-पानी रखने का लक्ष्य, हर दिन दो घंटे की जा रही हैं मेहनत

निज संवाददाता



**जमुई**। जमुई में गर्मी बढ़ने के साथ पक्षियों को परेशानी ना हो इसके लिए ग्रामीण युवाओं न एक मुहिम शुरू की है। 100 सार्वजनिक जगहों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी के साथ पानी की रखने का काम शुरू कर दिया है। चिलम पार्क, मध्य विद्यालय कहरडीह खैरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरनी खैरा समेत कई जगहों पर मुहिम के तहत काम को पूरा भी कर दिया गया है। इसमें स्कूली बच्चे भी खूब साथ दे रहे है। समाजसेवी संतोष कुमार ने कहा कि टोली का हर साथी बोतल में पानी और अनाज लेकर आता है। हर दिन दो घंटा इस काम के लिए देकर कई जगहों पर काम पूरा भी कर लिया गया है। आगे 100 जगहों पर इसे पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं जानकारी देते हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरनी खैरा के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को चिड़िया के बारे में बताया जाता है। गर्मी के बढ़ने से सभी पक्षी परेशान हो जाते है। पानी के अभाव में मर भी जाते है। इसलिए इनको बचाना हमारा धर्म है। बता दे कि युवाओं की टोली में संतोष कुमार सुमन, डुगडुग सिंह तोमर, विवेक कुमार, धीरज सिंह, शशि राज सहित कई लोग शामिल है।

### लूट की साजिश रच रहे तीन अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर (नि.सं.)**। भागलपुर में पुलिस ने राहगीरों को लूटने का प्लान बना रहे अपराधियों को हथियार के साथ धर दबोचा है। मामला जिले के सबौर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सबौर थाना क्षेत्र के प्रशस्तडीह से घोंघा जाने वाले मुख्य मार्ग पर कुछ अपराधियों के द्वारा हथियार से लैस होकर राहगीरों से लूटने पहुंचे थे। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापेमारी करते हुए तीन बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बबलू शर्मा के पुत्र मनीष शर्मा, बैजलपुर निवासी किशोर मंडल के पुत्र सुजीत कुमार एवं रामनगर निवासी सुनील कुमार के पुत्र अंकित कुमार उर्फ विक्की कुमार शामिल है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बड़ी नौकरियां

आईआईटी, बॉम्बे से आई यह खबर विचारणीय है कि दुनिया में बड़ी नौकरियों का अभाव होने लगा है। वैसे तो दिसंबर से मई तक कैंपस प्लेसमेंट का दौर चलता है, लेकिन अभी तक के आंकड़ों को देखें, तो आईआईटी, बॉम्बे से इस साल पास हो रहे लगभग 36 प्रतिशत छात्रों की नौकरी सुरक्षित नहीं हुई है। संख्या में अगर बात करें, तो करीब 2,000 छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट के लिए आवेदन किया था, पर उनमें से 712 को अभी तक किसी कंपनी ने नौकरी का प्रस्ताव नहीं दिया है। इस विषय को लेकर कई आलोचकों ने चिंता का इजहार किया है, पर पिछले वर्षों से तुलना करें, तो स्थिति बहुत चिंताजनक नहीं दिखती है। अभी तक नौकरी न पाने वालों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 2.8 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों की पहली दलील यही है कि विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है, इसलिए बड़ी नौकरियों के प्रस्ताव सामने नहीं आ रहे हैं। क्या एक आईआईटी से आए इन आंकड़ों को लेकर हमें बहुत चिंतित होना चाहिए? वास्तव में, चिंता उन्हीं लोगों को होगी, जो तुलनात्मक अध्ययन नहीं करेंगे। हां, यह सही है कि विश्व अर्थव्यवस्था में मंदी का दुष्प्रभाव है। विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं तनाव से गुजर रही हैं, पर इसका अर्थ यह नहीं कि आईआईटी से निकले इंजीनियर बेरोजगार रह जाएंगे। रोजगार तो सभी को मिलेगा, हां, कुछ इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, आईआईटी, बॉम्बे अपनी नीति के तहत शुरुआत में कंपनियों के नाम और पैकेज का आधार तय करता है। जाहिर है, जब आप बड़ी विदेशी कंपनियों को प्लेसमेंट के लिए बुलाएंगे, तो वे बड़ी नौकरियां और बड़े पैकेज के साथ ही आएंगी। दूसरी बात, इसमें कोई शक नहीं कि बड़ी विदेशी कंपनियों ने पदों की संख्या घटा दी है। इसलिए कैंपस प्लेसमेंट में भारतीय कंपनियों को तरजीह देने की जरूरत है। भारत में प्रतिभाओं की भरमार है और आबादी भी बहुत ज्यादा है। यहां हर किसी को करोड़ रुपये का पैकेज नहीं प्रस्तावित किया जा सकता। वैसे भी करोड़ों की नौकरियां हकीकत नहीं हैं। हम पहले देख चुके हैं कि अनेक संस्थान अपने यहां प्लेसमेंट की पूरी हकीकत नहीं बताते और अपना सम्मान बढ़ाने के लिए दुष्प्रचार भी करते हैं। जैसे, महज 22 प्रतिभाओं को करोड़ रुपये का पैकेज प्रस्तावित होता है।

## उ.प्र. में किसका खेल बिगाड़ेंगी मायावती, 17 साल पुराने फॉर्मूले से मिलेगी सफलता?

मायावती का पूरा फोकस दलित, मुस्लिम और ब्राह्मणों पर दिखाई दे रहा है। मायावती की पार्टी की ओर से तीन अलग-अलग सूची जारी की गई है। बुधवार को 12 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया था। इससे पहले 16 प्रत्याशियों की पहली और नौ उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी पार्टी की ओर से जारी की गई थी। उत्तर प्रदेश में सियासी बिसात जबरदस्त तरीके से देखने को मिल रही है। कुछ समय पहले तक खामोश रही बहुजन समाज पार्टी अपनी ताकत दिखाने की शुरुआत कर चुकी है। उत्तर प्रदेश के चुनावी रण में मायावती ने अकेले मैदान में उतरने का फैसला लिया है। बड़ा सवाल यही है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में महज एक सीट पर सिमटने वाली बसपा लोकसभा चुनाव में क्या कमाल कर पाएगी। लेकिन जिस तरीके से मायावती टिकटों का बंटवारा कर रही हैं, उससे इस बात का संकेत साफ तौर पर हो रहा है कि बसपा खुद को कमजोर नहीं मानती। इतना ही नहीं, कई सीटों पर मायावती समाजवादी पार्टी का खेल बिगाड़ती नजर भी आ रही हैं। साथ ही साथ 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग के सहारे मायावती ने उत्तर प्रदेश की सत्ता हासिल की थी, ठीक उनकी ओर से वैसा ही कुछ इस बार करने की कोशिश की जा रही है। मायावती का पूरा फोकस दलित, मुस्लिम और ब्राह्मणों पर दिखाई दे रहा है। मायावती की पार्टी की ओर से तीन अलग-अलग सूची जारी की गई है। बुधवार को 12 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इससे पहले 16 प्रत्याशियों की पहली और नौ उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी पार्टी की ओर से जारी की गई थी। बसपा की ओर से सभी सीटों पर नए चेहरे पर दांव लगाया गया है। 2019 में चुनाव जीतने वाले 10 सांसदों में से सिर्फ गिरीश चंद्र जाटव को ही टिकट दिया गया है। उनकी सीट बदल दी गई है। इस बार नगीना की बजाय बुलंदशहर से उन्हें उतर गया है। तीसरी लिस्ट की 12 प्रत्याशियों में तीन ब्राह्मण, तीन दलित, दो मुस्लिम, एक ठाकुर और एक खत्री के अलावा दो ओबीसी हैं। जबकि पहले जो 25 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई थी उसमें आठ सवर्ण, 7 मुस्लिम, 7 अनुसूचित जाति और दो ओबीसी को मैदान में उतर गया था। पार्टी की ओर से ठीक इसी तरीके की रणनीति 2007 में दिखाई गई थी।

## बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक

(ललित गर्ग)

*चिराग इस मामले में अन्य क्षत्रप या नेता पुत्रों से थोड़ा अलग इसलिए भी हैं कि उनका नजरिया और अंदाज भविष्योन्मुखी और विकासवादी प्रतीत होता है। यही कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिराग में राजनीतिक संभावनाओं को गहराई से समझा है। इन सबके बावजूद यक्ष प्रश्न यह है कि क्या चिराग अपने पिता की दलित राजनीति की विरासत को कोई नया आयाम दे पाएंगे। या फिर वह इस विरासत से इतर मुख्यधारा की राजनीति में अपनी काबिलियत दिखाएंगे।*

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले युवा नेता चिराग पासवान इन दिनों बिहार की राजनीति में लाइमलाइट में हैं। राजनीतिक कौशल एवं प्रभावी रणनीति के तहत तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूती देते हुए बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक बन रहा है। चिराग पासवान सक्षम जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मौलिक सोच एवं संवेदनाओं के प्रतीक हैं। उन्हें सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनाने एवं अपनी उपस्थिति का अहसास कराने का छोटी उम्र में बड़ा अनुभव है जो भारतीय राजनीति के लिये शुभता का सूचक है। लोकतंत्र का सच्चा जन-प्रतिनिधि वही है जो अपनी जाति, वर्ग और समाज को मजबूत करने के साथ देश को मजबूत करें। 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की लड़ाई लड़ने वाले चिराग 14 करोड़ बिहारियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रतिबद्ध है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। गतदिनों भाजपा मुख्यालय से विनोद तावड़े ने बिहार के एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग का अपना फॉर्मूला सार्वजनिक किया, जिसमें भाजपा को 17 सीटें, जदयू को 16 सीटें तो चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) के खाते में 5 सीटें गईं। वहीं उपेंद्र कुशवाह और जीतनराम मांझी की पार्टी को एक-एक सीट दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास की एक बड़ी तस्वीर सामने आई, जिसमें नीतीश चिराग के कंधे पर हाथ रखे आशीर्वाद की मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह का एक चित्र पहले चर्चित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चिराग की पीठ थपथपाते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी को लेकर अक्सर बड़ी-बड़ी बातें हर किसी मंच से होती रहती हैं लेकिन कोई दल उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका नहीं देता क्योंकि उनकी नजर में युवा वोट भर हैं। राजनीतिक दल उनका इस्तेमाल भीड़ और ट्रौलिंग के लिए करते रहते हैं। हालांकि इस मिथक को चिराग ने तोड़ा, 2014 के लोकसभा चुनाव में जमुई सीट पर 80 हजार से ज्यादा मतों से विजयी हुए थे तो एक ही संसदीय दौर में उन्होंने जनता का विश्वास इस कद्र जीता कि 2019 के चुनाव में चिराग ने 5 लाख से ज्यादा वोट हासिल करते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। करिश्माई व्यक्तित्व वाले चिराग ने आगामी चुनाव में एनडीए को बिहार में 40 में से 40 सीटें मिलने का दावा किया है। इसमें कोई संदेह भी नहीं है क्योंकि 2019 में जब एनडीए में 3 पार्टियां थी, तब 40 में से 39 सीटें जीती थीं और इस बार 5 पार्टियां हैं और लोगों का उत्साह बताता है कि बिहार में 40 सीटों के साथ एनडीए देश में 400 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पार कर लेगा। चिराग पासवान एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा लोक जनशक्ति पार्टी के राजनेता है। वे भारतीय राजनीति में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दलितों के शीर्ष नेता एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रामविलास पासवान के पुत्र हैं। चिराग ने न केवल बिहार की राजनीति में बल्कि समूची देश की राजनीति में युवा संभावनाओं को उजागर करने की खनक पैदा की है। यह वह आहट है जो भारत की राजनीति को एक नयी दिशा एवं दृष्टि प्रदत्त करेंगी। क्योंकि चिराग वोट की राजनीति के साथ-साथ सामाजिक उत्थान की नीति के चाणक्य है। वे रोजगार के नाम से एक एनजीओ भी चलाते हुए बिहार के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार दिलाने की मुहिम को संभव किया है। 'चिराग का रोजगार' एक मौलिक सोच की निष्पत्ति है और चिराग भारत की राजनीति में एक मौलिक सोच के प्रतीक नेता के रूप में उभर रहे हैं और मौलिकता अपने आप में एक शक्ति होती है, जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। मौलिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार या कार्यक्रम है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मौलिक विचार तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र की बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है अन्यथा ऐसे लोगों से दुनिया भरी पड़ी है जो पीछे-पीछे चलना चाहते हैं और चाहते हैं कि सोचने का काम कोई और ही करे। चिराग ने भारत की राजनीति में युवा पीढ़ी के लिए कुछ नया सोचा है, कुछ मौलिक सोचा है, तो सफलता निश्चित है। वे इसी सोच से प्रदेश की राजनीति से केन्द्र की राजनीति की ओर अग्रसर होकर सफल नेतृत्व देने में सक्षम साबित होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। लोजपा अब पूरी तरह युवाओं के हाथ में है। चिराग युवा हैं, सक्षम है, प्रखर वक्ता है, कुशल संगठनकार एवं प्रबन्धक हैं और विगत में उन्होंने अनेक अवसरों पर अपनी इन क्षमताओं के साथ-साथ निर्णायकता साबित की है। कई मौकों पर यह बात सामने आई है कि बिहार के साथ-साथ केंद्रीय राजनीति के दांव-पेच और समीकरणों को भी वह अच्छी तरह जानने-समझने लगे हैं। हालांकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती दलित राजनीति के अगले ध्वजवाहक बनने और अपने लक्षित मतदाता समूह में पिता जैसी स्वीकार्यता पाने की होगी। चिराग नई लकीर खींचने में पारंगत है, वे अपने पिता की प्रतिछाया ही न बनकर कुछ नये प्रतिमान स्थापित करेंगे, राजनीति की नई परिभाषाएं गढ़ंगे। क्योंकि वे विपरीत स्थितियों में सामंजस्य स्थापित करके भरोसा और विश्वास का वातावरण निर्मित करने में दक्ष है। युवापीढ़ी और उनके सपनों का मूर्च्छित होना और उनमें निराशा का वातावरण निर्मित होना- एक सबल एवं सशक्त राष्ट्र के लिये एक बड़ी चुनौती है। चिराग ने यह अनुभव किया, यह उनकी सकारात्मक राजनीति एवं मानवतावादी सोच का ही परिणाम है।

## गरम दिनों की चेतावनी और सावधानी का आया समय

(राजीव दासगुप्ता, प्रोफेसर, कम्यूनिटी हेल्थ, जेएनयू)

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने वैश्विक जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में 2023 को दस वर्ष की अवधि में सबसे गरम वर्ष के रूप में दर्ज किया है। आज औसत वैश्विक तापमान उद्योग पूर्व दौर के तापमान से 1.45 डिग्री सेल्सियस ऊपर है। जाहिर है, यह जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते की 1.5 डिग्री सेल्सियस की निचली सीमा के करीब है। अब विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव दुनिया को चेतावनी दे रहे हैं। दुनिया में तापमान बढ़ने की यह प्रवृत्ति इस वर्ष भी जारी है; जनवरी 2024 रिकॉर्ड पर सबसे गरम जनवरी है। ऐसे में, यह चिंता जायज है कि आने वाले दिनों में क्या होने वाला है? यहां गौर करने की बात है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इसी सप्ताह की शुरुआत में अप्रैल से जून महीने के दौरान औसत से ज्यादा गरम दिनों को लेकर सामान्य पूर्वानुमान जारी किया है। दक्षिणी प्रायद्वीप के बड़े हिस्से, मध्य भारत, पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की आशंका जताई है। यहां यह बताते चलें कि यदि सामान्य तापमान 4.50 डिग्री सेल्सियस से 6.40 डिग्री तक बढ़ जाता है, तो लू की स्थिति बनती है और जब 6.40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है, तो गंभीर लू के हालात बनते हैं। देश में शुरू हो चुके गरम दिनों में अधिकतम तापमान जब 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर हो जाए, तो लू की स्थिति बनेगी और तापमान जब 47 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाए, तो गंभीर लू चलने की घोषणा हो जाएगी। ध्यान रहे, लू की स्थिति तभी घोषित होती है, जब कम से कम दो मौसम विज्ञान उप-केंद्रों पर दो दिन लगातार निर्धारित उच्च तापमान दर्ज किया जाता है। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संयुक्त रूप से रंग कोड आधारित गरमी की चेतावनी जारी करते हैं, इनमें हरा अलर्ट मतलब सामान्य दिन, पीला अलर्ट मतलब गरमी का अलर्ट, ऑरेंज अलर्ट मतलब भीषण गरमी और रेड अलर्ट मतलब दिन भर अत्यधिक गरमी की चेतावनी। चेतावनियों को समझते हुए लोगों को अपनी दिनचर्या तय करनी चाहिए। वैसे तो गरमी एक सामान्य बात है, पर गरमी के प्रति लोगों के शरीर की प्रतिक्रिया और उसे सहने की क्षमता व्यक्ति-दर-व्यक्ति अलग-अलग होती है। गरमी से होने वाला तनाव भी अलग-अलग रूपों में नजर आता है। औसत से अधिक गरम हालात के संपर्क में आने पर या गरमी में तेज वृद्धि से मानव शरीर की तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप गरमी में ऐंठन, थकावट, हीटस्ट्रोक और हाइपरथर्मिया सहित कई स्थितियां पैदा होती हैं। हालांकि, इनमें से प्रत्येक स्थिति को चिकित्सकीय रूप से परिभाषित किया गया है और डॉक्टरों द्वारा चिकित्सकीय रूप से मान्यता भी मिली हुई है, पर जरूरी नहीं कि देश भर में बोली जाने वाली विभिन्न स्थानीय भाषाओं में भी गरमी को लेकर इसी तरह के शब्द हों। वैसे ध्यान रहना चाहिए, गरमी की वजह से स्थितियां एक ही दिन में तेजी से बिगड़ सकती हैं, अस्पताल में भर्ती होने और मौत की भी नौबत आ सकती है। बीमार पड़ने पर दिनचर्या कई दिनों तक प्रभावित हो सकती है। बुजुर्गों और कमजोर लोगों में मौजूदा बीमारियां और भी बदतर हो सकती हैं। विशेष रूप से हृदय, श्वसन और मस्तिष्क संबंधी रोग, मधुमेह से संबंधित शिकायतें बढ़ सकती हैं। ये दुष्प्रभाव आमतौर पर हीटवेव या लू के शुरुआती दिनों में ही स्पष्ट हो जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि मौसमी औसत तापमान में आने वाला मामूली अंतर भी बढ़ती बीमारी और मौत की वजह बन सकता है। केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के साथ ही सभी मौसम विज्ञान से जुड़े संस्थान, अकादमिक और गैर-सरकारी संगठन भी तापमान से जुड़े इन जटिल मुद्दों को संबोधित करने और दुष्प्रभाव घटाने में लगे हुए हैं। कमजोर आबादी पर अत्यधिक गरमी के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए राज्य और अनेक शहरों द्वारा विशेष हीट एक्शन प्लान (एचएपी) विकसित किए गए हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष
इन दिनों आपका सब कुछ ठीक ठीक ही चल रहा है। कारोबार की स्थिति भी सुधरती जा रही है। किसी बड़े अधिकारी पर आपका हाथ रहेगा और आपको नौकरी में भी मजबूत स्थिति से लाभ होगा। विरोधियों और आलोचना करने वाले भी आज आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। मित्रों का सहयोग लेना जरूरी है।

### वृष
आज का दिन भाग्यशाली है। बेहतर होगा कि आप अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखे कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत नहीं होती। आज न चाहते हुए भी आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ता है जो औरों के लिए असुविधाजनक हो सकता है। आपके लिए आज का दिन शुभ है।

### मिथुन
आज किसी परीक्षा प्रतियोगिता के लिए आपको तैयार रहना है, अगर आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई अनुबंध करने की जरूरत पड़े तो कर सकते हैं। उसमें आपको लाभ होगा। दिन के समय कोई जरूरी कार्य करना हो तो आपको बाहर जाना पड़ सकता है।

### तुला
आज छोटे मोटे काम के बिगड़ जाने से आप चिंता में पड़ सकते हैं। आज आपके इस काम में सुधार हो सकता है। किसी व्यर्थ की डर या आशंका से आपका मन अशांत रह सकता है। दोपहर बाद कुछ भागदौड़ करने से छिटपुट लाभ हो सकते हैं। आपको मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। अपराह्न तक अच्छा समय चलेगा।

### वृश्चिक
आज आपकी तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने से आपकी स्थिति सुधरेगी। निजी संबंधों के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे। एक नया दोस्त आपके प्रति आकर्षित होगा और आपकी हर कार्य में मदद करेगा। संसाधन जुटाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त करना चाहिए।

### धनु
आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपका चल रहा है, इसलिए किसी भी मामले में सावधान रहें। आज आपको सेहत के मामले में सावधान रहने की जरूरत है, बेहतर होगा कि हर मामले में सावधान रहें। दिन के पहले हिस्से में डॉक्टर से मिलना बेहतर रहेगा उसके बाद आप अपने रूटीन काम करें।

### कर्क
आज आपके धन में वृद्धि होगी। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वहीं धोखा दे जाता है। कुछ ऐसी ही घटना आज भी हो सकती है जो आपको दुखी कर सकती है। मिश्रित फलदायक दिन है। एकाध काम अच्छा हो जाने से आपको संतोष होगा। किसी अच्छे समाचार मिलने से निराशा भी खत्म होगी।

### सिंह
आज का दिन परेशानियों वाला रहेगा। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं चलेगा। दिन के पहल हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। जहां तक हो सके इनमें महत्वपूर्ण कार्य पूरे पहले कर लें। दोपहर बाद फिर समय ठीक नहीं है। बनते काम में रुकावटें पैदा होंगी और उसका मानसिक अवसाद शाम तक बना रहेगा।

### कन्या
आज का दिन धन सम्मान से भरा होगा। आपकी बौद्धिक क्षमता में विस्तार होगा। प्रियजनों की तरफ से भी अच्छी खबरें मिलेंगी और किसी धार्मिक कार्य के लिए योजना बनाते वक्त आपकी सलाह ली जाएगी। आपको खुशी होगी।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। आपको हर काम में दोस्तों से सपॉर्ट मिलेगा। दोपहर तक आर्थिक मामलों में हर संकोच खत्म हो जाएगा। कार्यक्षेत्र की धीमी गति से मानसिक तनाव पैदा हो सकता है। किसी मामले में बेफिक्र रहें और अपने काम पर ध्यान दें। पैसों का खर्च संभलकर करें।

### कुंभ
आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और इस वक्त आपको अपने कार्य समय से पूर्ण करने की जरूरत है। सभी कार्यों को समय पर निबटाने का दौर चल रहा है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिन्ता भी बढ़ा सकते हैं। यदि आप किसी की बातों में आएंगे तो आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। कोई भी फैसला जल्दी में न करें।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कोई आपकी झूठी तारीफ करे तो आपको उससे सावधान रहने की जरूरत है। आपको दूसरों के किसी मामले में बोलने की जरूरत नहीं है। ऐसे ही लोगों में आज आपका समय व्यतीत होगा। जो सही पात्र हो उसका ही कल्याण करें। मित्रों से चर्चा होगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

## वर्ग पहेली 5343

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. डिस्कवरी ऑफ इंडिया के लेखक और प्रमुख राजनीतिज्ञ की आज पुण्य तिथि है (6)
7. सिंचाई आदि के लिए बनाया गया कृत्रिम जलमार्ग (3)
8. मुंह या किनारे तक, लबालब (4)
10. येन मुद्रा का प्रचलन इस देश में है (3)
11. जंगल, अरण्य, कानन (2)
12. खरी-खोटी कहना, श्रवण कराना (3)
14. रसीद, पहुंच पत्र, प्राप्ति की स्वीकृति (3)
16. शास्त्रीय संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया (2)
17. समा जाना (3)
19. चौकोर चीज, पांसा (2)
21. दीर्घ मात्रा (2)
22. सौ करोड़ की संख्या (3)
23. कक्षा, समुदाय, संघ (3)
24. भगवान श्रीरामचंद्र के नामों में से एक (5)

**ऊपर से नीचे**

1. जनक की पुत्री होने के कारण सीता का एक नाम (5)
2. एक प्रशंसा सूचक शब्द, धन्व (2)
3. हानि का बदला, क्षतिपूर्ति (4)
4. प्रेम करना और पालना (6)
5. अधर, रदपट, ओंठ, ओष्ठ (2)
6. स्वकुल, आत्मीयजन, अपने लोग (3)
9. सत्ताईस नक्षत्रों में से अंतिम नक्षत्र, पुराणानुसार राजा रेवत की पुत्री बलराम की पत्नी थी (3)
13. सेवक को जीविका हेतु पुरस्कार में दी जाने वाली जमीन यह कहलाती थी (4)
15. अवस्था, उम्र (2)
18. यह लेबनान की राजधानी है (3)
20. इस मुगल शासक का मूल नाम जहीरूद्दीन मुहम्मद बादशाह था, इसका अरबी शब्द का अर्थ बाघ होती है (3)
21. बदगुमानी, कुधारणा (3)
22. यह एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम है(2)

### वर्ग पहेली 5342 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मी | र | खु | स | रो | | |
| दा | ना | | द | हे | ज | | ज |
| | र | जा | | ली | ना | | न |
| भू | | म | म | | म | म | ता |
| | सा | वं | त | | चा | ल | |
| कु | | त | ल | ब | | य | क्ष |
| वै | ट | | बी | ना | | गि | |
| त | ब | का | | ना | ग | रि | क |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन दोस्त घायल

**धनबाद, एजेंसी।** कतरास से धनबाद आ रहे बाइक सवार तीन दोस्त बुधवार को सड़क हादसे के शिकार हो गए। घटना मंगलवार दोपहर की है। तीनों को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है। कतरास निवासी श्रीनिवास रजक के पैर में गहरी चोट है। बताया गया कि कतरास निवासी श्रीनिवास अपने दो दोस्त तेतुलमारी निवासी शंकर महतो और देवाशीष के साथ एक बाइक से कतरास से धनबाद आ रहे थे। इस दौरान भूली से पहले आठ लेन सड़क पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और तीनों सड़क पर गिर गए। घटना में श्रीनिवास के दाएं पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं बाइक चला रहे शंकर और पीछे बैठे देवाशीष को हल्की चोट आई है। घटना के बाद शंकर और देवाशीष अपने घायल दोस्त को लेकर अस्पताल गए, जहां इलाज किया जा रहा है।

### रायडीह में बाईक सवार समेत दो युवक गंभीर रूप से जख्मी

**गुमला/रायडीह, एजेंसी।** सलकाया मार्ग एसएस हाई स्कूल पतराटोली के समीप मंगलवार संध्या करीब 5.30 बजे बाईक सवार दो युवक सड़क दुघर्टना में घायल हो गये। घायलो में 20 वर्षीय अरुण मुंडा करंज डाड़टोली सिसई व 15 वर्षीय गौतम राम ग्राम सलकाया शामिल हैं।। जानकारी के अनुसार गौतम राम अपने मित्र के साथ रायडीह प्रखंड मुख्यालय आया था,और वापस घर लौटने के दौरान एसएस हाई स्कूल रायडीह के समीप पुल पर बैठा हुआ था। वहीं सलकाया की ओर से बाईक सवार अनियंत्रित होकर पुल पर बैठे गौतम राम को सीधा टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार भी गिर गया और घायल हो गया। अनन फनन मे स्थानीय ग्रामीणो द्वारा दोनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दोनो को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी सतार अंसारी को किया गिरफ्तार,चार फरार

**गुमला , एजेंसी।** सदर थाना क्षेत्र के पनसो बाजार में सोमवार को अकील अंसारी के साथ मारपीट करने के एक आरोपी सत्तार अंसारी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे पूर्व सोमवार देर शाम आरोपी को गिरफ्तार करने पनसो गांव पहुंची कोटाम पिकेट के पुलिस कर्मियों पर आरोपी के परिजन और महिलाओं ने हमला भी कर दिया था। जिसके कारण पुलिस को लौटना पड़ा था। फलस्वरूप मंगलवार को पुलिस दुबारा पर्याप्त बल के साथ पनसो पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस मामले के चार आरोपी फिलहाल फरार चल रहे है।जानकारी के मुताबिक सोमवार को मारपीट के बाद अकील के परिजन गुमला थाना मे नामजद प्राथमिकी दर्ज करा कारवाई की मांग की थी। सोमवार को लूटो निवासी 35 वर्षीय अकील अंसारी बाइक से पनसो बाजार गया था। जहां उस पर पनसो निवासी सत्तार अंसारी, आदम अंसारी,जहीर अंसारी,अफसर अंसारी, दिलशाद अंसारी लाठी डंडा व पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। स्थानीय लोगो ने उसे बचाते हुए घायल अवस्था में इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया था। मामले के चार आरोपियों को धर दबोचने के लिए पुलिस प्रयासरत है।

### बाबूलाल मरांडी पहुंचे गिरिडीह : गावां दुर्गा मंदिर में की पूजा अर्चना, मत्था टेका, पार्टी कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**गिरिडीह , एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को गिरिडीह के गावां पहुंचे। यहां उन्होंने गावां बाजार स्थित काली मंडा मंदिर में वासंतिक दुर्गा पूजा के मौके पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर राज्य के सुख समृद्धि की कामना की। बाद में उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान कई लोगों ने अपनी समस्याओं को भी रखा। इधर बाद में वह प्रखंड के पटना पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व जिप सदस्य राजेन्द्र चौधरी के मां की अचानक निधन हो जाने पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर जेएसएलपीएस सांसद प्रतिनिधि उषा कुमारी, रंजन ठाकुर, आशा शर्मा, सरयू पासवान, मनोज यादव, मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, चंद्रशेखर आजाद, ललित पांडेय, विकास जॉनी, पवन सिंह, बबलू साहा, बनारस सिंह, मनोज सिंह, विशाल पांडेय, जयप्रकाश राम, अजीत शर्मा समेत कई उपस्थित थे।

### कामडारा में किसानों को मिली तालाब आधारित कृषि की ट्रेनिंग

**गुमला/कामडारा, एजेंसी।** कामडारा में मंगलवार को आईएफएस मॉडल तालाब आधारित समिति कृषि से जुड़े किसानों का बीआरएफएल और प्रदान द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बीआरएफएल के सुमन पोदार ने किसानों को तालाब आधारित समेकित कृषि पर जानकारियां देते हुये बताया कि किसान मछली पालन के साथ एक दूसरे खेती जोड़ते हुऐ कम लागत में अच्छी आमदनी कर सकते हैं,और अपने गांव में ही रोजगार के माध्यम से मुनाफा कमा सकते हैं। वहीं बीआरएलएफ के सहयोग से आईएफएस के बीच हैंड व्हील हुए ,मैनुअल ऑगर मशीन, प्रूनिंग एभी 3 बी , हैंड होए खुरपा जैसे आधुनिक उपकरण का वितरण किया गया। सेमिना एग्री कम्पनी के अशोक कुमार द्वारा आधुनिक उपकरण केउपयोग करने के बारे बताया गया। प्रशिक्षण में प्रदान और एमभीएल की बोर्ड दीदी सावित्री देवी,एक्सपर्ट अमित कुमार, अफीन बड़ाईक,नागेन्द्र सिंह, नवीन गुड़िया, एलिसबा बरला समेत आईएफएस किसान मौजूद थे।

# झारखंड में गर्मी से लोग बेहाल, अगले चार दिनों तक चढ़ता रहेगा पारा



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों में मंगलवार को तापमान में वृद्धि होने से गर्म मौसम का सामना करना पड़ा। राज्य में संताल, कोल्हान और पलामू में सूर्य की तीखी तपिश के कारण जनजीवन बेचैन रहा। आनेवाले दिनों में और तापमान बढ़ने के आसार हैं। मंगलवार को सबसे अधिक गर्मी सरायकेला खरसांवा में महसूस की गई। यहां अधिकतम तापमान मंगलवार को 43.7 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि गोड्डा समेत राज्य में आठ शहरों का तापमान 40.0 डिग्री के पार रहा। राज्य में अगले चार दिनों तक गर्मी कायम रहेगी। तापमान में और इजाफा हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान से एक से दो डिग्री की वृद्धि हुई। गोड्डा राज्य का दूसरा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि देवघर, जमशेदपुर, गढ़वा, मेदिनीनगर, जामतारा, पाकुर आदि का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश पर बने एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन से होकर छतीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से तक एक ट्रफ कायम है। यह कमजोर है। 20 अुप्रैल के बाद मौसम परिवर्तन की संभावना है। हालांकि इससे कुछेक दिन की राहत मिल सकती है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया, राज्य में अगले चार दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान गर्मी में और इजाफा हो सकता है। रांची का तापमान 40 के करीब तक जा सकता है। वहीं संताल, पलामू और कोल्हान के जिलों में तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। गर्मी से जनजीवन को बचने के सुझाव जारी किए गए हैं।

वहीं गुरुवार 18 अप्रैल को मौसम साफ व शुष्क रहेगी। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री एवं अधिकतम 41 डिग्री रहने की संभावना है। जबकि शुक्रवार 19 अप्रैल को मौसम साफ व शुष्क रहेगा। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री एवं अधिकतम 42 डिग्री रहेगा।

जबकि शनिवार 20 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री एवं अधिकतम तापमान इस मौसम का सर्वाधिक 43 डिग्री सेल्सियस रहने का संभावना है। मौसम साफ व शुष्क रहेगा। कड़ी धूप खिली हुई रहेगी। 21 अप्रैल रविवार एवं 22 अप्रैल को आंशिक बादल रह सकता है लेकिन गर्मी प्रचंड रूप में रहेगी।

## झामुमो नेता तिर्की सहित तीन के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची , एजेंसी।** रांची में हुए जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को फिर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की के आवास सहित तीन लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। इनमें अंतु तिर्की के बरियातू में झामुमो मुख्यालय के पास स्थित आवास, जमीन कारोबारी विपिन सिंह के मोरहाबादी में टैगोर हिल के पास स्थित आवास और कोकर के बैंक कॉलोनी निवासी प्रियरंजन सहाय का आवास शामिल है।

अंतू तिर्की मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर मोरहाबादी मैदान गए थे। तभी उनके घर से फोन पर ईडी के पहुंचने की जानकारी दी गई। उन्हें तुरंत घर बुलाया। ईडी की टीम गाड़ीगांव के पास रहने वाले जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा के ठिकाने पर भी पहुंची। लेकिन वे नहीं मिले तो टीम वापस लौट गई। ईडी ने पिछले साल भी जमीन घोटाला मामले में अंतु तिर्की को छोड़कर अन्य सभी के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

जांच एजेंसी को इन ठिकानों से जमीन के कागजात सहित अन्य दस्तावेज मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। इन दस्तावेजों के आधार पर इन लोगों को जल्दी ही पूछताछ के लिए समन जारी किया जाएगा। यह छापेमारी भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमीन से जुड़े हुए हैं।

# सिंहभूम में पहली बार दो महिलाओं के बीच होगा मुख्य मुकाबला

### 16 में से 14 बार हो आदिवासी समाज से उम्मीदवार की जीत दर्ज

**सिंहभूम, एजेंसी।** झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव में इसबार सबकी निगाहें सिंहभूम सीट पर टिकी हुई हैं। बीते 67 सालों में पहली बार यहां से प्रमुख रूप से दो महिला प्रत्याशियों में आमने-सामने के मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने 'हो' आदिवासी समाज से आने वाली गीता कोड़ा को मैदान में उतारा है तो इंडिया की ओर से झामुमो के टिकट पर विधायक जोबा मांझी मैदान में हैं। जोबा मांझी संताली समाज से आती हैं।

1957 से अबतक इस सीट पर कुल 16 लोकसभा चुनाव हुए हैं। जिसमें से 14 बार हो समाज से आने वाले प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इस सीट पर पहली बार 1957 में लोकसभा चुनाव हुआ था। 1952 में देश में पहले लोकसभा चुनाव में सिंहभूम लोकसभा सीट शामिल नहीं था। 1991 के चुनाव में अंतिम बार यहां से संताली समाज से आने वाले कृष्णा मार्डी ने जीत दर्ज की थी।जोबा मांझी अगर इस बार जीत दर्ज करतीं हैं तो 33 साल बाद ऐसा होगा जब हो बहुल क्षेत्र में कोई संताली जनता का प्रतिनिधित्व करेगी। दूसरी तरफ गीता कोड़ा को इस बार मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र कर जीत का दावा कर रही हैं। अगर वह मैदान मारती हैं तो हो के कब्जे का रिकॉर्ड बरकरार रखेंगी। बता दें कि सिंहभूम सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है और यह हो बहुल है। यहां 61 आदिवासी मतदाता हैं, जिसमें हो समुदाय 54 हैं।





### जोबा मांझी के पति भी लड़ चुके हैं चुनाव

सिंहभूम सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पति देवेंद्र मांझी भी चुनाव लड़ चुके हैं। वे झारखंड के बड़े आदिवासी नेताओं में से एक थे। उन्होंने 1984 में निर्दलीय इस सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी बागुन सुम्ब्रुई से हार का सामना करना पड़ा। बागुन सुम्ब्रुई हो समाज से आते थे। वहीं, देवेंद्र मांझी संताली आदिवासी थे। चुनाव में जीत और हार का अंतर करीब 24.9 प्रतिशत का था। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। सभी विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों में से तीन पर हो आदिवासी समाज के विधायक आते है। इस सीट से मौजूदा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी चुनाव लड़ चुके हैं। 1999 के चुनाव में उन्होंने झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ा था। हालांकि वे तीसरे स्थान पर थे। पहले और दूसरे स्थान पर हो आदिवासी समाज से आने वाले क्रमश लक्ष्मण गिलुआ और विजय सिंह सोय थे। चंपाई सोरेन का वोट प्रतिशत 14.8 प्रतिशत था। चंपाई सोरेन भी संताली आदिवासी समाज से आते हैं। संताली कृष्णा ने अंतिम बार 1991 में कांग्रेस के विजय को हराया था सिंहभूम सीट से अंतिम बार संताली आदिवासी समाज से आने वाले कृष्णा मार्डी ने 1991 में जीत दर्ज की थी। उन्होंने झामुमो के टिकट पर कांग्रेस के विजय सिंह सोय को हराया था। उनकी जीत का अंतर 13.4 प्रतिशत का था। उसके बाद इस सीट हमेशा हो समाज से आने वाले प्रत्याशियों की ही जीत होते रही है। झामुमो अंतिम बार 1991 में ही इस सीट से चुनाव जीती थी।

# भाजपा नेता पर नाबालिग लड़की से रेप का आरोप, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी, पार्टी ने पद से हटाया

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मनातू में भाजपा नेता सत्येंद्र यादव पर नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर मनातू थाने में पीड़िता के परिजनों ने केस दर्ज कराया है। आरोपी सत्येंद्र भाजपा का मनातू प्रखंड अध्यक्ष है। रविवार को हुई इस घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**भाजपा ने पद से हटाया :**आरोप लगने के बाद पार्टी के पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने सत्येंद्र यादव को पद से हटा दिया है। साथ ही पत्र जारी करते हुए कहा है कि उत्पीड़न मामले की जांच होने तक सत्येंद्र यादव को पार्टी प्रखंड अध्यक्ष पद से दायित्व मुक्त किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, नाबालिग अपने नानी घर में रहती है। रविवार को



वह महुआ चुनकर लौट रही थी।

इसी दौरान सत्येंद्र यादव ने उसे रोका और बातचीत करने लगा। बातचीत के क्रम में उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी :**घटना सार्वजनिक होने पर शुरुआत में गांव स्तर पर ही मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया, परंतु पीड़िता के परिजन इसके लिए तैयार नहीं हुए। वे लोग मनातू थाने में पहुंचे और सत्येंद्र यादव के खिलाफ दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई। मनातू पुलिस ने मंगलवार को मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पीड़िता की मेडिकल जांच कराई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

### मंदिर से आरती कर लौट रही युवती से मारपीट

हैदरनगर थाना क्षेत्र के खिलपर गांव निवासी उपेन्द्र नोनिया ने बेटी सलोनी कुमारी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने की शिकायत गांव के युवकों के खिलाफ की है।हैदरनगर थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गांव के देवी मंदिर में आरती कर लौटने के क्रम में गांव के राहुल कुमार, प्रकाश चौहान, आकाश कुमार, सिकेन्द्र चौहान, सुनील चौहान, सरिता देवी व कविता देवी ने बेवजह उनकी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की है। शोर सुनकर जब वे पहुंचते तो बेटी के साथ-साथ उनके साथ भी आकाश कुमार व राहुल कुमार ने मारपीट की। इससे शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है। हैदरनगर के सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया है। आरोपियों ने उनकी बेटी का फोटो वायरल करने की धमकी भी देते हैं। सब-इंस्पेक्टर विवेक कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है।

## पीएम मोदी के दूरदर्शी और सुदृढ़ नेतृत्व में देश ने व्यापक परिवर्तन देखा है:प्रदीप सिन्हा

**गुमला, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और सुदृढ़ नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने जिस पर प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है वह अपने आप में इस बात की गारंटी है कि आने वाले समय में भारत एक नई ऊंचाइयों को छूकर एक विकसित भारत बनने की कतार पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। यह कहना है प्रदीप सिन्हा का। मंगलवार को वे गुमला में प्रेसवार्ता में मुखातिब थे। उन्होने कहा कि मोदी सरकार डंके की चोट पर जनता से अबकी बार 400 पार लोकसभा सीट की जीत मांग रहे है। वे देश की जनता की बुनियादी जरूरतों को ध्यान रखते हुए पिछले दस साल से बिना छुट्टी लिए बिना आराम किये सतत निरन्तर कार्य कर रहे हैं। इन्हीं सब कार्यो को फलीभूत कर मोदी सरकार ने 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने संगठन के लिए पूरे राष्ट्रीय स्तर पर जनता के बीच जा कर काम किया है। सदन में उनके प्रदीप सिन्हा द्वारा उठाये मुद्दों एवं जोरदार वक्तव्यों से सरकार, संगठन एवं जनता के बीच अपनी अलग छाप छोड़ी है एवं अलग पहचान बनाई है। इनके प्रयासों से गुमला जिला को रेलवे से जोड़ने के लिए सर्वे का काम भी पूर्ण हो चुका है। प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी सविंद्र सिंह, गुमला विधानसभा प्रभारी श्रीचन्द्र प्रजापति मौजूद थे।

## रामनवमी पर रांची में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ सुरक्षा में 2000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

**रांची , एजेंसी।** देशभर में रामनवमी धूमधाम से मनाई जा रही है। राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में भी आज रामनवमी मनाई जा रही है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। राजधानी रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में सुबह से लोगों की लंबी कतार लगी है। पूजा-पाठ और महावीरी झंडे के साथ लोग पहुंचे हैं।

इसी तरह मेन रोड के महावीर मंदिर और राम मंदिर में भी लोग पूजा के लिए पहुंच रहे हैं। चुटिया के पौराणिक राम मंदिर सहित शहर के अलग-अलग इलाकों के मंदिरों में पूजा-अर्चना की जा रही है।

इधर दोपहर बाद शहर के तमाम महावीर मंडल अपनी-अपनी शोभायात्रा लेकर निकलेंगे। सभी शोभायात्रा का जुटान मेन रोड के अलबर्ट एक्का चौक से गुजरते हुए तपोवन मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद यहां से वापस अपने-अपने अखाड़े लौट जाएगी।

राम नवमी के मौके पर होने वाली भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर राजधानी में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं पूरे शहर पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी। सादे लिबास में भी पुलिस बलों को तैनात किया गया है।

राजधानी में 2000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा में रैपिड एक्शन पुलिस(रैप) की चार कंपनी, जैप-10 की महिला बटालियन, इको की एक कंपनी, जैप-1, आइआरबी, वाटर केनन, वज्रवाहन, टियर गैस टीम को लगाया गया है। कुछ पुलिसकर्मियों को रिजर्व में सिटी कंट्रोल रूम (सीसीआर) में रखा गया है। श्री रामनवमी की भव्य शोभायात्रा आज निकाली जाएगी। रांची शहर के करीब 600 अखाड़ों के महावीरी झंडे निर्धारित मार्ग से होते हुए तपोवन मंदिर पहुंचेंगे। तपोवन मंदिर में झंडा पूजन के बाद सभी लौटेंगे। अल्बर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, डोरंडा, महावीर चौक, सुजाता चौक में विभिन्न अखाड़ों के झंडों का मिलन होगा। अल्बर्ट एक्का चौक में भजनों की गंगा बहेगी।

## नीरज हत्याकांड में पंकज सिंह सहित अन्य की पेशी

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के मामले में मंगलवार को न्यायालय में सुनवाई हुई। स्वास्थ्य खराब रहने के कारण जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को कोर्ट में पेश नहीं किया गया। वहीं धनजी सिंह, डबलू मिश्रा, संजय सिंह, पिंटू सिंह, शूटर शिबू उर्फ सागर, सोनू उर्फ कुर्बान, सतीश उर्फ रोहित उर्फ चंदन और मास्टरमाइंड पंकज सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखिलेश कुमार की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। 21 मार्च 2017 की शाम सात बजे स्टील गेट के पास अंधाधुंध फायरिंग कर नीरज सिंह सहित अन्य की हत्या कर दी गई थी। नीरज अपनी गाड़ी से अन्य लोगों के साथ सरायढेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे।

### एनओसी नहीं मिल रहा, कोर्ट ने एनएचएआई के अफसरों और निगम के चीफ इंजीनियर को किया तलब

**रांची , एजेंसी।** रांची शहर में सीवरेज ड्रेनेज परियोजना के फेज वन को पूरा कराने वाली जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कहा कि एनएचएआई की ओर नो-ऑब्जेक्शन नहीं दिया जा रहा है। जिस वजह से काम प्रभावित और रूका हुआ है। इस पर हाईकोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एडमिनिस्ट्रेटर और रांची नगर निगम के चीफ इंजीनियर को सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया। मामले में अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। नगर निगम की ओर से कहा गया कि 15 फीसदी काम बचा हुआ है। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने फेज टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में बताया था कि डीपीआर की स्क्रूटिनी का काम चल रहा है। अभी चुनाव आचार संहिता लगी है, इसलिए टेंडर प्रक्रिया भी नहीं की जाएगी।इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि डीपीआर की स्क्रूटिनी का काम कब तक पूरा हो जाएगा।

# झामुमो को झटके पर झटका, ईडी ने अंतु तिर्की को किया गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** कथित जमीन घोटाले में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पार्टी के सबसे बड़े नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। वह करीब 75 दिनों से जेल में बंद हैं। ऐसे में बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जमीन घोटाले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, रियल एस्टेट कारोबारी विपिन सिंह और इरशाद को अरेस्ट किया है। कल (मंगलवार) ईडी ने अफसर अली को गिरफ्तार किया था।

**रेड के अगले दिन गिरफ्तारी :**दरअसल, मंगलवार को ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह रेड कथित जमीन घोटाला मामले में की गई थी। ईडी की टीम सुबह 7 बजे अंतु तिर्की के घर छापा मारने पहुंची। देर शाम उन्हें ईडी ऑफिस ले जाया गया। सभी जगहों पर छापेमारी के बाद ईडी को कई डिजिटल डिवाइस, जमीन के कागज और बैंक अकाउंट मिले। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सब कुछ जब्त कर लिया है। बुधवार सुबह ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने छापेमारी का यह ऐक्शन सद्दाम से मिले इनपुट के बाद किया था।





**एक साथ चार पर ऐक्शन :**ईडी ने इस मामले में 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। उसके बाद भानु प्रताप को अरेस्ट किया गया। कुछ दिनों पहले केंद्रीय जांच एजेंसी ने मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया। एक दूसरे मामले में सद्दाम पहले से जेल में बंद है। ईडी ने सद्दाम पर हेमंत सोरेन के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने का आरोप लगाया। सद्दाम से मिले इनपुट के बाद ईडी ने मंगलवार को रांची में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान रिम्स कर्मी अफसर अली को गिरफ्तार किया गया। रेड के बाद अब ईडी ने जमीन घोटाले में एक साथ चार लोगों पर ऐक्शन लेते हुए गिरफ्तार किया है। इसमें एक झामुमो के नेता भी शामिल हैं। इस ऐक्शन के बाद झामुमो की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। इस मामले में अब तक ईडी ने कुल 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार



### आगरा सीट से बसपा की पूजा अमरोही... सीकरी से रामनिवास ने किया नामांकन

**आगरा, एजेंसी।** आगरा सीट से बसपा की पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी सीट से रामनिवास ने नामांकन दाखिल किया। कुल सात नामांकन हुए। जबकि पांच लोगों ने पर्चे खरीदे। उत्तर प्रदेश के आगरा में लोकसभा चुनाव में नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को आगरा लोकसभा सीट से बसपा से पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से रामनिवास शर्मा ने नामांकन दाखिल किए। इसके अलावा तीन निर्दलियों ने भी परचे दाखिल किए। उपजिलानिर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि आगरा सुरक्षित सीट से तीन नामांकन फार्म और फतेहपुर सीकरी सीट से दो नामांकन पत्र खरीदे गए। इस तरह कुल पांच नामांकन पत्र खरीदे गए। वहीं, आगरा लोकसभा सीट से सबसे पहले बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही अपने चुनिंदा समर्थकों के साथ वाल्मीकि वाटिका पहुंचीं। यहां भगवान वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद अपने प्रस्तावक रविंद्र पारस और अन्य बसपा नेताओं के साथ कलक्ट्रेट पहुंचीं। इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी के बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा ने भी नामांकन दाखिल किया।

**आज नहीं होंगे नामांकन दाखिल:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 17 को रामनवमी के अवकाश के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। इसके बाद 20 अप्रैल तक जांच और 22 को नाम वापसी होगी। सात मई को मतदान होगा।

### नामांकन के दौरान सांसद-विधायक की पुलिस से नोंक-झोंक, हुआ हंगामा



**हाथरस, एजेंसी।** सांसद राजवीर दिलेर व विधायक सादाबाद प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पहुंचे, लेकिन दोनों ही जनप्रतिनिधियों को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया गया। कलेक्ट्रेट में प्रवेश के लिए सादाबाद विधायक की पुलिस से नोकझोंक हो गई। काफी देर बाद कलेक्ट्रेट से एक फोन कॉल आने के बाद दोनों ही जनप्रतिनिधियों को प्रवेश मिल सका। हाथरस सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान 16 अप्रैल को फिर कलेक्ट्रेट पर नेताओं की पुलिस से तकरार हो गई। कलेक्ट्रेट में घुसने के लिए सांसद राजवीर दिलेर और सादाबाद विधायक प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से नोंक-झोंक हुई। पुलिस ने सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों की गाड़ी को कलेक्ट्रेट से 200 मीटर पहले लगे बैरियर पर ही रोक दिया। इस कारण सांसद पैदल ही नामांकन स्थल तक पहुंचना पड़ा।16 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि का नामांकन दाखिल कराने के लिए सांसद राजवीर दिलेर, सादाबाद विधायक प्रदीप कुमार गुड्डू चौधरी व अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे। शुरुआती दौर में नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ विधायक वीरेंद्र सिंह राना व अन्य लोग नामांकन स्थल पर प्रवेश कर गए। इसके बाद सांसद राजवीर दिलेर व विधायक सादाबाद प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पहुंचे, लेकिन दोनों ही जनप्रतिनिधियों को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया गया। कलेक्ट्रेट में प्रवेश के लिए सादाबाद विधायक की पुलिस से नोंक-झोंक हो गई। काफी देर बाद कलेक्ट्रेट से एक फोन कॉल आने के बाद दोनों ही जनप्रतिनिधियों को प्रवेश मिल सका।

# धारणा को तोड़ने की कोशिश में बसपा... हिसाब से भी ज्यादा मुसलमानों को दिया टिकट



**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी भाजपा की बी टीम होने की धारणा तोड़ने की कोशिश में है। मायावती ने इससे आगे बढ़ते हुए अब तक जो 55 टिकट दिए हैं उनमें 14 मुस्लिम हैं। जबकि बसपा ने भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों में से भी 11 को टिकट दिए हैं। मुस्लिम बहुल सीटों पर रणनीति के तहत खुद प्रत्याशी देने में कंजूसी बरतने वाली सपा और कांग्रेस गठबंधन के कई नेता बहुजन समाज पार्टी पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगाते रहे हैं। पर, बसपा ने कई सीटों पर ऐसे प्रत्याशी उतारे हैं जो सीधे तौर पर भाजपा की टेंशन बढ़ाने वाले हैं। बसपा की राजनीति पर गहराई से नजर रखने वाले प्रोफेसर गोपाल प्रसाद कहते हैं कि बेस वोट पर मंडराते खतरे को ध्यान में रखते हुए बसपा ने इस बार टिकट का वितरण रणनीतिक तौर पर किया है। जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी बसपा का नारा रहा है। मायावती ने इससे आगे बढ़ते हुए अब तक जो 55 टिकट दिए हैं उनमें 14 मुस्लिम हैं। यूपी की आबादी में मुसलमानों की करीब 20 फीसदी हिस्सेदारी है। जबकि बसपा 25.45 प्रतिशत टिकट मुस्लिमों को दे चुकी है। दूसरी ओर गठबंधन ने अब तक घोषित 72 सीटों में से सात टिकट ही मुसलमानों को दिए हैं। यह 10 प्रतिशत भी नहीं है। बसपा ने भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों में से भी 11 को टिकट दिए हैं। राजनीतिक विश्लेषक डॉ. अमित उपाध्याय कहते हैं कि गठबंधन मुस्लिम वोट लेकर अपनी सीटें बढ़ाने पर ध्यान देता दिख रहा है। गठबंधन के नेताओं का बसपा को भाजपा की बी टीम बताना रणनीतिक सियासी शरारत की तरह है, जिससे मुसलमानों को टिकटों में कम हिस्सेदारी की ज्यादा चर्चा न हो पाए। मायावती ने भाजपा के कई चर्चित चेहरों के सामने अपने रणनीतिक कैंडिडेट उतारकर गठबंधन के नेताओं के आरोपों से पिंड छुड़ाने और भाजपा की बी टीम होने की धारण को तोड़ने की कोशिश की है। करीब 10 सीटों पर बसपा, भाजपा की चुनौती बढ़ाई है।

जौनपुर लोकसभा सीट का पिछला चुनाव भाजपा हार गई थी। इस सीट को निकालने के लिए भाजपा ने कृपा शंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपा शंकर महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और मूल रूप से जौनपुर के ही रहने वाले हैं। अब मायावती ने ठाकुर समाज के ही बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दे दिया। धनंजय जेल में हैं। श्रीकला जौनपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। समाजवादी पार्टी ने यहां से बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। एक जमाने में बाबू सिंह मायावती के आंख-कान होते थे। मेरठ में भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद का टिकट काटकर टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा त्यागी समाज को अपने समर्थन में मानती रही है। कई त्यागी नेताओं को महत्वपूर्ण पद और प्रतिष्ठा से नवाजा है। मायावती ने मेरठ से देवव्रत त्यागी को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के कोर वोटबैंक में सेंध लगाने की चाल चल कर टेंशन बढ़ा दी है। बस्ती में भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद हरीश द्विवेदी को फिर टिकट दिया है। बसपा ने ब्राह्मण समाज से ही दयाशंकर मिश्र को टिकट देकर भाजपा की पेशानी पर बल ला दिया है। यहां सपा ने एक बार फिर पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी को उतारा है। चौधरी बसपा सरकार में मंत्री हुआ करते थे और मायावती के खास लोगों में गिनती होती थी। आजमगढ़ में सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव मैदान में हैं। भाजपा ने यहां से अपने मौजूदा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को उतारा है। यहां राजभर समाज की अच्छी तादाद है। इस समाज को साधने के लिए भाजपा ने ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा से गठबंधन किया है। पर, बसपा ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से उतार कर भाजपा के समीकरण की चुनौती बढ़ा दी है।

## टिकट वितरण में अपनो को तरजीह देने से नेता नाराज, सपा के अंदर उठ रहे सवाल

### अंसतोष थामने को क्या करेंगे अखिलेश?

**लखनऊ, एजेंसी।** सपा ने दूसरे दलों से आए नेताओं पर ज्यादा भरोसा जताया है। आधे से ज्यादा पार्टी प्रत्याशी बसपा, भाजपा या कांग्रेस पृष्ठभूमि वाले हैं। पार्टी के अंदर सवाल उठने लगे हैं। अंसतोष थामने को रणनीति बनानी होगी। सपा ने लोकसभा टिकट देने में दूसरे दलों से आए नेताओं पर ज्यादा भरोसा जताया है। यूपी में उसके अब तक घोषित प्रत्याशियों में आधे से ज्यादा बसपा, भाजपा या कांग्रेसी पृष्ठभूमि के हैं।



सपा में अंदरखाने इस स्थिति पर सवाल उठने लगे हैं। पार्टी के हमदर्दों का कहना है कि इस असंतोष को थामने के लिए शीघ्र ही कारगर कदम उठाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में सपा अभी तक अपने सिंबल पर 57 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, इनमें से 29 प्रत्याशी दूसरे दलों की यात्रा तय करके सपा में आए हैं। श्रावस्ती से सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा और गाजीपुर से प्रत्याशी अफजाल अंसारी बसपा के सांसद हैं। सलेमपुर से प्रत्याशी बनाए गए रमाशंकर राजभर वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीते थे। जौनपुर के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा बसपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे हैं। लालगंज सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाए गए दरोगा सरोज भाजपा से सपा में आए हैं। कुशीनगर के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार के पिता जन्मेजय सिंह दो बार देवरिया सदर सीट से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। पिंटू खुद विधानसभा उपचुनाव सुभासपा के टिकट पर लड़ चुके हैं। बस्ती के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी भी बसपा पृष्ठभूमि के हैं। डुमरियागंज के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर कुशल तिवारी संतकबीरनगर से बसपा के सांसद रह चुके हैं। इसी तरह से अम्बेडकरनगर के प्रत्याशी लालजी वर्मा बसपा सरकार में मंत्र रह चुके हैं। फूलपुर से प्रत्याशी बनाए गए अमरनाथ मौर्य भी बसपा पृष्ठभूमि के हैं और स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ सपा ज्वॉइन की थी।



### रामनवमी: मन प्रफुल्लित कर देंगी अयोध्या की तस्वीरें, राममंदिर, हनुमान गढ़ी, सरयू तट पर हजारों लोगों की भीड़

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनवमी के मौके पर आस्था का सैलाब अयोध्या में उमड़ पड़ा। रामलला के दर्शन के लिए लाखों भक्त अयोध्या में हैं। एक अनुमान के मुताबिक करीब पांच लोग आज अयोध्या आएंगे। मंदिर के पट आज सुबह साढ़े तीन बजे से खोल दिए गए। भक्तों के दर्शन का अनवरत सिलसिला शुरू हो गया। रात 11 बजे रामलला अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

## डूंगरपुर केस में आजम ने दाखिल की गवाहों की सूची, अब 22 को होगी सुनवाई, एक मामले में हो चुकी सजा



**रामपुर, एजेंसी।** रामपुर की एक अदालत में डूंगरपुर मामले की सुनवाई हुई। सीतापुर जेल में बंद आजम खां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में गवाहों की सूची पेश की। इसकी सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। डूंगरपुर के एक मामले में मंगलवार को सीतापुर जेल में बंद सपा नेता आजम खां की ओर से गवाहों की सूची और सुबूत कोर्ट में पेश किए गए। अब इस मामले की सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, लूटपाट, डकैती जैसे संगीन आरोप लगाते हुए बस्ती के लोगों ने 12 केस दर्ज कराए थे। जिसमें तीन मुकदमों में कोर्ट अपना फैसला सुना चुकी है। एक मामले में सपा नेता आजम खां को सात साल की कैद हुई है और दो मामलों में वह बरी हो चुके हैं। इसी तरह के एक अन्य मामले में सुनवाई कोर्ट में हो रही है। इस मामले में सपा नेता आजम खां के साथ ही उनके मीडिया प्रभारी रहे फसाहत अली खां शानू, ठेकेदार बरकत अली, शावेज खां, इमरान, इकराम, सज्जाद को आरोपी बनाया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान आजम खां के अधिवक्ता ने गवाहों की सूची दाखिल करने के साथ ही बचाव में दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। कोर्ट ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तारीख तय की है।

## बाहुबली धनंजय सिंह कभी खुद लड़े तो कभी पत्नी को लड़ाया... 22 साल से जौनपुर की सियासत में बने हैं एक धुरी

**जौनपुर, एजेंसी।** जौनपुर की सियासत में बाहुबली धनंजय सिंह कभी खुद चुनाव लड़े तो कभी पत्नी को चुनाव लड़ाया। उन्होंने हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाया।

धनंजय अब तक तीन बार लोकसभा और सात बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। पूर्व सांसद धनंजय सिंह की बीते दो दशक से जौनपुर की सियासत में सीधी पैठ है। कभी वह खुद तो कभी अपनी पत्नी को यहां से चुनाव लड़ते-लड़ाते रहे हैं। 2002 के बाद 2019 में पहला मौका था जब धनंजय या उनके परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ा। इसके अलावा उन्होंने हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाया।

धनंजय अब तक तीन बार लोकसभा और सात बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। बहरहाल, धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला रेड्डी को बसपा से टिकट मिलने से जौनपुर की सीट पर चुनावी घमासान तेज हो गया है। 15 साल पहले 2009 में धनंजय सिंह ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज करने में कामयाब हुए थे। बाद में उनके बगावती तेवर के चलते बसपा ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद से धनंजय या उनकी पत्नी कोई भी विधानसभा या लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए। लंबे समय बाद एक बार फिर बसपा का साथ मिलने पर इनकी पत्नी श्रीकला चुनावी रण में हैं।



## यूपीएससी में मेधा को मिला यश, अफसर बने बरेली के तीन होनहार, शोहम की 77वीं रैंक

**बरेली, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में इस बार भी रुहेलखंड के होनहारों ने सफलता का परचम लहराया है। शोहम टीबडेवाल ने 77वीं, बहेड़ी के केशवपुरम निवासी निर्देश गंगवार ने 360वीं और महानगर निवासी 22 साल के यश वर्धन सिंह ने 571वीं रैंक हासिल की है। इसके अलावा मंडल के अन्य जिलों के होनहारों ने भी मेधा का लोहा मनवाया है। उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। बरेली के माधोबाड़ी निवासी शोहम टीबडेवाल ने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा में 77वां स्थान हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। फिलहाल, वह दिल्ली में हैं। लोग सोशल मीडिया पर उनको बधाई दे रहे हैं। उनके घर भी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनके पिता अनुपम टीबडेवाल व्यवसायी व माता सीमा गृहिणी हैं।

**नौकरी छोड़ की ऑनलाइन तैयारी, मिली 77वीं रैंक:** उन्होंने सेंट फ्रांसिस स्कूल से 10वीं और वुडरो स्कूल से 12वीं करने के बाद पहले ही प्रयास में आईआईटी जेईई पास की। आईआईटी मुंबई से वर्ष 2020 में सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक कर गुरुग्राम में जॉब भी की। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने नौकरी छोड़ दी। उन्होंने पहले प्रयास में परीक्षा पास की तो उनका चयन रेलवे में हुआ था। इस बार दूसरे प्रयास में 77वीं रैंक हासिल हुई है। अब उनका चयन आईएएस के लिए हुआ है। वह बताते हैं निरंतर पढ़ाई की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। पिता ने बताया कि बेटे की इस उपलब्धि ने गौरवान्वित किया है।



**सफलता का मंत्र:** शोहम के शिक्षक रहे केबी त्रिपाठी ने बताया कि अपने सपने को हासिल करने के लिए उन्होंने सिविल सेवा की ऑनलाइन तैयारी की। 16 घंटे पढ़ाई की। समयसारणी बनाकर प्रत्येक विषय की तैयारी की। जिन विषयों में संशय था, उनके लिए अधिक समय दिया।

# बेटी की शादी से पहले पिता ने दी जान, मई में बिटिया की आएगी बरात

### नहीं हो पाया था रुपयों का इंतजाम

**शाहजहांपुर, एजेंसी।** शाहजहांपुर के कांट क्षेत्र में मंगलवार को एक किसान का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजनों के मुताबिक मई में बेटी की शादी है। इसके लिए रुपयों का इंतजाम नहीं हो पाने से किसान परेशान था। उस पर बैंक का कर्ज भी था। शाहजहांपुर के कांट क्षेत्र में गांव कमलनैनपुर निवासी रामआसरे (56) ने फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक, मई में होने वाली बेटी की शादी के लिए धन की व्यवस्था न होने से वह परेशान थे। उन पर बैंक का कर्ज भी था।

रामआसरे के पास पांच बीघा जमीन थी। वह खेती करने के साथ ही ऑटो चलाते थे। सोमवार शाम परिवार के लोग खेत पर चले गए, तब वह घर से निकल गए। रातभर घर नहीं लौटे। सुबह करीब सात बजे उनका शव गांव के बाहर आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। सीओ सदर अमित चौरसिया व थाना प्रभारी दयाशंकर ने मौका-मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने बताया कि रामआसरे ने अपनी बेटी की शादी जलालाबाद में तय की थी। मई में शादी होनी थी। रुपयों का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। बैंक से लिए एक लाख 40 हजार रुपये के फसली ऋण की किस्त अदा नहीं करने के चलते नोटिस भी आ चुका था।

सामूहिक विवाह योजना में नहीं आया था नाम

परिजनों ने बताया कि बेटी की शादी करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन किया था। उसमें नाम नहीं आ सका था। हालांकि, नाम न आने का कारण उन्हें नहीं पता। रामआसरे अपने पीछे बेटी मोना, महिमा, संजना और काव्या व एक बेटा शिवांशु को छोड़ गए हैं।

सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि रामआसरे पर बैंक का कर्ज होने की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।





## चुनावी मैदान में मौलाना तौकीर रजा ने मांगा नोड्यूज, बरेली से चुनाव लड़ने की अटकलें

**बरेली, एजेंसी।** मौलाना तौकीर रजा दूसरी बार लोकसभा चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं। उनकी ओर से इस बात के संकेत दिए जा रहे हैं। उनके करीबियों की मानें तो वे 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बरेली दंगों के मुख्य आरोपी और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां बरेली के चुनावी मैदान में भाग्य आजमा सकते हैं। उच्चतम न्यायालय से निचली अदालतों के आदेशों पर रोक से मिली राहत के बाद मौलाना सियासी राह पर आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। गुपचुप तरीके से नामांकन की तैयारी के लिए उनकी ओर से नगर निगम में प्रार्थना पत्र के साथ शपथ पत्र देकर नो-ड्यूज सर्टिफिकेट मांगा गया है। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर दूसरी बार चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं। उनकी ओर से इस बात के संकेत दिए जा रहे हैं। उनके करीबियों की मानें तो वे 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। दरअसल, मौलाना और सियासत का नाता बेहद पुराना है। करीब दो दशक पहले बदायूं लोकसभा सीट से मौलाना सियासत में पटखनी खा चुके हैं। उनके पिता रेहान रजा खां ने मुस्लिम समुदाय के मामलों को उठाने के लिए आईएमसी का गठन किया था। वर्ष 2000 में आईएमसी की कमान मौलाना को मिली।



## संक्षिप्त समाचार

### भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य के कारण एक सप्ताह तक यातायात जाम की समस्या रहने की आशंका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में राजा गार्डन से पंजाबी बाग मार्ग पर दोनों तरफ की सड़कों पर एक भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य के कारण एक सप्ताह तक यातायात जाम की समस्या रहने की आशंका है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यातायात पुलिस ने जाम की आशंका के मद्देनजर लोगों को अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है। दिल्ली की यातायात पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्वस्द्ध राजा गार्डन, रिंग रोड पर अंडरपास के निर्माण कार्य और बिजली केबल बिछाने के कारण, कम से कम एक सप्ताह तक राजा गार्डन से पंजाबी बाग चौराहे की ओर तथा इसके विपरीत दोनों कैरिजवे पर यातायात जाम की समस्या बनी रहने की आशंका है। इसलिए लोगों को सलाह दी जाती है कि वे इसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### दुनिया की तरह अंतरिक्ष में मलबा नहीं छोड़ेगा भारत, इसरो ने तैयार किया रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल

**बेंगलुरु एजेंसी।** इसरो ने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल के विकास के साथ रॉकेट इंजन प्रौद्योगिकी में सफलता हासिल की है। इससे पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किए गए इस रॉकेट इंजन से राकेट की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा। वीएसएससी ने कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों से नोजल डाइवर्जेंट बनाया। सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीकरण कोटिंग है, जो इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है।

### दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन को मिलेगी जीत, आप नेता संजय सिंह ने किया दावा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि आईएनडीआईए दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी से भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता की भावना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए और आम आदमी पार्टी के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि देश इस आम चुनाव में बदलाव के लिए मतदान करेगा। आप सांसद ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, मतदाताओं को इस बात का अहसास हो गया है कि वे मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के कारण गंभीर स्थिति में हैं।

### भारतीय नौसेना ने अरब सागर में पकड़ी 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने पश्चिमी अरब सागर में 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप जब्त की है। कनाडा के नेतृत्व वाले संयुक्त कार्य बल (सीटीएफ)- 150 की सहायता से यह कार्रवाई की गई है। सीटीएफ 150 दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक साझेदारी सीएमएफ के तहत पांच टास्क फोर्स में से एक है। नौसेना ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना ने पहली बार संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के सदस्य के रूप में ड्रग्स की बरामदगी की है। इनमें 453 किलोग्राम मेथमफेटामाइन, 416 किलोग्राम हैश और 71 किलोग्राम हेरोइन शामिल है। सीएमएफ 42 देशों की नौसैनिक साझेदारी है जिसका उद्देश्य समुद्र में सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देकर अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखना है। भारतीय नौसेना पिछले नवंबर में सीएमएफ में शामिल हुई थी। ढाउ (विशेष नौका) से 940 किलोग्राम ड्रग्स को जब्त किया। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार ड्रग्स का निपटारा कर दिया गया।

# रामनवमी पर आप का रामराज्य वेबसाइट, आतिशी बोलीं - राम की तरह संघर्ष कर रहे केजरीवाल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी ने आपक रामराज्य वेबसाइट लॉन्च किया है। इस वेबसाइट को लॉन्च करने के मौके पर संजय सिंह, आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह समेत कई आप नेता मौजूद थे। वेबसाइट लॉन्च करने के बाद आप सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा, जिस तरह भगवान राम ने रामराज्य के लिए काफी संघर्ष किया ठीक उसी तरह अरविंद केजरीवाल को दिल्ली और पंजाब के लोगों से कि एग वादों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



वेबसाइट लॉन्च किए जाने के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, रामराज्य के बारे में गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण में बताया है। भगवान राम जब अयोध्या वापस लौट कर आए तो उन्होंने एक बेहतरीन स्टेट बनाया। इसी को रामराज्य कहा गया। हर सरकार यह चाहती है कि रामराज्य हो। पिछले 9 सालों में अऱविंद केजरीवाल ने दिल्ली में जो कुछ भी काम किए और पंजाब में हमारी सरकार ने जो कुछ भी काम किए हैं ये वही सब काम हैं जो रामराज्य में कहे गए हैं। इसलिए आप का रामराज्य नाम से वेबसाइट लॉन्च किया गया है। इसके अंदर इन राज्यों में किए गए कार्यों के वीडियो इत्यादि उपलब्ध हैं।

आम आदमी पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि यह आम आदमी पार्टी के लोकसभा कैंपेन से संबंधित वेबसाइट है। बताया गया है कि इस वेबसाइट पर जनता आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को देख सकती है। क सांसद संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली मे रामराज्य को सच करने के लिए अद्भुत काम किया है जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन गया है। आप का रामराज्य वेबसाइट में आप के रामराज्य की अवधारणा है, जिसमें गैर बराबरी को खत्म करना, सबको को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा देना शामिल है।

संजय सिंह ने कहा, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि बिजली मुफ़्त दी जा सकती है। आज़ादी के बाद मुफ़्त बिजली योजना, मुफ़्त पानी योजना और मुफ़्त बस यात्रा योजना लागू करने वाली यह पहली सरकार थी। दिल्ली मुनाफे का बजट देने वाला एकमात्र राज्य है। हम रामराज्य की अपनी परिकल्पना को धरातल पर साकार करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। चूंकि भाजपा ये काम नहीं कर सकती है इसलिए केजरीवाल को जेल में डाल दिया। ये पहली रामनवमी है जब अरविंद केजरीवाल हमारे साथ नहीं है वो जेल में है।

### अरविंद केजरीवाल के बाद पत्नी सुनीता नंबर 2 पर

**नईदिल्ली एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल नंबर दो में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी (आप) में एक चेहरा काफी मशहूर हो रहा है। यह कोई और नहीं बल्कि सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल हैं। वह कई बार अपने पति का संदेश लेकर उन्हीं की कुर्सी पर बैठ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर चुकी हैं। ऐसी अटकलें भी लगीं कि उन्हें केजरीवाल की जगह मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। ऐसे में आप ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गुजरात में स्टार प्रचारकों की एक सूची जारी की है। इस लिस्ट में 40 लोगों के नाम शामिल हैं। सबसे ऊपर पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल का नाम है। वहीं दूसरे नंबर पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल हैं। भगवंत मान, मनीष सिसोदिया और संदीप पाठक जैसे आप के दिग्गज नेताओं का नाम भी सुनीता से नीचे है।

## मुख्यमंत्री को गिरफ्तार ही इसलिए किया गया है ताकि वे काम रोक सकें: गोपाल राय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सीएम केजरीवाल को लिखे खुले पत्र पर दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार ही इसलिए किया गया है ताकि वे काम रोक सकें। दिल्ली की जनता सीएम केजरीवाल के साथ खड़ी है। दिल्ली की आवाम अपने वोट से इसका जवाब देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे और सारे काम होंगे...

बता दें कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली में पेयजल संकट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुला पत्र लिखकर दिल्ली सरकार पर हमला बोला। उन्होंने जल मंत्री आतिशी के पत्र का हवाला देते हुए लिखा- उनका नोट पिछले दस साल की निष्क्रियता और अक्षमता की स्वीकारोक्ति है। आपके साथ इस समय सीधा संवाद नहीं हो सकता है, इसलिए यह खुला पत्र लिखा जा रहा है। आतिशी के पत्र का हवाला देते हुए उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली में पेयजल की आपूर्ति को रेखांकित करती हुई घटना का जिक्र करते हुए मंत्री ने अपनी ही सरकार को दोषी ठहराया है। बता दें कि दिल्ली में पानी को लेकर हुए विवाद के बाद शुक्रवार को एक महिला की हत्या कर दी गई थी। इस मामले पर जल मंत्री आतिशी की ओर से रविवार को उपराज्यपाल को पत्र लिखा गया था। एलजी ने लिखा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पानी को लेकर यह पहली घटना नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार की विफलता के चलते पानी की कमी को लेकर इस तरह की कई घटनाएं पहले भी होती रही हैं। राजधानी में खासतौर पर गरीब बस्तियों वाले इलाकों में पानी की समस्या है और पिछले दशक भर में यह और गंभीर हो गई है। उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली विधानसभा के हालिया बजट सत्र में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पिछले दशक में जल उपचार क्षमता में 906 एमजीडी से बढ़कर 946 एमजीडी हो गई, जो मुश्किल से 4.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। इसी अवधि के दौरान शहर की जनसंख्या में लगभग 15 फीसदी बढ़ोतरी हो गई।

## स्कूल में बम की फर्जी कॉल की तो कटेगा छात्र का नाम, दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने जारी किए ये दिशानिर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
स्कूलों में बम की अफवाहों से निपटने और बच्चों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी छात्र ने बम की फर्जी कॉल की तो उसे सस्पेंड किया जाएगा और नाम भी काटा जा सकता है।

शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में संरचनात्मक परिवर्तन करने से लेकर बम अफवाह की कॉल आने पर स्कूल प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी है। साथ ही, स्कूल आपातकालीन स्थिति के लिए भवन का पूरा नक्शा तैयार रखें, ताकि उसे पुलिस, अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ और दूसरे बचाव दलों को साझा किया जा सकें। बच्चों को सुरक्षित निकालने के लिए स्कूल में होल्डिंग एरिया चिह्नित हों। स्कूल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन करें। बचाव को लेकर स्कूल कर्मियों और छात्रों को संवेदनशील बनाया जाए।

सर्कुलर के अनुसार, पीटीएम में अभिभावकों को इस बात के लिए जरूर जागरूक किया जाए कि कोई छात्र बिना कारण के बम की फर्जी कॉल में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इस तरह की गतिविधि में शामिल होने पर छात्र के खिलाफ पुलिस नियमों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई होगी। सर्कुलर के अनुसार, बम अफवाह की कॉल होने पर स्कूल घबराएं नहीं,उस सूचना को तुरंत पुलिस को दें। स्कूल पुलिस अधिकारियों से परामर्श लेकर छात्रों को सुरक्षित होल्डिंग एरिया तक लाने की योजना तैयार करें। पुलिस द्वारा तलाशी के बाद बच्चों को तुरंत होल्डिंग एरिया तक सुरक्षित लाया जाए। तलाशी को लेकर स्कूल कर्मी इमारत की स्थिति से पूरी तरह से वाकिफ हो, जिससे तलाशी अभियान में पुलिस को मदद मिल सकें। सत्यापन के बाद छात्रों को अभिभावक को सौंपा जाए।

## दिल्ली में करें वोट और होटलों रेस्तरां में पाएं 20 प्रतिशत की छूट, कैसे और कब तक ले सकते हैं लाभ?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली नगर निगम ने 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों के लिए एक अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत मतदान करने पर अगले 24 घंटे के लिए होटलों व रेस्तरां में 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी। दिल्ली नगर निगम ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए इस नई पहल को शुरू किया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए लोगों को होटलों, रेस्तरां में जाकर अपनी स्याही लगी उंगली को दिखाना होगा ताकि सुनिश्चित हो सके कि मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान किया है।



निगम के सभी जोन में इस पहल को शुरू किया जाएगा। सबसे पहले करोल बाग जोन और नजफगढ़ जोन में होटलों व रेस्तरां के मालिकों के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक लिखित एग्रीमेंट भी किया है। होटल व रेस्तरां के प्रतिष्ठानों से जुड़े एसोसिएशन ने इस पहल का सहयोग किया है। इसके अलावा थिएटर, सैलून व अन्य खाने के प्रतिष्ठानों में भी निगम की लोगों को छूट देने के लिए बातचीत चल रही है।

पूरी दिल्ली में 50 से अधिक मूवी स्क्रीन पर, 500 से अधिक होटलों व रेस्तरां में मतदाताओं को इस योजना का लाभ देने की तैयारी हो रही है। सभी जोन में इस नई पहल को लागू करने की रणनीति भी बन रही है। इस संबंध में करोलबाग जोन के उपायुक्त अभिषेक मिश्रा ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली का मत फीसदी लगभग 60 फीसद था। हम इसे 70 फीसदी से अधिक बढ़ाना चाहते हैं। इसलिए इस मतदाताओं को वोट डालने के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। इस नई पहल के तहत दिल्ली के मतदाताओं में जागरूकता ला रहे हैं।

इसके लिए लॉजिंग हाउस ओनर्स एसोसिएशन और दिल्ली होटल व रेस्तरां ओनर्स एसोसिएशन के साथ एग्रीमेंट हुआ है। करोल बाग, पहाड़गंज, राजेंद्र नगर, पंजाबी बाग, कीर्ति नगर व बलजीत नगर में मौजूद होटलों व रेस्तरां में लोगों को 20 फीसदी छूट मिलेगी। यह छूट 25 मई को मतदान करने के बाद 26 मई को रात 12 बजे तक मिलेगी। करोल बाग जोन में थिएटर व सैलून में भी छूट देने के लिए बातचीत कर रहे हैं। नजफगढ़ जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने बताया कि होटल और गेस्ट हाउस एसोसिएशन, महिपालपुर की तरफ से मतदान करने वाले मतदाताओं को कमरे के किराए पर 20 फीसदी की छूट मिलेगी। इस पहल के तहत लोगों को वोट करने के लिए जागरूक करेंगे।

## एलजी का केजरीवाल को खुला पत्र, कहा- सरकार की नाकामियों के कारण दिल्ली बेहाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी की ओर से दिल्ली में पानी को लेकर हुई घटना पर उनको लिखे गए पत्र का मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि दिल्ली सरकार की नाकामियों के चलते दिल्ली में पेयजल की परेशानी हो रही है। वहीं मंत्री जिम्मेदारी लेने की बजाय असंवेदनशील तरीके से पत्र लिख रहे हैं। इसके साथ ही एलजी ने दिल्ली सरकार की कथित विफलताओं को आधिकारिक आंकड़ों के जरिए गिनाया है।

एलजी ने पत्र में कहा है कि वारदात के पीछे पानी की अपर्याप्त आपूर्ति को दोषी ठहराते हुए आतिशी ने अपनी ही सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनका पत्र बीते लगभग 10 वर्षों के दौरान निष्क्रियता और अक्षमता का कबूलनामा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना दिल्ली में अपनी तरह का इकलौता केस नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी को लेकर पहले भी कई घटनाएं दिल्ली सरकार की विफलता के कारण हुई हैं। उपराज्यपाल ने पत्र में कहा है कि ऐसे मामले साल-दर-साल होने वाली घटना बन गए हैं। बीते दस वर्षों के दौरान ऐसे मामले मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट भी किए गए हैं। एलजी ने कुछ घटनाओं का हवाला भी दिया है। उन्होंने लिखा है कि मैं 2017 से हुई कुछ रिपोर्टों का स्नैपशॉट अटैच कर रहा हूं। दिल्ली में पानी की समस्या बीते एक दशक के दौरान काफी गंभीर हो गई है। खासकर उन बस्तियों में जहां गरीब लोग रहते हैं।




एलजी ने लिखा है कि दिल्ली विधानसभा के हालिया बजट सत्र में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 कुछ हैरान करने वाले तथ्य सामने ला रहा है। बीते एक दशक में जल उपचार क्षमता 906 एमजीडी से 946 एमजीडी हुई है। यह मात्र 4.4 फीसदी की बढ़ोतरी है जबकि इसी अवधि के दौरान दिल्ली की आबादी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है।

## एससीडी की वेबसाइट में खराबी, प्रॉपर्टी टैक्स नहीं जमा कर पा रहे दिल्ली वाले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट के संचालन में दिक्कतों के कारण लोग अपना संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। लोगों के अनुसार निगम की वेबसाइट ठप है। बीते एक सप्ताह से अधिक समय से करदाताओं को इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने निगम प्रशासन से तुरंत उचित कदम उठाने की मांग की है।

आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने कहा है कि निगम की वेबसाइट में तकनीकी खराबी आ रही है। इस वजह से अन्य सेवाओं की विंडों भी नहीं खुल रही है। साथ ही लोग अपनी संपत्तियों का जियोटैग भी नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दो दिनों वेबसाइट में आई तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया जाएगा। जिसके बाद वेबसाइट सुचारू रूप से चलेगी और लोगों को परेशानी नहीं होगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि यह एक रूटीन प्रक्रिया है। वित्तीय वर्ष के खत्म होने के बाद वेबसाइट पर काफी ज्यादा ऑनलाइन ट्रैफिक आता है। इस वजह से वेबसाइट पर असर पड़ा है। निगम की आईटी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी वेबसाइट में आने वाली दिक्कतों को ठीक कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि निगम के अधिकार क्षेत्र में 12 लाख से अधिक संपत्ति करदाता हैं। नए वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर से राजस्व को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

## 12वीं के बाद तीन साल के एलएलबी पाठ्यक्रम को लेकर जनहित याचिका, सुप्रीम कोर्ट पर टिकी सबकी निगाहें

**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एक जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें केंद्र और भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम के बजाय तीन वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

वर्तमान में छात्र प्रमुख राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाए गए संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा (सीएलएटी) के माध्यम से कक्षा 12 के बाद पांच वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। छात्र किसी भी विषय में स्नातक करने के बाद तीन साल का एलएलबी कोर्स भी कर सकते हैं। वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि वह विज्ञान स्नातक (बीएससी), वाणिज्य स्नातक (बीकॉम) और कला स्नातक (बीए) पाठ्यक्रम की तरह 12वीं कक्षा के बाद तीन वर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने के लिए केंद्र और बीसीआई को निर्देश देने का अनुरोध कर रहे हैं।

# मॉल में चल रहा था सेक्स बाजार, पुलिस ने छुड़ाई 17 लड़कियां, चलाया ऑपरेशन?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मानेसर पुलिस ने पांच स्पा सेंटरों में एक साथ छापेमारी कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। स्पा सेंटर से पुलिस ने काम करने वाली 17 युवतियों को छुड़ाया गया है। पिछले कई महीनों से ये युवतियां स्पा सेंटर में रुपये लेकर देह व्यापार का काम कर रही थीं। पुलिस ने मानेसर थाने में स्पा सेंटर के पांच मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान मौजूद मैनेजर को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मैनेजर की पहचान मूलरूप से उत्तरप्रदेश के हापुड़ निवासी ललित कुमार के रूप में हुई है।

मानेसर पुलिस को स्पा सेंटर में देह व्यापार की सूचना मिलने पर सोमवार शाम को स्पेशल ऑफिसर एसीपी मुख्यालय सुशीला के नेतृत्व में पांच अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट प्रमोद गुप्ता इंजीनियर जीएमडीए को बनाया गया। पांच पुलिसकर्मियों को सिविल ड्रेस में तैयार किया गया और सभी को दो-दो हजार रुपये देकर नकली ग्राहक के रूप में तैयार किया गया। सोमवार शाम को सबसे पहले टीमें सेक्टर-2 स्थित आम्रपाली की बिल्डिंग में पहुंची। वहां पर चार पुलिसकर्मियों को अलग-अलग चार स्पा सेंटर में नकली ग्राहक बनाकर भेजा गया। पीएसआई देवेंद्र को सिल्की स्पा सेंटर, पीएसआई सुरेंद्र को न्यू आरोमा, पीएसआई नीरज न्यू पैलेस स्पा और पीएसआई राजबीर को जेड ब्लैक स्पा सेंटर में सभी को दो-दो हजार रुपये देकर भेजा गया। पीएसआई सुरेंद्र न्यू अरोमा स्पा सेंटर में पहुंचे और वहां पर एक युवती मिली। उसने बताया कि स्पा सेंटर का मालिक शैलेंद्र कुमार है। रुपये लेकर देह व्यापार का काम होता है। स्पा सेंटर में रुपये लेने के बाद जब वह कमरे के अंदर गए, तो बाहर खड़ी टीम को सूचना दी। टीम को स्पा सेंटर से छह लड़कियां और चार ग्राहक भी मिले। सिल्की स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान सामने आया कि इसका मालिक पवन है। टीम के द्वारा अन्य कमरों की जांच करने पर तीन युवतियां और दो ग्राहक मिले। न्सू पैलेस स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान टीम पूछताछ में सामने आया कि इसका मालिक प्रियांशु चौधरी है। सेंटर की तलाशी लेने पर तीन युवतियां और एक ग्राहक मिला। चौथी टीम के जेड-ब्लैक स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान सामने आया कि इसका मालिक पंकज पाल है। यहां टीम को सेंटर से सिर्फ एक युवती मिली। पांचवी टीम ने सेक्टर-एक मार्केटी में स्थित मैजिक टच नामक सपा सेंटर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम को स्पा सेंटर में मैनेजर ललित कुमार मिला और पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि सेंटर का मालिक कमल उर्फ राजू है। सेंटर से पुलिस को एक अवैध ग्राहक ही मिला।



मानेसर थाना प्रभारी वीरेंद्र खत्री ने बताया कि छह महीने से स्पा सेंटर चल रहे थे। यहां पर स्पा के नाम पर देह व्यापार का कारोबार होता था। कई दिनों से मिल रही शिकायतों के बाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पांच स्पा सेंटर से 17 युवतियों को रेस्क्यू करने के साथ-साथ एक मैनेजर को गिरफ्तार किया गया, जबकि पांच स्पा सेंटर के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया है। 17 युवतियां और छह ग्राहकों को रेस्क्यू किया गया। सभी को मामले में गवाह बनाया गया है।



# सुनील नारायण ने जड़ा टी-20 करियर का पहला शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डेंस स्टेडियम में सुनील नारायण के बल्ले से एक शतकीय पारी देखने को मिली है। अपनी जादूई गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले सुनील नारायण ने इस बार बतौर बल्लेबाज कमाल का प्रदर्शन किया है। सुनील नारायण ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच में शतक जड़ा। ये उनकी टी20 करियर का पहला शतक भी है।

### सुनील नारायण ने जड़ा पहला शतक

सुनील नारायण साल 2011 से टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं। लेकिन 13 साल के उनके करियर में ये पहला मौका है जब उन्होंने शतक जड़ा है। सुनील नारायण इस बार आईपीएल में केकेआर के लिए ओपनिंग कर रहे हैं और वह मैनेजमेंट के फैसले पर खरे भी उतरे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच 49 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने शतक तक पहुंचने के लिए 11 चौके और 6 छक्के जड़े। नारायण इस मैच में 56 गेंदों पर 109 रन बनाकर आउट हुए।

### आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

सुनील नारायण ने इस शतक के साथ आईपीएल में एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है। सुनील नारायण आईपीएल में शतक जड़ने के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले आईपीएल में ये कारनामा किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था।

वहीं, नारायण के इतिहास के तीसरे खिलाड़ी बने हैं जिसने इस लीग में शतक जड़ा है और हैट्रिक लेने का कारनामा भी किया है।



वन मैन आर्मी जोस बटलर...

## कोलकाता नाइट राइडर्स के जबड़े से छीना मैच

## जड़ा दमदार शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में धूम मचा दी है. राजस्थान टीम ने मंगलवार (16 अप्रैल) को ईडन गार्डन्स में खेले गए रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से करारी शिकस्त दी.

इस जीत के साथ ही राजस्थान टीम ने पॉइंट्स टेबल में अपना नंबर-1 का ताज बरकरार रखा है. संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान टीम ने अब तक 7 में से 6 मुकाबले जीते हैं. इस जीत के साथ अब राजस्थान टीम अपनी नंबर-1 की पोजिशन मजबूत कर ली है. दूसरी ओर कोलकाता टीम ने अब तक 6 में से 4 मुकाबले जीते हैं.

### बटलर अकेले डटे रहे और टीम को जीत दिलाई

ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में कोलकाता टीम ने 224 रनों का टारगेट सेट किया था, जिसके जवाब में राजस्थान टीम शुरुआत से ही लड़खड़ाती नजर आई. एक समय टीम ने 186 रनों पर 8 विकेट गंवा दिए थे और जीत के लिए 15 गेंदों पर 38 रनों की जरूरत थी. उस समय जोस बटलर क्रीज पर थे और उन्होंने हार नहीं मानी.

बटलर ने अकेले के दम पर राजस्थान को मैच जिताया. साथ ही उन्होंने अपना भी शतक पूरा किया. बटलर ने 60 गेंदों पर नाबाद 107 रनों की पारी खेली. इस दौरान 6 छक्के और 9 चौके जमाए. बटलर की पारी के बदौलत राजस्थान ने 8 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया.



# ट्रेंट बोल्ट की स्टंप तोड़ यॉर्कर ने कर दिया लाखों का नुकसान!

## क्या अब करनी पड़ेगी भरपाई?

**कोलकाता, एजेंसी।** ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल 2024 के 31वें मुकाबले में एक ऐसी यॉर्कर डाली कि स्टंप ही टूट गया. बोल्ट ने अपनी एक यॉर्कर से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान कर दिया. स्टंप टूटने के बाद खेल को कुछ देर तक रोका भी गया. ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट का 31वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था. इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के ट्रेंट बोल्ट ने खतरनाक यॉर्कर से सुनील नरेन को चलता किया था. लेकिन बोल्ट की यॉर्कर से जो स्टंप टूटा, उसकी उन्हें भरपाई करनी पड़ेगी?

पहली पारी में 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को यॉर्कर पर बोल्ड कर पवेलियन भेजा. बोल्ट की इस गेंद से स्टंप टूट गया था, जिसकी वजह से कुछ देर खेल रुका क्योंकि नया स्टंप लाकर लगाने में वक़्त लगा. इस आईपीएल नए तरह के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मौकों पर अलग लाइट्स जलती हैं. जैसे- चौका-छक्का लगाने पर अलग लाइट्स, वाइड और नो बॉल होने पर अलग तरह की लाइट्स स्टंप में फ्लैश होती हैं.

### 10 लाख रुपये के करीब एक स्टंप की कीमत

एक साइड तीन स्टंप लगाए जाते हैं और मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इसमें एक स्टंप की कीमत करीब 10 लाख रुपये होती है. ऐसे में दोनों तरफ 30-30 लाख रुपये के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जाता है. यही कराण है कि अब पहले के जैसे खिलाड़ियों को मैच जीतने के बाद स्टंप निकालने की इजाजत नहीं होती है. पहले जब लकड़ी वाले स्टंप का उपयोग होता था तब खिलाड़ी मुकाबला जीतने के बाद स्टंप निकालाकर ले जाते थे.

### क्या ट्रेंट बोल्ट को करनी पड़ेगी 10 लाख की भरपाई?

तो आपको बता दें कि ऐसा किसी भी तरीके का कोई नियम नही हैं. अगर गेंदबाज़ अपनी बॉलिंग से स्टंप तोड़ता है, तो उसे किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है. ऐसा कई मौकों पर देखा गया है कि अक्सर गेंदबाज़ अपनी तेज़ तर्रार गेंदों से स्टंप तोड़ देते हैं, लेकिन उन्हें किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है.

Paris Olympics

# बिना तैयारियों के ओलंपिक क्वालिफायर खेलेंगे पहलवान टूर्नामेंट के लिए नहीं लगा तैयारी शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती पर विवादों के साये ने ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पहलवानों की तैयारियों को छीन लिया। भारतीय टीम के पहलवान बिना तैयारियों के देश को पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने बिश्केक (किर्गिस्तान) रवाना हो गए।

ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला पहलवानों का कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया गया। पहलवान अपने स्तर पर अखाड़ों में तैयारी कर क्वालिफायर में उतरने जा रहे हैं। अभी तक भारत को कुश्ती में सिर्फ एक ओलंपिक कोटा मिला है, जो अंतिम पंघाल ने दिलाया है।

### महासंघ ने विनेश का भी डाला था नाम

सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती महासंघ ने 27 मार्च से पुरुषों का शिविर सोनीपत और महिला पहलवानों का शिविर गांधीनगर या पटियाला, बंगलूरू में लगाने की सिफारिश साई से की थी।

शिविर में ग्रीकोरोमन, फ्रीस्टाइल और महिला वर्ग के 120 से अधिक पहलवानों का नाम दिया गया था, जिसमें विनेश फोगाट समेत ओलंपिक क्वालिफायर की टीम में शामिल पहलवान भी शामिल थे। महासंघ के प्रस्ताव पर साई ने कोई फैसला नहीं लिया।

### महासंघ ने भी लगाया शिविर

साई की ओर से शिविर को मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद कुश्ती महासंघ ने भी अपने स्तर पर टूर्नामेंट के लिए कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया।

जिसके चलते पहलवान अपने स्तर पर ही तैयारियां करने को मजबूर रहे। क्वालिफायर की फ्रीस्टाइल टीम में अमन (57), सुजीत (65), जयदीप (74), दीपक पूनिया (86), दीपक (97), सुमित (125) और महिला टीम में विनेश (50), अंशु (57), मानसी (62), निशा (68), रीतिका (76 भार वर्ग) शामिल हैं।

# कैंडिडेट्स शतरंज: नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर गुकेश की बढ़त कायम

## ● प्रगनानंदा और गुजराती ने भी ड्रॉ खेला





**टोरंटो (कनाडा), एजेंसी।** डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया। गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाडियों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। कारुआना (5.5) ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा (3.5) को और नाकामुरा (5.5) ने अजरबैजान के निजात एबासोव (3) को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली (3.5) ने हार का क्रम तोड़ते हुए बुल्गारिया की नुरग्यूल सालिमोवा (4) को हराया। महिला वर्ग में चीन की झोंगयी तान और ली टिंगजी 6.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

**गुजराती ने प्रगनानंदा को आसानी से ड्रॉ पर रोका**

गुकेश के खिलाफ नेपोमनियाच्ची सफेद मोहरों से खेल रहे थे। शुरुआत में गुकेश समय के दबाव में भी फंसे। बावजूद इसके वह उन्होंने नियंत्रण बनाकर रखा। हालांकि नेपोमनियाच्ची काफी संभलकर खेल रहे थे और जोखिम लेने के मूड में कतई नहीं दिखे। वह 10 दौर के बाद टूर्नामेंट में अकेले खिलाड़ी हैं, जो अब तक हारे नहीं हैं। प्रगनानंदा को भी अभी तक टूर्नामेंट में एक हार गुकेश के खिलाफ मिली है। वह गुजराती के खिलाफ सफेद मोहरों से खेल रहे थे। गुजराती ने उनके खिलाफ बर्लिन डिफेंस का सहारा लिया और आसानी से बाजी ड्रॉ करा सी। 11वें दौर में प्रगनानंदा नाकामुरा से, गुकेश कारुआना से और गुजराती नेपोमनियाच्ची से भिड़ेंगे।



डिस्कस थ्रो

# मायकोलास ने 38 साल पुराना डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

**रामोना (अमेरिका), एजेंसी।** वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। 21 वर्षीय एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं। 2022 में उन्होंने रजत और बीते वर्ष उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एलेक्ना ने अपने पिता वर्जीलियस एलेक्ना को भी पीछे धकेल दिया है। शुल्ट के बाद सर्वश्रेष्ठ थ्रो वर्जीलियस की 73.88 मीटर थी, जो अब तीसरे स्थान पर आ गई है। एलेक्ना ने यह रिकॉर्ड क्यूबा की यामे पेरेज की ओर से एक दिन पहले ही फेंकी गई महिलाओं की सर्वश्रेष्ठ थ्रो 73.09 के बाद बनाया है।



# ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई पेरिस ओलंपिक मशाल

## 26 जुलाई से शुरू होगें गेम्स, ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू सेरेमनी में मौजूद रहीं

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है।

17 अप्रैल से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक प्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं।

### 1928 से जलाई जा रही है ओलिंपिक मशाल

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया।

1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है।

### पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था।

पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है।

## एक नजर

### औरंगाबाद में खुला टीवीएस का नया बाइक शोरूम

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद शहर में बाइपास ओवरब्रिज का टीवीएस का नया बाइक शोरूम खुला है। शोरूम का उद्घाटन बीजेपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह ने फीता काट कर किया। इस मौके पर शोरूम के संचालक गौरव सिंह ने बताया कि उनके बाइक शोरूम में टीवीएस की बाइक का हर मॉडल उपलब्ध है। इलेक्ट्रिक स्कूटी से लेकर मोपेड, ज्यूपिटर, अपाची, राईडर, रैडिऑन और स्पॉर्टस आदि बाइक्स उपलब्ध है। कहा कि ग्राहको की सेवा और संतुष्टि ही हमारा ध्येय है। फाइनांस सुविधा भी उपलब्ध है।

### मोबाइल सॉल्यूशन एंड इलेक्ट्रोनिक्स ने दिया कस्टमर्स के लिए स्पेशल ऑफर

**औरंगाबाद (का.सं.)।** शहर में रमेश चौक के पास कुमार बद्री नारायण मार्केट कांप्लेक्स में मोबाइल सॉल्यूशन एंड इलेक्ट्रोनिक्स शोरूम खुला है। शोरूम की शुरुआत संचालक ने पूजा अर्चना कर की। संचालक रंजन कुमार ने कहा कि शहर में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में वें जाने पहचाने है। शहर में यह उनका चौथा प्रतिष्ठान है। यहां मोबाइल से लेकर एसी, फ्रीज, कूलर, टीवी, वाशिंग मशीन एवं अन्य छोटे उपकरण ग्राहको के लिए उपलब्ध है। प्रतिष्ठान की ओपनिंग पर वें ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर दे रहे है। ग्राहकों को ऑनलाइन से भी कम रेट पर इलेक्ट्रोनिक्स सामान और हर कंपनी का मोबाइल उपलब्ध करा रहे है। फाइनांस सुविधा भी उपलब्ध है।

### हवलदार से छिनतई करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना के खगौल थाना के दानापुर रेलवे स्टेशन के पास घर से लौट रहे हवलदार से बदमाशों बैग छीन फरार हो गया था। उसके बैग में सर्विस पिस्टल, जिंदा कारतूस के साथ अन्य जरूरी कागजात थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाश को अरेस्ट कर लिया है और सारा सामान बरामद कर लिया है। इस बात की जानकारी दानापुर एएसपी दीक्षा ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल मंगलवार के दिन हवलदार से बाइक सवार बदमाश बैग छीन फरार हो गए थे।

# रामनवमी की शोभायात्रा में झूमे राम भक्त



निज संवाददाता

**पटना।** बिहार में रामनवमी की धूम है। पटना के हनुमान मंदिर समेत कई जिलों के मंदिरों में श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचे और पूजा-अर्चना की । वहीं, शाम होते ही हर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। पटना में भी शोभायात्रा निकली, जो विभिन्न सड़कों से होते हुए डाकबंगला चौहारा पहुंची। यहां से हनुमान मंदिर पहुंचेगी। यहां लाखों की संख्या में राम भक्त पहुंचे है। वहीं, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और सीएम नीतीश कुमार डाकबंगला चौहारा पहुंचे हैं। उनके सामने राम भक्त ने शिव तांडव किया। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में भव्य तैयारी की गई। यहां सुबह से ही भक्तों का तांता लगा था। 3 किलोमीटर तक दर्शन के लिए लोगों की लाइन लगी थी। लाइन में लगे श्रद्धालुओं के लिए गुड़, चने और ठंडे पानी की व्यवस्था भी की गई। इस सबके बीच, महावीर मंदिर में दोपहर आरती के वक्त एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां आरती के दौरान गर्भ गृह के बाहर लगी फूलों की सजावट में आग लग गई। हालांकि, समय रहते इस पर काबू पा लिया गया। इस दौरान मंदिर में दो सौ से ज्यादा लोग मौजूद थे। सीवान में शोभायात्रा के दौरान पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने राम भक्तों को पानी और शरबत पिलाया। किशनगंज में महिलाओं ने बुलेट पर भगवा पगड़ी पहनकर शोभायात्रा निकाली। अररिया में शोभा यात्रा के दौरान राम भक्त तलवार भांजते नजर आए। छपरा, गया और मोतिहारी में भी रामनवमी पर शोभा यात्रा निकाली

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शोभायात्रा में हुए शामिल

पटना में 54 पूजा समितियों की ओर से शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा विभिन्न गली-मोहल्ले से होते हुए डाक बंगला चौराहे तक पहुंचेगी। इसके मद्देनजर डाकबंगला चौराहे पर सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए है। कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार पहुंच गए हैं। वहीं, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, बीजेपी सांसद रवि शंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी समेत प्रदेश भाजपा के कई नेता मौजूद हैं।

बिजली बिल जमा कर कनेक्शन लेने को लेकर पिता-पुत्र में झड़प

# गला दबाकर पुत्र ने की पिता की हत्या, हुआ गिरफ्तार

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीगंज गांव में मंगलवार की रात एक बेटे ने गला दबाकर अपने पिता की जान ले ली। पिता की मौत के बाद घटनास्थल पर पहुंची मदनपुर थाने की पुलिस ने पुत्र को गिरफ्तार कर शव का देर रात पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। मृतक पिता की पहचान महेंद्र प्रसाद तथा हत्यारे पुत्र की पहचान संदीप कुमार के रूप में की गई है। मदनपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि पिता पुत्र रानीगंज में ही संयुक्त रूप से लिट्टी,चोखा और चाय की एक गुमटी चलाते थे। बिजली बिल बकाया रहने के कारण उनके घर का कनेक्शन पिछले 15 दिनों से कटा हुआ था। बीती रात पिता पुत्र घर लौटे तो पुत्र ने बकाया पैसे जमाकर पिता से कनेक्शन जुड़वाने की बात कही। उस दौरान घर के सभी सदस्य मौजूद थे। लेकिन पैसे की तंगी को लेकर पिता ने असमर्थता जताई और बेटों को ही मिलकर बिल जमा करने की बात कही। इसी बात को लेकर पिता पुत्र में जमकर तकरार हुई और पुत्र संदीप ने पिता की गला दबा दी। पिता के गिरते ही परिवार के अन्य सदस्य उन्हे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए जहां चिकित्सकों ने पिता महेंद्र प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने हत्या कर फरार हो रहे पुत्र संदीप को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संदर्भ में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने की चुनाव कर्मियों की ब्रीफिंग



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में औरंगाबाद में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने संयुक्त रूप से शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज मे सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग की। चुनाव से संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब तक की गई कार्रवाई में अबतक 2082 गिरफ्तार : एसपी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए औरागाबाद पुलिस के द्वारा की कार्रवाई एवं उपलब्धियां से संबंधित जानकारी एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बुधवार को दी है। इस संबंध में उन्होंने एक विडियो बयान जारी कर बताया कि विभिन्न मामलों में अभी तक 2082 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अवैध शराब कारोबारियों,माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 16,590 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। जिसकी कीमत 40 लाख रुपए हैं।इसके अतिरिक्त दियारा क्षेत्र में छापेमारी करते हुए 220500 किलो जावा महुआ के साथ अवैध रूप से संचालित 55 भट्टी को विनष्ट किया गया है। सभी मुख्य चौक चौराहों पर सघन वाहन जांच करते हुए परिवहन नियमों का उलंघन करने वालों से 8 लाख रुपए जुर्माना वसूल किए गए। इसके अतिरिक्त 21 अवैध आग्नेयास्त्र के साथ 44 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। साथ ही लोकसभा चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए 104 व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए के प्रस्ताव समर्पित करते हुए उन्हें थाना बदर किया गया है। मतदान कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लगभग 13000 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई किए गए है। एसपी ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान के तहत गया, औरंगाबाद पुलिस के द्वारा ज्वाइंट ऑपरेशन चलाए गए। जिसमें विस्फोटको की भी बरामदगी की गई है। साथ ही नक्सली क्षेत्र में विशेष सुरक्षा के प्रावधान किए गए है। उन्होंने बताया कि बूथों पर सुरक्षा के व्यापक रूप से प्रबंध किए गए हैं। एसपी ने बताया कि मल्टी लेवल सुरक्षा पर हम सब नें भरोसा जताया है। ड्रोन के माध्यम से संवेदनशील इलाकों पर निगरानी रखी जाएगी।

# एजेपीआर ने की आरजेडी कैंडिडेट को समर्थन की घोषणा



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** आम जनता पार्टी(राष्ट्रीय) ने औरंगाबाद से आरजेडी कैंडिडेट अभय कुशवाहा को समर्थन देने की घोषणा की है। एजेपीआर के औरंगाबाद लोकसभा प्रभारी सुदर्शन चंद्रवंशी, महिला नेत्री उमा देवी एवं जिलाध्यक्ष विनय चंद्रवंशी ने बुधवार को यहां प्रेसवार्ता में बताया कि पार्टी के औरंगाबाद से प्रत्याशी नामांकन करने में सफल नही हो पाए थे। इसी कारण पार्टी ने समान विचारधारा वाले दल और गठबंधन के आरजेडी कैंडिडेट अभय कुशवाहा को समर्थन देने का फैसला लिया है। पार्टी के नेता-कार्यकर्ता अपने समर्थको से सपर्क कर आरजेडी को वोट दिलाएंगे। प्रेसवार्ता में सुधीर कुमार, विक्की कुमार, कुसुम देवी एवं पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# खुले में निर्माण कार्य होने से हवा में फैला धूलकण

निज संवाददाता



**पटना।** धूलभरी हवा और खुले में निर्माण सामग्री होने से शहर का वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में पहुंच गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से जारी राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक में पटना का 233 है। वहीं अन्य शहरों में छपरा का 281, हाजीपुर का 270 और मुजफ्फरपुर का 225 रहा। सूबे के चार शहरों की हवा बुधवार को खराब श्रेणी में पहुंच गई है।

धूलकण की मात्रा अधिक होने का प्रमुख कारण शहरी क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरणीय नियमों का पालन नहीं किया जाना भी है। निर्माण स्थल पर बालू और मिट्टी सड़क या इससे सटा हुआ रख जा रहा है। वहीं निर्माण सामग्री को ढंका भी नहीं जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर गांधी मैदान क्षेत्र में देखा जा रहा है। गांधी मैदान की हवा बहुत खराब हो चुकी है। यहां का सूचकांक 315 है। गर्मी के मौसम में तापमान अधिक होने और हवा की गति तेज होने के बावजूद यहां की हवा में धूलकण मानक से छह गुना अधिक होना खतरनाक माना जा रहा है। गांधी मैदान से सटे अशोक राजपथ पर बन रहे डबल डेकर पुल के लिए निर्माण सामग्री खुले में रखी गयी है। सड़क के दोनों तरफ मिट्टी और बालू की आंधी चल रही है। वहीं दानापुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 224, समनपुरा का 278, राजवंशी नगर 205,पटना सिटी 212 और तारामंडल क्षेत्र की हवा सूचकांक 166 है।

# आग से बचाव की जानकारी

**पटना(नि.सं.)।** राज्य में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत पटना समेत अन्य शहरों में आम लोगों के अलावा सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर जाकर आग से बचाव की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में पटना के निजी और सरकारी स्कूलों के अतिरिक्त दुकानों, मॉल समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जाकर अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने लोगों के बीच इससे बचाव की जानकारी दी।

# औरंगाबाद में थम गया चुनाव प्रचार का शोर, 19 अप्रैल को इवीएम में कैद हो जाएगी उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद संसदीय सीट के लिए बुधवार 17 अप्रैल को शाम 5 बजे चुनाव प्रचार प्रसार का शोर थम गया। यहां से एनडीए की ओर से बीजेपी के सुशील कुमार सिंह प्रत्याशी है। वही इंडी गठबंधन की ओर से राजद के अभय कुशवाहा मैदान में हैं। वैसे तो कुल 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों उम्मीदवारों के बीच बताया जा रहा है। अब 19 अप्रैल को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर इन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद कर देंगे। औरंगाबाद लोकसभा के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक थी। नामांकन करने के बाद प्रत्याशी अपने चुनावी प्रचार अभियान में जुड़ गए थे। एक पखवाड़े से अधिक समय तक चुनाव प्रचार चलता रहा। प्रमुख दलों के प्रत्याशी अपने चुनाव प्रचार के दौरान जनता से कई वादे किए। अब जनता तय करेगी कि औरंगाबाद से लोकसभा का ताज किसके सिर बंधेगा। फिलहाल औरंगाबाद में लोकसभा सीट की लड़ाई आमने-सामने की बनी हुई है। मुकाबला कांटे का है। दोनो प्रत्याशी ताकतवार है। एक तीन बार से लगातार सांसद है। दूसरे पूर्व विधायक हैं।

# ब्लड बैंक के लाइसेंस के लिए ऑनलाइन लिए जाएंगे आवेदन

निज संवाददाता

पटना। ब्लड बैंक के लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। नवीनीकरण भी ऑनलाइन के जरिये होगी। लाइसेंस जारी करने की पूरी कार्रवाई ऑनलाइन नेशनल ड्रग्स लाइसेसिंग सिस्टम (ओएनडीएलएस) के माध्यम से होगी। इस संबंध में राज्य औषधि नियंत्रक सह मुख्य अनुज्ञापन प्राधिकारी उदय शंकर ने सभी उप औषधि नियंत्रक, सहायक औषधि नियंत्रक और औषधि निरीक्षक को पत्र भेजा है।

पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार के निर्देश पर देश भर में ब्लड बैंक के लाइसेंस के लिए सभी प्रकार के आवेदन नया लाइसेंस आवेदन एवं नवीनीकरण आवेदन को केंद्र द्वारा विकसित एकीकृत पोर्टल ऑनलाइन नेशनल लाइसेसिंग सिस्टम के माध्यम से किया जाना है। भारत सरकार के निर्देश के बाद निर्णय लिया गया है कि प्रथम चरण में पत्र निर्गत तिथि से राज्य में ब्लड बैंक से संबंधित लाइसेंस के लिए आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में ऑनलाइन नेशनल ड्रग्स लाइसेसिंग सिस्टम के माध्यम से स्वीकार या जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ब्लड बैंक से संबंधित अन्य सभी तरह के आवेदनों की स्वीकृति एवं संबंधित सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों जो ऑनलाइन नेशनल ड्रग्स लाइसेसिंग सिस्टम में उपलब्ध है, उसे इसी माध्यम से ही स्वीकार या जारी किया जाएगा।

# पूर्व डिप्टी सीएम एवं राजद नेता तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर साधा निशाना

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर संविधान को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का संविधान देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। भाजपा नेता और प्रत्याशी एक सुर में इस पवित्र ग्रंथ को नष्ट करने की बात कर रहे हैं। अगर कोई संविधान बदलने की बात करता है तो समझ लीजिए कि वह आपके अधिकारों का हनन करना चाहता है। तेजस्वी यादव ने कहा अगर संविधान बदला गया तो ये वंचित, उपेक्षित, पीड़ित और गरीब वर्ग के लोगों का आरक्षण छीन लेंगे। अगर संविधान बदला गया तो जन कल्याणकारी योजनाओं, नौकरियों और छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलेगा। भाजपा के लोगों की मंशा ठीक नहीं है। तेजस्वी यादव ने परिवारवाद से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा है कि मोदी लिख कर दें कि किसी बाल बच्चे वाले को टिकट नहीं देंगे। ऐसी किसी पार्टी से गठबंधन भी नहीं करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास गिनाने के लिए कुछ नहीं है। कायदे में उन्हें अपनी उपलब्धियां गिनानी चाहिए। दो टूक कहा कि बिहार की लोकसभा सीटों के परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं जा रहे हैं। कहा कि संविधान खत्म होने वाले खुद ही खत्म हो जायेंगे।

# राज्य में परिवार नियोजन साधनों के इस्तेमाल में दोगुने से अधिक हुई बढ़ोतरी

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में परिवार नियोजन के साधनों के इस्तेमाल में दोगुना से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2015-16 में बिहार में 24.1 प्रतिशत लोग ही परिवार नियोजन के किसी साधन का इस्तेमाल करते थे, जो वर्ष 2019-20 में बढ़कर 55.8 प्रतिशत हो गई। इसमें मुजफ्फरपुर ने सर्वाधिक बढ़ोतरी दर्ज की है। पिछले सर्वेक्षण में मुजफ्फरपुर में केवल 9.2 प्रतिशत लोग ही परिवार नियोजन के किसी साधन का इस्तेमाल करते थे, जो बढ़कर 66.1 हो गई। इस तरह मुजफ्फरपुर में 5 वर्षों में लगभग 57 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दूसरे स्थान पर 50.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ समस्तीपुर और तीसरे स्थान पर 48.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ गोपालगंज है।

# मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्त्तव्य भी : राज्यपाल


निज संवाददाता



**पटना।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लोकसभा चुनाव, 2024 के प्रथम चरण में बिहार के औरंगाबाद, गया, नवादा एवं जमुई संसदीय क्षेत्रों में होनेवाले चुनाव में मतदाताओं से उत्साहपूर्वक मतदान करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्त्तव्य भी है। उन्होंने मतदाताओं से धर्म, जाति, निजी लाभ आदि संकीर्ण भावनाओं से ऊपर उठकर बिना किसी भय के मतदान करने को कहा है। उन्होंने कहा कि हर मतदाता का मत भारत में लोकतंत्र को मजबूत करेगा तथा देश एवं राज्य के विकास की उनकी परिकल्पना को साकार रूप देगा। युवा पीढ़ी विशेषकर, पहली बार मतदाता बने युवाओं को उनके सुदृढ़ भविष्य के लिए जरूर मतदान करना चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से कहा है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और मतदान के दिन सब काम छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें |

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक




आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.

प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433